संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज    समूह संपादक : रवि भारद्वाज    नई दिल्ली, मंगलवार 17 जून 2025 ₹ 2    www.actionindialive.com    facebook.com/actionindialive



दीपक कुमार की पुस्तक 'हमारे प्रेरणा स्रोत द्वापर के श्रीकृष्ण' का नई दिल्ली में विमोचन करती दीदी माँ साध्वी ऋतंभरा और दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता व अन्य।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23    वर्ष: 19 अंक: 165 पृष्ठ: 12    RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com    राष्ट्रीय संस्करण    दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## पीएम की साइप्रस यात्रा ने भारत को नई दिशा दी

□ साइप्रस के दो दिवसीय दौरे पर हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। □ पीएम मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान। □ पीएम मोदी को 'ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारिओस III' से नवाजा गया। □ दोनों देशों के विदेश मंत्रालय इस कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे।

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ऐतिहासिक साइप्रस यात्रा ने भारत की वैश्विक कूटनीति को नई दिशा दी है। अपनी दो दिवसीय यात्रा (15-16 जून) के दौरान प्रधानमंत्री ने साइप्रस की एकता, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति भारत की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। द्विपक्षीय संबंधों की दिशा तय करने के लिए 2025 से 2029 तक की एक विस्तृत 'एक्शन प्लान' तैयार करने पर सहमति बनी। दोनों देशों के विदेश मंत्रालय इस कार्य योजना के कार्यान्वयन की निगरानी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स के साथ आज औपचारिक वार्ता की। राष्ट्रपति भवन पहुंचने पर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। एक दिन पहले राष्ट्रपति स्वयं एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए





पहुंचे थे। यह दोनों देशों की गहरी मित्रता को दशार्ता है।दोनों नेताओं ने साझा मूल्यों, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा और भारत के साथ एकजुटता के लिए साइप्रस का आभार जताया। साथ ही उन्होंने साइप्रस की एकता और 'साइप्रस प्रश्न' के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। उन्होंने व्यापार, निवेश, स्टार्टअप, रक्षा, फिनटेक, एआई, साइबर व समुद्री सुरक्षा सहित सहयोग के नए क्षेत्रों पर सहमति जताई। दोनों पक्षों ने रणनीतिक सहयोग के लिए पांच वर्षीय रोडमैप बनाने का निर्णय लिया।

### मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

**नई दिल्ली।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान ह्यग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस III प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मैत्री और सहयोग के प्रतीक के रूप में दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर फोटो साझा करते हुए इसे भारत-साइप्रस मैत्री और साझी वैश्विक दृष्टि का सम्मान बताया। यह सम्मान दोनों देशों के बीच स्थायी और विश्वसनीय संबंधों का प्रमाण है। सम्मान स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया।

### पीएम के प्रधान सचिव ने गुजरात में बुनियादी परियोजनाओं की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. पी. के. मिश्रा ने गुजरात के धोलेरा और लोथल में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करते हुए साइट निरीक्षण और उच्च स्तरीय समीक्षा बैठकें कीं। ये परियोजनाएं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के औद्योगिक और आर्थिक विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। डॉ. मिश्रा ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कार्यान्वित निमार्णाधीन अहमदाबाद-धोलेरा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे का दौरा किया। अहमदाबाद और धोलेरा के बीच यात्रा समय को 45 मिनट तक कम करने की एक्सप्रेसवे की क्षमता पर प्रकाश डाला और वैश्विक गुणवत्ता वाले सड़क मानकों के साथ समय पर निष्पादन पर जोर दिया।

## एनडीएमए, एनडीआरएफ ने भारत को बनाया वैश्विक नेता

□ 90 दिन में जिला आपदा प्रबंधन की योजना बनाने का निर्देश दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में कहा कि पिछले 10 वर्षों में एनडीएमए, एनडीआरएफ और सीडीआरआई ने भारत को आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनने के करीब पहुंचा दिया है। केन्द्रीय मंत्री राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के राहत आयुक्तों तथा आपदा मोचन बलों के दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। अमित शाह ने राहत आयुक्तों से कहा कि कई सारे जिलों में आपदा प्रबंधन योजना बनानी बाकी है। क्या हम तय कर सकते हैं कि यहां से जाने के बाद 90 दिन में प्रत्येक राज्य में हर जिला की आपदा प्रबंधन योजना बनाने का काम समाप्त कर देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक जिला की आपदा प्रबंधन योजना नहीं होगी तब तक आपदा से तेजी से लड़ना संभव नहीं है। आकाशीय बिजली से निपटने के उपायों को लेकर उन्होंने कहा कि आमतौर पर ऐसा माना जाता है कि आकाशीय बिजली से लोगों को बचाना संभव नहीं लेकिन आज विज्ञान बहुत आगे जा चुका है। उन्होंने इस पर कार्य योजना बनाकर 90 दिनों में केन्द्र के साथ साझा करने का निर्देश दिया। शाह ने ओला गिरने और शीत लहर को लेकर राज्यों




**योजना**

□ आपदा आए ही नहीं ऐसी योजना बनानी होगी। पर्यावरण संरक्षण के बिना यह संभव नहीं

और केन्द्र शासित प्रदेशों की कार्य योजना नहीं बनने पर भी चिंता जताई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमने जीरो कैजुअल्टी अप्रोच के साथ आगे बढ़ने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि हमें आपदा से लड़ने की तैयारी तो करनी ही है साथ ही आपदा के कारणों के मूल में भी जाना होगा। उन्होंने जलवायु परिवर्तन को आपदा का मुख्य कारण बताते हुए कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए आगे बढ़ना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत सरकार ने जो काम किया है, वह अतुलनीय है।

## रूपाणी का पार्थिव शरीर 'गार्ड ऑफ ऑनर' के बाद परिजनों को सौंपा

□ लोकहित के कार्यों को स्मरण करते हुए विजय रूपाणी को श्रद्धासुमन अर्पित किए।



**टीम एक्शन इंडिया**

**अहमदाबाद।** एयर इंडिया विमान दुर्घटना में मारे गए गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजयभाई रूपाणी का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर डीएनए मिलान के बाद सोमवार को परिवार को सौंप दिया गया। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में राज्य सरकार के प्रोटोकॉल के अनुसार 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

उनकी अंतिम यात्रा राजकोट में निकाली जाएगी और इसके बाद अंतिम संस्कार होगा। दिवंगत विजय रूपाणी की पत्नी अंजलि रूपाणी अपने बेटे ऋषभ रूपाणी के साथ अहमदाबाद सिविल अस्पताल के शवगृह पहुंचीं। सिविल अस्पताल में श्रद्धांजलि अर्पित करने के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को उनकी धर्मपत्नी, पुत्र और परिवारजनों को संपूर्ण सम्मान के साथ सौंपा गया। संपूर्ण प्रक्रिया राज्य के प्रोटोकॉल एवं श्रद्धा के साथ पूरी की गई। राज्य सरकार ने उनके दूरदर्शी नेतृत्व, सार्वजनिक जीवन में नैतिकता और करुणा, तथा लोकहित के कार्यों को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## जनता की सेवा हमारे डीएनए में, हम सेवक हैं शासक नहीं : राजनाथ

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल/पचमढ़ी।** सभी सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें, क्योंकि संगठन तब भी था जब सत्ता नहीं थी। कार्यकताओं को सम्मान दें और उनकी बात सुनें क्योंकि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं। जनता का भरोसा और कार्यकताओं का परिश्रम ही भाजपा की असली ताकत है। जनता का भरोसा जीतें और हर संकट के समय सबसे



पहले जनता के बीच पहुंचें। महापुरूषों की विचारधारा को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करें। हमारा उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, जनता की सेवा है, इसलिए हमने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं इसलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी।

हमारे लिए राष्ट्र निर्माण और विचारधारा सबसे प्रथम है। सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पचमढ़ी में आयोजित तीन दिवसीय भाजपा सांसद एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है।

## बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से नौ की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार में सोमवार को बक्सर, पश्चिम चंपारण, लखीसराय और कैमूर में आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। इसमें बक्सर में चार, पश्चिम चंपारण में तीन और लखीसराय व कैमूर में एक-एक शख्स की मौत हुई है। मृतकों में दो महिलाएं और दो छात्र शामिल हैं जबकि कई बच्चे और अन्य लोग घायल हुए हैं। बक्सर जिले के अलग-अलग हिस्सों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई और पांच युवक झुलस गए। इनका इलाज चल रहा है। मुफस्सिल थाना के चौसा थाना घाट के समीप तीन लोगों की मौत हुई है। राजपुर थाना के दवेढ़ियां गांव में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई है। दोपहर दो बजे के लगभग अचानक मौसम बदला और बादल गरजने के साथ थाना घाट चौसा के समीप बिजली गिरी। वहां कुछ लोग भैंस चरा रहे थे और पास में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दुर्घटना में विरेन्द्र गोंड (50) पुत्र स्व सूरज गोंड, मिथिलेश राम (22) बलिराम राम एवं श्रीभगवान उर्फ झोला यादव (50) निवासी नरबतपुर की मौत हो गई।

## पटाखा फैक्टरी विस्फोट में 4 की मौत व 8 घायल

**टीम एक्शन इंडिया**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अतरासी गांव के खेत में सं?चालित पटाखा फैक्टरी में सोमवार को भीषण विस्फोट में चार महिलाओं की मौत हो गई है। जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विस्फोट के मृतकों की शिनाख्त हो गई है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख जताया है।

मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।



रजबपुर थाना क्षेत्र, अतरासी गांव के जंगल में अवैध तरीके से एक पटाखा फैक्टरी संचालित हो रही थी। रोजाना की तरह यह पर लोग काम कर रहे थे, इसी दौरान फैक्टरी में विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि बिल्डिंग की टीनशेड और दीवारें गिर गई। इमारत के मलबे में कई लोग दब गए। इस घटना से पूर इलाके में हड़कंप मच गया।

## मणिपुर में तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर में सुरक्षा बलों को दो अलग-अलग अभियानों में केसीपी के तीन सक्रिय उग्रवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि पहली कार्रवाई इंफाल ईस्ट जिले के लामलै थाना क्षेत्र के सावोम्बुंग पुल के पूर्वी छोर पर की गई, जहां से केसीपी (एमसी प्रोग्रेसिव) के सक्रिय सदस्य ताखेल्लम्बम गांधी सिंह उर्फ थोउबा (25) को पकड़ा गया। वह थौबल जिले के थौबल एमआई रोड, नोंगांगखोंग लाई लेइराक का निवासी है तथा वर्तमान में पुंगडोंगबम अवांग लेइराक, इंफाल ईस्ट में रह रहा था।

**कैबिनेट फैसले** *इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ाना, सिंचाई दक्षता में सुधार करना*

## सीएम सैनी ने जल संसाधन विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार सिंचाई एवं जल ढांचे को मजबूत करने के लिए दृढ़ एव ठोस कदम उठा रही है, जिसके तहत सिंचाई और जल संसाधन विभाग के अंतर्गत पांच प्रमुख परियोजनाएं क्रियान्वित हो रही हैं, जिनमें से प्रत्येक में 100 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया है। इन परियोजनाओं का उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ाना, सिंचाई दक्षता में सुधार करना शामिल है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी आज यहां सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की



विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि परियोजनाओं की इंजीनियरिंग ड्राइंग में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। ड्राइंग के अनुमोदन में देरी के चलते परियोजनाओं के क्रियान्वयन में विलंब होता है। उन्होंने ड्राइंग में अनुमोदन में देरी के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने परियोजनाओं में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार से समझौता नहीं किया जाएगा। श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दादूपुर से हमीदा हेड तक नई समानांतर लाइन चैनल (पीएलसी) और डब्ल्यूजेसी का आधुनिकीकरण 274.87 करोड़ रुपये के साथ किया जा रहा है। इस परियोजना का लक्ष्य गैर-मानसून अवधि के दौरान हथिनीकुंड बैराज से होने वाले रिसाव के नुकसान को कम करना है। अब तक 64.5 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। परियोजना को मार्च, 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डब्ल्यूजेसी ब्रांच तक ऑग्मेंटेशन नहर का पुनर्निर्माण 383 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है।



# सद्गुरु संत कबीर दास जी का 627वां प्रकटीकरण दिवस मनाया गया

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत:** संत कबीर समाज संप्रदाय सेवा समिति कबीरपुर वार्ड 13 के द्वारा कबीरपुर की धानक चौपाल में सद्गुरु संत कबीर दास जी का 627वां प्रकटीकरण दिवस मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि निखिल मदान, कार्यक्रम के प्रमुख राजीव जैन, मेयर एवं पूर्व मीडिया सलाहकार मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के और मुख्य अतिथि के रूप में मेटल लीडर, नगर निगम 13, बीओ कर्मवीर सेवी सेवी शामिल हैं। नकीन मेहरा, कानूनी सलाहकार, भाजपा के वरिष्ठ नेता और समाज सेवी लक्ष्मीनारायण, पूर्व सेना अध्यक्ष सनभान निर्माण हेडमास्टर रा प्रधान चौधरी, मीडिया प्रभारी विनोदवाल, सूक्ष्म जिला सचिव भाजपा पवन दुग्गल, विकेश मेहरा, समाज सेवी रामशीला रंग, सत्यवान बालकवाल, सुशील स्टॉकियान, आजाद सिंह मुंदरिया, विशिष्ट अतिथि रेल मंच के प्रमुख ऑपरेशन दीपक कुमार मठ ने सफलता हासिल की। दो मंत्र व भजनो से गुणगान करके मुग्ध ने कहा, दो मंत्र व भजनो से गुणगान करके मुग्ध किया एल पुजारी समिति के पूजनीय सूरज कुमार व प्रधान शाम लाल दिवान व अन्य



पूजने वालों ने पुष्प गुच्छ व फूल मालाओ से आए हुए शिष्य का अभिनंदन किया एल स्वागत संदेश देते हुए कहा कि सद्गुरु संत कबीर दास जी ने अपनी वाणी से कहा

जिस प्रकार से सर्व समाज का स्वागत किया गया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के प्रमुख प्रधान मंत्री जी का हमेशा के लिए आरक्षित रहने के लिए कहा गया है कि कनाडा के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के प्रमुख प्रधान मंत्री जी के पास जो भी मानक समाज है, उनके पास लगभग 400 से 500 प्रतिशत लोग हैं। समाज के सार्वजनिक, धार्मिक व गरीब बच्चों की शादी और समाज के कार्यक्रम को करने में अति कांपना हो रही है ' यह चौपाल कबीरपुर के अंदर छोटी और तंग गलियों में होने के कारण चौपाल के अंदर कोई भी चार पहिया वाहन नहीं जा सकता' अगर कोई बाहर का मेहमान है तो उसकी अपनी टिकट बाहर खादी लेकर ही पैदल चौपाल तक आ सकती है। वी मेयर राजीव जैन ने कहा कि साधु संत कबीर दास जी ने सर्व समाज को एकता का संदेश दिया है।

नमस्ते मानव जाति का कल्याण कर रही है हेल संत दास जी ने जुलाहे के रूप में दिखाई दुनिया को पाखंडवाद से मुक्ति दिलाकर नए समाज की स्थापना की है एल कबीरपुर की धाक समाज की चौपाल के अंदर होने के कारण धानक समाज की गंभीर समस्या आ रही है इतनी जल्दी से जल्दी कबीरपुर वार्ड 13 नगर निगम में धाक के समाज हित के लिए धार्मिक अनुष्ठान के लिए धाक चौपाल की मान्यता दी गई और कबीरपुर के सरकारी स्कूल की स्थापना की गई।

संत कबीर दास जी ने कहा कि संत कबीर दास जी ने दुनिया को हमेशा सलाह देने का काम किया है। चौपाल की मांग और कबीर के स्कूल के स्टूडियो के लिए सटीक समय से चल रही है जिसे नेता, मेयर और प्रशासन के साथ मिलकर जल्द ही हल किया जाएगा।

## जरूरतमंदों का सहारा बनेगा सतयुग दर्शन ट्रस्ट

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक
**कुरुक्षेत्र** : सतयुग दर्शन ट्रस्ट रजिस्टर्ड फरीदाबाद जुलाई माह में जरुरतमंदों को खाना, कपड़ों का दान और आर्थिक सहयोग की मुहिम चलाएगा। फरीदाबाद में भूपानी स्थित प्रसिद्ध सतयुग दर्शन ट्रस्ट जोकि महाबीर सत्संग सभा का विस्तारित रूपांतरण है। इसके माध्यम से अध्यात्मिक ज्ञान और मानवीय मूल्यों के प्रसार के साथ-साथ दान को लेकर भी चर्चा में रहती है। संस्था ने इस बार तय किया है कि आगामी जुलाई पूरा माह विश्व में जहां-जहां भी संस्था द्वारा महाबीर सत्संग सभाएं चल रही हैं, वहां आसपास रहने वाले सभी जरूरतमंद बेसहारा लोगों को भोजन और कपड़ों आदि का वितरण किया जाएगा।

## अधिकारियों की रुचि से ही होगा लोगों की समस्याओं का समाधान



टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, ( कमाल हुसैन )
हरियाणा सरकार के बड़े कर्यक्रम के तहत जिले व उपमंडल स्तर पर सप्ताह में दो दिन आयोजित किए जा रहे जनता समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं का अधिकारियों द्वारा रूचिपूर्वक समाधान किया जाता है। उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समस्याओं के समाधान को लेकर ठोस निर्णय लें। नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए समय दें। जब तक अधिकारी रुचि नहीं लेंगे समस्याओं का समाधान कैसे होगा। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने को लेकर रुचि लेने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि जो समस्याएं समाधान शिविर में पहुंच रही है उनमें इस मुहिम का साफ असर दिखाई पड़ रहा है व इसमें प्रशासन को अच्छी खासी सफलता मिल रही है। नागरिक समाधान शिविर में निःसंकोच होकर अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं व उनका समाधान करवा रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरे दो घंटे समर्पित भाव से देते हैं। नागरिकों को भी अधिकारियों के सम्पर्ण व प्रतिबद्धता का सम्मान करना चाहिए।

समाधान शिविर में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने कहा कि जनता समाधान शिविर में व्यक्तिगत रूचि लेकर इस कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। आम जन की समस्याओं का समाधान हो रहा है उससे शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में परिवर्तनकारी बदलाव की झलक साफ दिखाई पड़ रही है।

जनता समाधान शिविर में निगम संयुक्त आयुक्त डॉ संजय व नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि अधिकारियों को शिविर में रूचि लेनी होगी तभी समस्याओं का समाधान होगा।

उन्होंने इस कार्य में ज्यादा से ज्यादा समय देने के अधिकारियों को निर्देश दिये। सोमवार को जनता समाधान शिविर में जिले के नागरिकों ने पैंशन, फैमिली आईडी में इनकम कम करवाने, आधारकार्ड व पुलिस विभाग से जुड़ी 32 समस्याएं दी।उपायुक्त ने सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रार्थी नरेश वास छाजपुर ने सोलर पैनल में सब्सिडी दिलवाने के लिए प्रशासन से अनुरोध किया।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अभिषेक,** पुत्र महेन्दर, निवासी बी-2/ए, गाँव गमड़ी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 278/19 धारा 135 आई.ई. एक्ट. थाना भजनपुरा, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अभिषेक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रुप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अभिषेक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 278/19 धारा 135 आई.ई. एक्ट. थाना भजनपुरा, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अभिषेक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **04.08.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री आशीष रस्तोगी,**
**अतिरिक्त सत्र न्यायधीश-05-cum-ASJ (विद्युत),**
**उत्तरी जिला कोर्ट नं. 21, प्रथम तल,**
**कड़कड़डूमा न्यायलय, दिल्ली।**
DP/7474/NE/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) सुमित कुमार पुत्र** स्व0 श्याम कुमार, **निवासीः** C-5/102, सुल्तान पुरी, नई दिल्ली, **(2) किरण पत्नी** मोहन लाल, **निवासीः** C-1/310, सुल्तान पुरी, नई दिल्ली, ने **FIR No. 496/21, U/S 420/34 IPC, Dt 5/12/21, पुलिस स्टेशन सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सुमित कुमार (2) किरण** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **(1) सुमित कुमार (2) किरण** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 496/21, U/S 420/34 IPC, Dt 5/12/21, पुलिस स्टेशन सागरपुर, दक्षिण-पश्चिम जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **(1) सुमित कुमार (2) किरण** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हों।

आदेशानुसार
सुश्री ईशा सिंह
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,18, प्रथम तल,
मुख्य भवन, पटियाला हाउस कोर्ट, दिल्ली
DP/7780/SW/2025
(Court Matter)

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिरुद्ध उर्फ अंकित उर्फ छोटू पुत्र शिव प्रसाद निवासी 107, कल्याणी कुंज के सामने, धर्मपाल का मकान, राजपुरा, गुड़मंडी, दिल्ली** ने **FIR No. 456/2022, U/S 308/34 IPC, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध उर्फ अंकित उर्फ छोटू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध उर्फ अंकित उर्फ छोटू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 456/2022, U/S 308/34 IPC, अन्तर्गत थाना मॉडल टाउन, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिरुद्ध उर्फ अंकित उर्फ छोटू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री अंजू बजाज चांदना
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (उत्तरी जिला)
कमरा नंबर 404, चतुर्थ तल
जिला न्यायालय, रोहिणी, दिल्ली
DP/7711/NW/2025(Court Matter)

### उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना**

पत्र सं. 128-W-269-O.E.T.-03-A-B-NRCH-25-26 दिनांक : 16.06.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, निदेशक/एडमिन, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए e-निविदाए आमन्त्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | समापन अवधि | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30.06.2026 को समाप्त होने वाली अवधि के लिए केंद्रीय अस्पताल का वार्षिक जोन कार्य। | रु. 1199999.97 | रु. 210000/- | 12 माह | 08.07.2025 |
| 2. | वरिष्ठ अनुभाग इंजीनियर/कार्य/उत्तरी रेलवे केंद्रीय अस्पताल के अनुभाग में उत्तरी रेलवे केंद्रीय अस्पताल भवन में लकड़ी के काम, स्टील के काम के लिए पेंटिंग और पॉलिशिंग। | रु. 5499998.02 | रु. 110000/- | 06 माह | 08.07.2025 |

सुचनाः निविदा रेलवे की वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है तथा इसी वैबसाइट पर 08.07.2025 15:00 बजे तक ही भरी जाएगी।

1784/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सचिन गुप्ता** पुत्र विवेक कुमार गुप्ता निवासी डी-7, राजपुर, छतरपुर, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 475/20 धारा 33/38/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सचिन गुप्ता** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सचिन गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 475/20 धारा 33/38/58 दिल्ली आबकारी अधिनियम थाना राजौरी गार्डन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सचिन गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **21.07.2025** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री शशांक नंदन भट्ट,**
**न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-02 (पश्चिम),**
**कमरा नं. 356, तृतीय तल,**
**तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली।**
DP/7618/WD/2025

### आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल/मेड / Rate Contract दिनांक - 10.06.2025 के माध्यम से एकल पैकेट प्रणाली पर आधारित खुली ई-निविदा भारतीय रेल पोर्टल www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** कार्य क्षेत्र के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली चिकित्सालय में एक वर्ष के लिए दैनिक आधार पर दवाओं के स्थानीय खरीद की आपूर्ति के लिए फर्मों, स्टाकिस्टो एवं खुदरा विक्रेताओं के पंजीकरण का दर अनुबंध। **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में) : ₹30,00,000.00, अमानत राशि (₹ में) : ₹ 60,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्यः** निशुल्क, **कार्य समापन की अवधि** : 12 माह। फर्म आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली के नजदीक स्थित होनी चाहिए।, **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** : दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक।, **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समयः** दिनांक 10.07.2025 को 15.30 बजे तक। **ई-निविदा प्रपत्र जमा करने की अवधिः** निविदा खुलने की तिथि से 30 दिन पूर्व (11.06.25 से 10.07.25), ई- निविदा सूचना और नियम एवं शर्ते वेबसाइट सं. http://www.ireps.gov.in और www.mcf.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

**प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**निविदा संख्या** :- Re-CAMC-SBFM-25-26-120

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/एम&पी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिये निविदा सूचना संख्या **Re-CAMC-SBFM-25-26-120** नियत तिथि-**04.07.2025** जारी की जाती हैं। यह खुली ई. निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मों को आमंत्रित की जाती है- यह निविदा द्वि पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्षों के लिए शीट मेटल शॉप में स्थापित स्पेयर पार्ट्स सहित 01 नग सीएनसी स्ट्रेच बेंडिंग और फॉर्मिंग मशीन (एसबीएफएम) का व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध।, **कार्य की अनुमानित लागत ₹ में :** ₹1,06,80,430.00 (₹ एक करोड़ छह लाख अस्सी हजार चार सौ तीस रूपये मात्र), **धरोहर राशिः** ₹ 2,03,400.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** ₹.5,000.00, **कार्य समापन की अवधि :** दो वर्ष (24 माह), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2025 को 15:30** बजे। विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं।

**कार्य प्रबन्धक/एम0 एण्ड पी0, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली**

**निविदा संख्या** : CAMC-Chiller-2025-049, **नियत तिथिः** 04.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य परियोजना प्रबंधक-।।।/एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली, लालगंज द्वारा निम्नलिखित कार्यो के लिये निविदा सूचना संख्या CAMC-Chiller-2025-049, नियत तिथि 04.07.2025 जारी की जाती है। यह खुली ई-निविदा भारतीय रेलवे पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से प्रतिष्ठित फर्मो को आमंत्रित की जाती है। यह निविदा दो पैकेट प्रणाली पर आधारित है। **कार्य का नामः** 02 नग चिलर्स के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (सीएएमसी) (निर्माता -मेसर्स किर्लोस्कर चिलर्स, जो एफडब्ल्यूपी के सहायक क्षेत्र में स्थापित है)।", **कार्य की अनुमानित लागत रुपया में :** ₹85,63,472.40 (₹ पचासी लाख तिरेसठ हजार चार सौ बहत्तर रुपये और चालीस पैसे मात्र) 18% जीएसटी सहित।, **धरोहर राशि :** ₹1,71,300.00 (₹ एक लाख इकहत्तर हजार तीन सौ रुपये) मात्र।, **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹ 5000.00 (₹ पाँच हजार मात्र), **निविदा बंद होने की अंतिम तिथि एवं समय 04.07.2025 को 15:30** बजे।, विस्तृत निविदा सूचना, टर्म्स एवं कंडीशन आदि की जानकारी भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप मुख्य परियोजना प्रबंधक- ।।। /एफडब्ल्यूपी, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अल्ताफ, पुत्रः शेरदीन, पताः मकान नं. 213, घरोंड़ा नीमका बांगर, पटपड़गंज गांव, दिल्ली-91** ने **FIR No. 649/2022, Dated: 19.10.2022, U/s: 20/27/29 NDPS Act, पुलिस थाना पांडव नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अल्ताफ** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है की **अल्ताफ** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना पांडव नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **अल्ताफ** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **17.07.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री आलोक शुक्ला
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश - 02
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस) पूर्व, कोर्ट संख्या 311
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/7411/ED/2025

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **शानू, पुत्रः इशाक, निवासीः मकान नं. ई-49/एल, 386 जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** और **पिल्ली मिट्टी जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.513/2019 U/S 356/379/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना जाफराबाद, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **शानू** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **शानू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.513/2019 U/S 356/379/34 IPC, थाना जाफराबाद, दिल्ली** के अभियुक्त **शानू** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **22.07.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार सुश्री आयुषी सक्सेना
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05,
कमरा नं. 07, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली
DP/7577/NE/2025
(अदालती मामला)

### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ बिल्ला पुत्रः** स्व0 पिंकी **निवासीः** बी-7, आनन्द विहार, उत्तम नगर, दिल्ली ने **FIR.No. 305/18 U/s 341/427/353/147/148/149/34 IPC. थानाः मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ बिल्ला** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ बिल्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR.No. 305/18 U/s 341/427/353/147/148/149/34 IPC. थानाः मोती नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ बिल्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुकृति सिंह
जेएमएफसी-04, (पश्चिम), कमरा नं. 268
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली
DP/7088/WD/2025
(Court Matter)

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव जाजल की पंचायती जमीन के बचे हुए पट्टो (लगभग 40-45 एकड़) की बोली तिथि 20.06.2025 को प्रातः 11:00 बजे खण्ड कार्यालय मुरथल में होनी सुनिश्चित की गई है। जिसकी जमानत राशि मु0 50000/-रू है। बोली की नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाऐगी। इच्छुक बोली दाता समय पर पहुँचकर बोली दे सकता है।

**सरपंच**
**शीतल,**
**ग्राम पंचायत जाजल,**
**खण्ड-मुरथल, सोनीपत**

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## एक्शन इंडिया

### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।

# दिल्ली सरकार को देना होगा ग्रीन हाइड्रोजन ऊर्जा को बढ़ावा: हरदीप

विपक्ष के सवालों पर हरदीप पुरी ने कहा- साइप्रस भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी

**उपलब्धि**

- मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में लगी प्रदर्शनी
- सीएम रेखा गुप्ता ने कहा- पहले की सरकार सहयोग की जगह विवाद करती थी





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 वर्ष की उपलब्धियों को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में दिल्ली सरकार के 100 दिनों के कार्यकाल में उठाये कदमों की भी जानकारी दी गई है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने किया। इस मौके पर हरदीप पुरी ने कहा, रेखा गुप्ता सरकार ने 100 दिनों में बेहतर काम करने के साथ ही आगे के लिए लक्ष्य निर्धारित किया है। आने वाले समय में इसके परिणाम सामने आएंगे। 2014 की तुलना में देश की आर्थिक स्थिति हुई है मजबूत प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने परिश्रम किया और दिल्ली के विकास व लोगों की समस्याएं दूर करने वाली सरकार बनी। दिल्ली की आबादी दो करोड़ से अधिक हो गई है। दिल्ली में ट्रिपल इंजन की सरकार बनी है। अब हमारे पास कोई बहाना नहीं है। दिल्ली के विकास के लिए काम हो रहा है। कार्यकताओं में उत्साह है। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 की तुलना में देश की आर्थिक स्थिति बहुत मजबूत हुई है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिस्थिति और चुनौतियों में भी हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ेगी।

**दिल्ली को इलेक्ट्रिक के साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देना होगा**
हमारे पास ऊर्जा का पर्याप्त भंडार है। हाइड्रोजन ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ ही ग्रीन हाइड्रोजन को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर में 22 मिनट में पाकिस्तान के नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया गया। पहले आतंकी हमले पर इस तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी जाती थी। मोदी सरकार पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर रही है। विपक्ष के नेता इंटरनेट मीडिया पर सिर्फ दुष्प्रचार करते हैं।

**विपक्ष के सवालों पर पुरी ने कहा- साइप्रस भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साइप्रस यात्रा पर विपक्ष द्वारा सवाल उठाने पर उन्होंने कहा, किसी देश का महत्व उसकी सीमा व जनसंख्या से नहीं होता है। साइप्रस भारत का महत्वपूर्ण सहयोगी है। कनाडा के साथ हमारे द्विपक्षीय मामले हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार दिल्ली के विकास में सहयोगी रही है। दिल्ली में पहले की सरकार सहयोग की जगह विवाद करती थी। अब दोनों सरकार मिलकर दिल्ली के विकास के लिए काम कर रही है। यमुना की सफाई, कूड़े के पहाड़ समाप्त करने, वायु प्रदूषण की समस्या के समाधान सहित अन्य सभी वादे पूरे होंगे। इसके लिए काम हो रहा है।

## दुष्कर्म के मामले में एम्स के डॉक्टर को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर को दिल्ली हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में सशर्त जमानत दे दी। अदालत ने कहा कि मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है और अभी ट्रायल पूरा होने व निष्कर्ष आने में लंबा समय लगेगा। न्यायमूर्ति शालिंदर कौर ने कहा कि 28 साल का आरोपित डॉक्टर एम्स में सेवाएं दे रहा है और उसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। पीठ ने यह भी नोट किया कि आरोपित डॉक्टर व शिकायतकर्ता के बीच सहमति से संबंध बने थे। ऐसे में आरोपित डॉक्टर को 50 हजार रुपये के निजी मुचलके व इतनी ही राशि के एक जमानती पर रिहा करने का आदेश दिया जाता है।

# दिल्ली में आशियानों पर जमकर गरजा बुलडोजर, आंखों के सामने टूटे घर



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से बुलडोजर गरजा है। अशोक विहार स्थित जेलरवाला बाग में सोमवार को भारी पुलिस बल के बीच झुग्गी बस्ती पर बुलडोजर चला। बताया गया कि दोपहर तक एक हजार से अधिक झुग्गियों को ढहा दिया गया। बड़ी संख्या में लोग घरों से अपना सामान नहीं निकाल पाए। लोग मलबे के बीच अपना सामान बटोरते नजर आए। क्षेत्र में दो हजार से अधिक झुग्गियां बसी हैं। इनमें से लगभग 250 झुग्गियों? के तोड़ने पर कोर्ट का स्टे लगा है। झुग्गियों पर बुलडोजर चलाने से पहले क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काट दी गई। लोगों का कहना है कि जिन लोगों की झुग्गियों पर स्टे है, वे लोग बिना बिजली-पानी के कैसे रह पाएंगे। इतनी भीषण गर्मी के बीच छोटे बच्चों का रह पाना मुश्किल है। लोगों का कहना है कि जिन लोगों की झुग्गियों पर स्टे है, वे लोग बिना बिजली-पानी के कैसे रह पाएंगे। इतनी भीषण गर्मी के बीच छोटे बच्चों का रह पाना मुश्किल है।

# बाटला हाउस के अनधिकृत निर्माणों को गिराने के आदेश




**मद्रासी कैंप**

- हाई कोर्ट ने जंगपुरा के मद्रासी कैंप की झुग्गियों को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद वहां से झुग्गियों को हटाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस तेजस करिया की वेकेशन बेंच ने ओखला के बाटला हाउस के अनधिकृत निमार्णों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इससे पहले 11 जून को भी हाई कोर्ट के जस्टिस गिरीश कथपलिया की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने बाटला हाउस के अनधिकृत निमार्णों को गिराने के आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा था कि जनहित याचिका पर सामान्य आदेश पारित करना निजी पक्षकारों के लिए नुकसानदेह हो सकता है। हाई कोर्ट ने उन सभी पक्षकारों को तीन दिन के अंदर याचिका दायर करने को कहा था जिन्हें ध्वस्त करने का नोटिस मिल चुका है। सुनवाई के दौरान डीडीए ने कहा था कि बाटला हाउस का पूरा इलाका पीएम-उदय योजना के तहत आती है। खसरा नंबर 279 में 43 बीघा भूमि है, जिसमें से 9 बीघे की भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है। इस पर याचिकाकर्ता और आम आदमी पार्टी के नेता अमानतुल्लाह खान की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सलमान खुर्शीद ने कहा था कि बाकी भूमि पीएम-उदय का हिस्सा क्यों नहीं है। हाई कोर्ट ने 30 मई को बाटला हाउस के खीजर बाबा कॉलोनी के 115 संपत्तियों के निवासियों के खिलाफ बुलडोजर कार्रवाई पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी थी। जस्टिस सचिन दत्ता की बेंच ने उत्तर प्रदेश के सिंचाई विभाग को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया था।
इसके पहले हाई कोर्ट ने जंगपुरा के मद्रासी कैंप की झुग्गियों को हटाने का आदेश दिया था, जिसके बाद वहां से झुग्गियों को हटाया गया।

# दुकानदारों में हिंसक झड़प, दुकान कर्मी को चाकू से गोदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** कोटला मुबारकपुर में ग्राहकों को बुलाने को लेकर दो दुकानदारों के बीच रविवार रात को झगड़ा हो गया। इस दौरान एक दुकानदार और उसके बेटों ने पड़ोसी की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी पर चाकू से तोबड़तोड़ वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल कर्मचारी अजय को गंभीर हालत में एम्स ट्रामा सेंटर में भर्ती करवाया गया हैं, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना का वीडियो बना लिया, जोकि इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। पुलिस के अनुसार कोटला मुबारकपुर में डाकघर के साथ हंसराज और राम सेवक की कपड़ों की दुकान हैं। अक्सर दोनों दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारी बाहर खड़े होकर ग्राहकों को आवाज लगाकर बुलाते रहते हैं। रविवार शाम को भी हंसराज की दुकान पर काम करने वाला कर्मचारी अजय बाहर खड़ा होकर ग्राहकों को बुला रहा था। इस दौरान रामसेवक के साथ दुकान पर बैठे उनके बेटे अमन और जय ने अजय के साथ झगड़ा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि अजय उनकी दुकान पर आने वाले ग्राहकों को बुलाकर अपनी दुकान पर लेकर जा रहा है। इस पर दोनों में झगड़ा होने लगा और अमन और जय ने अजय पर चाकू से हमला कर दिया।

# दिल्ली पुलिस ने 36 बांग्लादेशियों को पकड़ा




**कार्रवाई**

- भारत नगर इलाके की वजीरपुर झुग्गी बस्ती में छापेमारी कर 36 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस की विदेशी नागरिक सेल ने रविवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारत नगर इलाके की वजीरपुर झुग्गी बस्ती में छापेमारी कर 36 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा। इनमें 19 वयस्क और 17 नाबालिग शामिल हैं। यह कार्रवाई विदेशी नागरिक सेल द्वारा चलाए जा रहे एक विशेष तलाशी अभियान के अंतर्गत की गई। उत्तर-पश्चिम जिले के डीसीपी भीष्म सिंह ने बताया कि इंस्पेक्टर विपिन कुमार की टीम को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध विदेशी नागरिक दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे हैं। सूचना को पुख्ता कर पुलिस टीम ने भारत नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली वजीरपुर की झुग्गियों में सघन तलाशी अभियान चलाया। करीब 25 फुटपाथों और 32 गलियों में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। शुरूआती पूछताछ में उसने झूठ बोलने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसने खुलासा किया कि वह बांग्लादेशी नागरिक है और बिना वैध दस्तावेजों के भारत में रह रहा है। डीसीपी के अनुसार आगे उसकी निशानदेही पर पुलिस ने अन्य अवैध प्रवासियों को पकड़ा। पकड़े गए सभी लोग बिना पासपोर्ट और वीजा के भारत में रह रहे थे। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे पहले हरियाणा के मेवात जिले में ईंट-भट्ठों पर काम करते थे, लेकिन पुलिस कार्रवाई के डर से वहां से भागकर दिल्ली आ गए। पकड़े गए लोग लगातार ठिकाने बदलते रहे और अब दिल्ली में किराये पर मकान लेकर स्थायी रूप से बसने की योजना बना रहे थे। वहीं पुलिस ने इनके कब्जे से सात स्मार्टफोन कब्जे में लिया है।

# चोरी के मोबाइल फोन खरीदने और बेचने वाले को दबोचा



**काबू**

- स्नैच किए गए मोबाइल को कनॉट प्लेस में बेचता था
- आर्टिफिशियल ज्वेलरी कारोबार छोड़ बन गया अपराधी
- अन्य सदस्यों की धरपकड़ में जुटी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए चोरी किए गए मोबाइल फोन खरीदने और बेचने वाले प्रमुख रिसीवर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम जितेन्द्र गोसाईं है, जो चोरी और झपटमारी किए गए मोबाइल फोन का रिसीवर था। उसके पास से 17 हाई एंड मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी कीमत लाखों रुपये में है। दिल्ली पुलिस के उप आयुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-कने आरोपी जितेन्द्र गोसाईं को 13-14 जून की रात के दौरान केशव पुरम मेट्रो स्टेशन के पास गिरफ्तार किया।

**स्नैच किए गए मोबाइल को कनॉट प्लेस में बेचता था:** पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी चोरी किए गए और झपटे गए मोबाइल फोन को खरीदकर करोल बाग में बेचता था। सूचना मिलने के बाद, एक टीम का गठन किया गया और आरोपी को पकड़ने के लिए एक ऑपरेशन चलाया गया। आरोपित की पहचान होने के बाद से केशवपुरम मेट्रो स्टेशन के पास गिरफ्तार किया गया। जितेन्द्र गोसाईं ने अपनी गिरफ्तारी के बाद यह स्वीकार किया कि वह चुराए गए मोबाइल फोन खरीदता था और उन्हें अपनी दुकान पर बेचता था। उसकी घर से 17 मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी जांच करने पर यह पाया गया कि इनमें से कई फोन पहले ही विभिन्न पुलिस स्टेशनों में दर्ज एफआईआर और गुमशुदगी की रिपोर्ट से जुड़े हुए थे।

**आर्टिफिशियल ज्वेलरी कारोबार छोड़ बन गया अपराधी:** जितेन्द्र गोसाईं, जो कि आर्टिफिशियल ज्वेलरी व्यवसायी है, ने आर्थिक तंगी और घरेलू समस्याओं के कारण अपराध की दुनिया में कदम रखा।

# वीडियो कॉल पर न्यूड वीडियो बनाकर ठगे रुपये, दो गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले की साइबर थाना पुलिस ने डिजिटल तरीके से की गई ब्लैकमेलिंग की वारदात का पर्दाफाश करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। आरोपित एक फर्जी डेटिंग ऐप प्रोफाइल बनाकर लोगों को जाल में फंसा कर नग्न वीडियो कॉल कर रिकॉर्डिंग करते थे और फिर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे ऐंठते थे। पुलिस के मुताबिक पीड़ित अंकित कुमार ने साइबर थाना पुलिस क दी। शिकायत में बताया कि एक डेटिंग ऐप पर एक महिला से बातचीत शुरू की। बाद में बातचीत व्हाट्सएप्प पर होने लगी। जहां आरोपित महिला ने न्यूड वीडियो कॉल शुरू की। जिसमें अंकित का चेहरा साफ दिख रहा था। उसी दौरान वीडियो रिकॉर्ड कर लिया गया और बाद में उसे वायरल करने की धमकी देकर 35 हजार की मांग की गई। डर के मारे पीड़ित ने पैसा आरोपित के बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। जब आरोपितों ने और पैसे मांगने शुरू किए तो पीड़ित ने एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही एसआई श्वेता शर्मा की देखरेख में एक टीम गठित की गई। पुलिस जांच में सामने आया कि 35 हजार की रकम बंधन बैंक के उस खाते में गई, जो मंगल सिंह नामक व्यक्ति के नाम पर ऑनलाइन खोला गया था। यह खाता श्याम सिंह नामक आरोपित ने खुलवाया था और उसका संचालन भी वही कर रहा था। मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी के जरिए ओटोपी लेकर ट्रांजेक्शन को अंजाम दिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपितभरतपुर निवासी श्याम सिंह (21) और अलीपुर निवासी मंगल सिंह को दबोचा। पूछताछ में सामने आया कि श्याम सिंह लोगों को पैसा देकर उनके नाम पर बैंक खाते खुलवाता था।

# पुलिस की गिरफ्त से भागा आरोपित नौ साल बाद गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की ईस्टर्न रेंज-क्कने पुलिस हमला करने के मामले फरार चल रहे घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के उप आयुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपित अकिल पिछले नौ साल से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था, को आखिरकार इलाके से गिरफ्तार किया गया।

**साहिबाबाद में लूट के मामले में पुलिस छापेमारी करने गई थी:** यह घटना 9 मई 2014 की है, जब उस समय के एसएचओ, इंस्पेक्टर उपेन्द्र की अगुआई में साहिबाबाद (उत्तर प्रदेश) पुलिस की टीम दिल्ली के फ-30, ओल्ड सीमेपुरी में एक छापेमारी करने आई थी। इस छापेमारी का उद्देश्य आरोपित नौशाद, अजीज और शेरू को पकड़ना था, जो कि साहिबाबाद में एक लूटपाट मामले में शामिल थे। जैसे ही पुलिस टीम ने छापेमारी शुरू की, अकिल और उसके भाई शेरू, भतीजे अजीज और नौशाद ने पुलिस टीम पर पथराव किया।

**हमले में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए थे, गाड़ी भी तोड़ दी थी:** जिससे चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और सरकारी वाहन (बोलेरो) को भी नुकसान पहुंचाया गया। इस हमले के बाद पुलिस ने दंगा और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में एफआईआर दर्ज की।

# फरार चल रहे आरोपित को दबोचा



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने 9 वर्षों से फरार चल रहे एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी वर्ष 2014 में सीमापुरी में हुए दंगा मामले से जुड़ी है। जिसमें आरोपित ने पुलिस टीम पर पथराव कर चार कर्मियों को घायल कर दिया था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी विक्रम सिंह ने बताया कि 9 मई 2014 को उप्र पुलिस की एक टीम, थाना साहिबाबाद के तत्कालीन एसएचओ इंस्पेक्टर उपेंद्र के नेतृत्व में सीमापुरी के एफ-30 पते पर वांछित आरोपितों नौशाद, अजीज और शेरू की गिरफ्तारी के लिए पहुंची थी। तभी आरोपित अकील ने अपने भाई, भतीजे और अन्य साथियों के साथ मिलकर पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पथराव में चार पुलिसकर्मी घायल हो गए और एक सरकारी बोलेरो वाहन को भी क्षति पहुंचाई गई। इसके बाद थाना सीमापुरी में मुकदमा दर्ज कर आरोपित अकील को गिरफ्तार किया गया। लेकिन बाद में वह न्यायिक प्रक्रिया से बचते हुए फरार हो गया। 30 सितंबर 2016 को उसे कोर्ट ने भगोड़ा घोषित कर दिया था। डीसीपी के अनुसार 15 जून को हेड कांस्टेबल प्रिंस द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसआई शैलेन्द्र ने सीमापुरी क्षेत्र से आरोपित अकील को गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद स्थानीय थाना पुलिस को सूचित कर आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# दिल्ली महापौर ने एमसीडी के 200 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी किए पत्र प्रदान



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने सोमवार को दुर्घटना में पैर गंवाने वाले सफाई कर्मचारी शीश पाल के आश्रित पुत्र को दिल्ली नगर निगम में नियमित आधार पर नौकरी का नियुक्ति का पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही एमसीडी के 200 दैनिक वेतनभोगी सफाई कर्मचारियों को नियमित करने संबंधी पत्र भी प्रदान किए। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि नगर निगम की भाजपा सरकार निगम के सफाई कर्मचारियों के प्रति संवेदनशील है। इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम की भाजपा सरकार द्वारा सत्ता में आते ही सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण का कार्य तेज कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्थायी समिति बने अभी कुछ ही हफ्ते हुए हैं और 200 सफाई कर्मचारियों को आज नियमित किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि जल्द ही बाकी बचे अस्थायी सफाई कर्मचारियों को भी तेजी से नियमित किया जाएगा। सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारी नगर निगम की रीढ़ हैं। जो दिल्ली को स्वच्छ व स्वस्थ रखने में सबसे अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मी हमारे स्वच्छता सैनिक हैं जो शहर को स्वच्छ रखकर सभी नागरिकों की बीमारियों से रक्षा करते हैं।
महापौर ने कहा कि सफाई कमीर्यों ने कोविड महामारी के दौरान दवाइयों के छिड़काव से लेकर कूड़े के समुचित निपटान में भी केंद्रीय भूमिका निभाई और कोविड के खिलाफ लड़ाई में अपनी महत्ती योगदान दिया। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि वह दिल्ली के सभी सफाई कर्मचारियों को आश्वस्त करते हैं कि दिल्ली नगर निगम उनके हितों को लेकर पूर्ण रूप से संवेदनशील और समर्पित है। नगर निगम सफाई कर्मचारियों के कल्याण के लिए हरसभंव उपाय लागू करने के लिए प्रयास करता रहेगा।

## कमरे के अंदर मिला युवक का शव

**नई दिल्ली।** सीलमपुर इलाके में उस वक्त हड़कंप मच गया जब गौतमपुरी की गली नंबर 10 स्थित एक घर से दुर्गंध आने की सूचना पुलिस को मिली। घटना सोमवार दोपहर करीब 2:25 बजे की है जब स्थानीय लोगों ने पुलिस को शिकायत दी कि एक मकान से तेज दुर्गंध आ रही है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पाया कि मकान की दूसरी मंज़िल पर स्थित एक कमरा अंदर से बंद था। मामले की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग को बुलाया गया। दमकल कर्मियों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर कमरे के अंदर एक व्यक्ति का शव सड़ी-गली अवस्था में पड़ा था। पुलिस के मुताबिक जांच में मृतक की पहचान कृपाल सिंह के रूप में हुई है।

# सैनी ने महापौरों को बताया शहरों के विकास का सारथी

- पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक का आयोजन
- शहरी विकास को मिली नई गति, 2047 तक बड़ा बदलाव लाने का संकल्प

**स्वशासन**

- महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं




टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना में महापौर रीढ़ के समान हैं। मुख्यमंत्री सैनी आज पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**शहर आर्थिक विकास के इंजन और नवाचार के केंद्र**
मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महापौर जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं और उनके पास कार्यकारी शक्तियां होती हैं। यह व्यवस्था नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत सेतु बनाती है और निर्णय प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब शहरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। शहर केवल निवास स्थान नहीं हैं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन, नवाचार के केंद्र और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के संगम हैं।

**अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मान रहा है हरियाणा**
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मानते हैं। हमारा विजन है कि शहर ईज़ ऑफ लिविंग और ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस का संगम बनें। हमें शहरों को केवल इमारतों और सड़कों का ढांचा नहीं बनाना, बल्कि उन्हें जीवंत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 900 मिलियन आबादी शहरों में निवास करेगी। यह सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि एक बड़ी संभावना है। नए अवसरों, नए इन्फ्रास्ट्रक्चर और नई जीवनशैली की। हमें इस परिवर्तन को सुनियोजित शहरीकरण, डिजिटल एकीकरण और पर्यावरण संरक्षण के साथ अपनाना है।

### ठोस अपशिष्ट प्रबंधन में बड़ी उपलब्धियां

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि अमृत मिशन के तहत अब तक 2,930 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। 375 इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लक्ष्य में से 9 शहरों में 50 बसें चलाई जा चुकी हैं और प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना के तहत 2026 तक 450 बसें खरीदी जाएंगी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत 21,431 मकान बनाए जा चुके हैं और 11,412 मकान निर्माणाधीन हैं। मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत 14 शहरों में 15,256 परिवारों

### महापौरों से शहरों को ब्रांड बनाने का आह्वान

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि यह बैठक पिछले अनुभवों की समीक्षा, नई चुनौतियों पर चर्चा और मेयर निकायों को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी। उन्होंने सभी महापौरों से आह्वान किया कि वे अपने शहर को ब्रांड बनाएं, उसे विशिष्ट पहचान दें और इस मिशन में भागीदार बनें। उन्होंने विश्वास जताया कि परिषद की यह बैठक सार्थक चर्चा और नए संकल्पों के साथ समाप्त होगी तथा सभी प्रतिनिधि अपने-अपने शहरों में सकारात्मक बदलाव के वाहक बनेंगे।

### प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने की प्रगति

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 11 वर्षों में अद्वितीय प्रगति की है। 2014 में जब प्रधानमंत्री जी ने शपथ ली थी, तब भारत की अर्थव्यवस्था 11वें स्थान पर थी। आज भारत 2025 तक चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है और 2029 तक तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी जी ने 2047 से पहले भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प लिया है, वह निश्चित रूप से साकार होगा।

### इंदौर मॉडल की सराहना और प्रेरणा

**मुख्यमंत्री** ने इंदौर की स्वच्छता रैंकिंग की सराहना करते हुए कहा कि मेयर और पार्षदों को इंदौर जाकर वहां की योजनाओं और मॉडल का अध्ययन करना चाहिए ताकि हरियाणा के शहरों में भी उसी प्रकार के मॉडल लागू किए जा सकें। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शौचालय निर्माण जैसी योजनाओं की सफलता में महापौरों की भूमिका की सराहना की और कहा कि इन योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य महापौरों द्वारा ही होता है।

# स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव और उनके स्टाफ ने बनवाए आभा कार्ड

**समीक्षा**

- आभा कार्ड बनवाया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने अपना और अपने स्टाफ का आभा कार्ड बनवाया। इस दौरान उन्होंने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के कार्यों की समीक्षा भी की। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) एक परिवर्तनकारी पहल है जिसका उद्देश्य एक सहज और अंतर संचालन (इंटरऑपरेबल) योग्य डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाकर भारत के स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को डिजिटल बनाना है। इसका उद्देश्य स्वास्थ्य देखभाल प्रक्रियाओं के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देना और अंतर-संचालनीय डिजिटल स्वास्थ्य प्रणालियों का उपयोग करके विभिन्न हितधारकों के बीच निर्बाध डेटा साझाकरण को सक्षम बनाना है। इस योजना की मुख्य विशेषताएं डिजिटल सार्वजनिक वस्तुओं का लाभ उठाना है। यह योजना कड़े डेटा सुरक्षा उपायों के साथ बनाई गई है। रोगी का डेटा केवल स्पष्ट सहमति से साझा किया जाता है। स्वास्थ्य डेटा स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं के पास रहता है; एबीडीएम संवेदनशील स्वास्थ्य डेटा को केंद्रीकृत रूप में संग्रहीत करने के बजाय सुरक्षित आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है।
कुछ डेटा (आभा, एचपीआर, एचएफआर) को अंतर संचालनीयता और विश्वास के लिए केंद्रीय रूप से संग्रहीत किया जाता है। मरीज अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को अपनी आभा (आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता) आईडी से लिंक कर सकता है। वह अपनी सहमति से डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से संग्रहीत, एक्सेस और साझा कर सकता है। हरियाणा में संचालन के लिए एबीडीएम टीम जागरूकता पैदा करने और आभा आईडी बनाने की सुविधा के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन राज्य मिशन निदेशक श्रीमती संगीता तेतरवाल के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इस अवसर पर आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के संयुक्त निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) कैलाश सोनी ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आभा कार्ड बनाने के लाभ बताए और इस मिशन के प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना से भिन्न होने के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 27 से

**चंडीगढ़:** राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता (महिला एवं पुरुष वर्ग) का आयोजन 27 जून से 29 जून तक पंचकूला में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में महिला (सीनियर वर्ग) में भार 45-48 किलोग्राम, 51 किलोग्राम, 54 किलोग्राम, 57 किलोग्राम, 60 किलोग्राम, 65 किलोग्राम, 70 (सीनियर किलोग्राम, 80 किलोग्राम, 85 किलोग्राम, 90 किलोग्राम, +90 किलोग्राम भार वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

# कार्तिकेय ने तीन साल बाद किया खुलासा, किरण ने वोट देकर जिताया

**खुलासा**

- कुलदीप बिश्नोई के साथ तब कांग्रेस की विधायक रहीं किरण चौधरी ने उनके लिए वोटिंग की थी

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** राज्यसभा के लिए हरियाणा से कांग्रेस प्रत्याशी अजय माकन की तीन साल पहले हुई हार का कारण अब सामने आया है। तब बहुमत कांग्रेस के पक्ष में होने के बावजूद माकन हार गए थे। माकन को हराने वाले निर्दलीय राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने 3 साल बाद खुलासा किया कि वह किरण चौधरी की वजह से चुनाव जीते थे। एक सोशल मीडिया चैनल से बातचीत में सांसद शर्मा ने कहा कि कुलदीप बिश्नोई के साथ तब कांग्रेस की विधायक रहीं किरण चौधरी ने उनके लिए वोटिंग की थी। इस चुनाव में राहुल गांधी के करीबी अजय माकन राज्यसभा चुनाव हार गए थे। कुलदीप बिश्नोई ने तो कबूल किया था कि उन्होंने माकन को वोट दिया। मगर, दूसरे कौन से कांग्रेस विधायक ने भाजपा उम्मीदवार को जिताने के लिए वोट रद्द कराई, यह राज बना हुआ था। वहीं तब अजय माकन ने कहा था कि किरण चौधरी ने वोटिंग के दौरान पार्टी उम्मीदवार के नाम के सामने टिक लगा दिया था, जिसके कारण वोट रद्द हुआ। इस पर किरण चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा था कि कांग्रेस पार्टी के प्रति वफादार रहने के लिए मुझे किसी का सर्टिफिकेट नहीं चाहिए।
कार्तिकेय से जब पूछा गया कि राज्यसभा सांसद का चुनाव हुआ तो आपके पास नंबर कम थे, फिर भी आप कैसे जीत गए, 1 वोट कांग्रेस से किसका पड़ा था आपको? जवाब में कार्तिकेय ने कहा: शायद यह ऐसा चुनाव था, जिसमें सारी राजनीतिक पार्टियों और निर्दलियों ने मुझे वोट दिया। कुलदीप बिश्नोई ने मुझे वोट दिया। इसके अलावा किरण चौधरी ने मुझे वोट दिया था। इसकी पुष्टि आप उनसे भी कर सकते हैं। राज्यसभा के चुनाव में विधायक ही वोट करते हैं। 2022 में भाजपा के पास 40 विधायक थे। जे जे पी के भी 10 विधायकों के साथ गठबंधन सरकार थी। इसके अलावा हलोपा के 1 और 6 निर्दलीय भी भाजपा के समर्थन में थे। कांग्रेस के पास 31 विधायक थे। एक विधायक इनेलो से था, वह भी निर्दलीय कार्तिकेय के पक्ष में थे। निर्दलीय बलराज कुंडू ने वोट नहीं दिया था। राज्यसभा की 2 सीटों पर 3 उम्मीदवार थे।

# युवाओं को जजेपी के साथ जोड़ेंगे दिग्विजय चौटाला

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** युवाओं को जननायक जनता पार्टी से जोड़ने के लिए जेजेपी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला प्रदेशभर का दौरा करेंगे। दिग्विजय चौटाला सभी 22 जिलों और 90 विधानसभा क्षेत्रों में ह्युवा जोड़ो अभियानह्व कार्यक्रम करेंगे। दिग्विजय 18 जून को कैथल से इस बड़े अभियान का शुभारंभ करेंगे। जेजेपी युवा अध्यक्ष दिग्विजय चौटाला 21 जून को अंबाला और 22 जून को पानीपत में यह कार्यक्रम करेंगे। अभियान के तहत दिग्विजय चौटाला प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में जाएंगे और 31 जुलाई तक चलने वाले पार्टी सदस्यता अभियान के तहत युवाओं को ज्वाइन करवाकर उन्हें



जेजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाएंगे। इस दौरान वे प्रदेश के युवाओं और जेजेपी कार्यकर्ताओं से प्रदेश के मौजूदा राजनीतिक हालात, भाजपा सरकार की कमियों और भविष्य की रणनीति पर चर्चा करेंगे। साथ ही पिछली गठबंधन सरकार के दौरान जेजेपी के प्रयासों से हुए विकास कार्यों के बारे में लोगों को अवगत करवाएँगे।

# छात्रों पर जानलेवा हमला नाकाबिले बर्दाश्त, वीसी की जवाबदेही हो तयः भूपेंद्र सिंह हुड्डा

**विरोध**

- चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि जिस तरह जाय मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के छात्रों पर लाठियां बरसाई गईं, वह नाकाबिले बर्दाश्त है। इस पूरे मामले में लाठी बरसाने वाले स्टाफ के साथ-साथ वाइस चांसलर की भी जवाबदेही तय होनी चाहिए। हुड्डा ने कहा कि छात्रवृत्ति कटौती के विरोध में शांतिपूर्ण धरना दे रहे छात्रों की मांगों को कांग्रेस पूर्ण समर्थन देती है। अपनी मांगों के लिए आवाज उठाना छात्रों का अधिकार है। ऐसे में उनपर जानलेवा हमला करना पूरी तरह आपराधिक कार्रवाई है। कानून के मुताबिक सिर पर वार को जानलेवा हमला माना जाता है और एफआईआर भी उसी धारा में दर्ज होती है। इसलिए छात्रों के हमला करने और करवाने वाले दोनों को सजा भुगतनी पड़ेगी। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि छात्रों ने अभी तक पूरी तरह शांति और अनुशासन का परिचय दिया है। न्याय की इस लड़ाई को भी शांति व अनुशासन के साथ आगे



बढ़ाएं। कांग्रेस समेत तमाम युवा और पूरा प्रदेश छात्रों के साथ खड़ा है। छात्रों की आवाज को कांग्रेस विधानसभा से लेकर संसद तक हर मंच पर उठाएगी। कांग्रेस के तमाम विधायकों व सांसदों ने छात्रों के बीच पहुंचकर अपने समर्थन का ऐलान किया है। छात्रों का कहना है कि विश्वविद्यालय ने छात्रवृत्ति नियमों में अनुचित बदलाव किया है। पहले 70% या उससे अधिक अंक (डब्ल्यूअ 7.0) लाने वाले हरेक छात्र को स्टाइपेंड दिया जाता था। लेकिन अब उसे सिर्फ टॉप 25% छात्रों तक सीमित कर दिया है।

# पंचायत उपचुनाव में 73.25 प्रतिशत रहा मतदान

**लंबित नहीं**

- अब राज्य चुनाव आयोग के पास किसी भी पंचायत का चुनाव लंबित नहीं: चुनाव आयुक्त धनपत सिंह

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़ :** हरियाणा राज्य चुनाव आयुक्त धनपत सिंह ने कहा है कि कल 15 जून को पंचायतों के उपचुनाव व कुछ पंचायतें जो नगरपालिका से पुनः पंचायत बनी हैं के आम चुनाव को सम्पन्न करवाने उपरांत अब राज्य चुनाव आयोग के पास किसी भी पंचायत का चुनाव लंबित नहीं है। इसके अलावा, कालांवाली, सिरसा के लिए आम चुनाव के लिए मतदान 29 जून, 2025 को होना है। उसके लिए आज नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि थी। मतदान गणना 30 जून को होगी इसके साथ ही किसी भी स्थानीय निकाय के लिए होने वाले चुनाव आयोग के पास लंबित नहीं है। कालांवाली नगरपालिका में 17 वार्डों के लिए चुनाव होना है। धनपत सिंह आज 15 जून को हुए पंचायतों के हुए उपचुनाव के बाद अपने कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उपचुनाव का प्रतिशत गर्मी के बावजूद भी 73.25 प्रतिशत रहा जो दर्शाता है कि लोगों की पंचायती चुनाव में काफी दिलचस्पी है। उन्होंने बताया कि कोर्ट केस के कारण या छोड़कर किन्हीं कारणों से जैसा कि चयनित जन प्रतिनिधि द्वारा स्वेच्छा से त्याग पत्र देना, मृत्यु हो जाना या किसी जनप्रतिनिधि के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के कारण सीट रिक्त हो जाती है तो उस स्थिति में आयोग को 6 महीने के अंदर-अंदर पुनः चुनाव करवाना अनिवार्य होता है। धनपत सिंह ने बताया कि कुल मिलाकर पंचायत स्तर पर पंचों की 830, सरपंचों की 74, पंचायत समिति सदस्यों की 17 और जिला परिषद सदस्य की 1 सीट के लिए उपचुनाव निर्धारित किए गए थे। इनमें से पंचों व सरपंचों के पदों पर कई उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए। उन्होंने बताया कि अब चरखी दादरी जिले की बाढ़डा खंड की ग्राम पंचायत हंसावास खुर्द तथा बाढ़डा व झज्जर जिले के बादली खंड की ग्राम पंचायत बादली व मुहम्मदपुर माजरा तथा फैजाबाद ग्राम पंचायतों के पंचों व सरपंचों के आमचुनाव के साथ-साथ 56 पंचों, 61 सरपंचों, पंचायत समिति सदस्यों के 8 सदस्यों तथा जिला परिषद सदस्य की 1 सीट के लिए चुनाव 15 जून को सुबह 8 बजे सांय 6 बजे तक करवाए गए। मतदान में ईवीएम का प्रयोग किया गया। उन्होंने बताया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। कहीं से भी किसी प्रकार की अप्रिय घटना का समाचार नहीं मिला।

## पंचकूला के बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं सुनवाई आज

**चण्डीगढ़:** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम (यूएचबीवीएन) उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली की आपूर्ति उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। यूएचबीवीएन सर्कल फोरम पंचकूला के उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच के चेयरमैन एवं सदस्य मंच की कार्यवाही 17 जून को सुबह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियंता, पंचकूला के कार्यालय पंचकूला में की जाएगी। मंच के सदस्य, पंचकूला जिले के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की समस्याओं की सुनवाई करेंगे।

# एक देश-एक चुनाव को लेकर इनेलो ने सशर्त समर्थन किया

**पक्ष रखा**

- इनेलो पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती और प्रदेश प्रवक्ता डॉ सतबीर सैनी ने भाग लिया।

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** एक देश- एक चुनाव को लेकर सोमवार को ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी की बैठक में इनेलो पार्टी की तरफ से राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रकाश भारती और प्रदेश प्रवक्ता डॉ सतबीर सैनी ने भाग लिया। इस बैठक में प्रकाश भारती और सतबीर सैनी ने जेपीसी के सामने इनेलो पार्टी का पक्ष रखा। प्रकाश भारती ने मीडिया से बात करते हुए बताया कि इनेलो पार्टी ने एक देश एक चुनाव प्रणाली का सशर्त समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया में बड़े सुधार होने चाहिए। जेपीसी के सामने शर्त रखते हुए उन्होंने कहा कि देश और प्रदेश में चुनाव ईवीएम की बजाय बैलट पेपर पर होने चाहिए। ईवीएम से चुनाव करवाना बैलट पेपर से बहुत महंगा पड़ता है। मतदान होते ही उसी दिन वोटों की गिनती होनी चाहिए। अब क्या हो रहा है कि चुनाव होने के 15-20 दिन बाद काउंटिंग होती है जिससे बड़ी भी अधिक होता है और धांधली भी होती है। चुनाव से ठीक पहले सत्ताधारी पार्टी विपक्षी दलों के मतदाताओं के लाखों वोट काट देती है और अपने हक के लोगों के बनवा लेती है जिससे चुनाव प्रभावित होता है और हारी हुई सीट को जिताने का काम करते हैं। इस पर भी रोक लगनी चाहिए। चुनाव से पहले बिना सूचना दिए किसी का भी वोट लिस्ट से नहीं हटाना चाहिए। देश के आम चुनाव जो छः से सात चरणों में करवाए जाते हैं।

# 11 साल में टोल फ्री नंबर पर मिली सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधानः मंत्री

**समाधान**

- वर्ष 2014 से फरवरी 2025 तक कुल 76,826 शिकायतें प्राप्त हुई तथा सभी शिकायतों का समाधान किया गया

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़:** हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की एक बड़ी उपलब्धि है कि विभाग ने पिछले 11 सालों में प्रदेश के उपभोक्ता सहायता केंद्र में आई सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर ने बताया कि राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र में हेल्पलाइन नंबर पर वर्ष 2014 से फरवरी 2025 तक कुल 76,826 शिकायतें प्राप्त हुई तथा सभी शिकायतों का शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र तत्परता से प्रदेश के आम जन की समस्याओं के समाधान में जुटा हुआ है। विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के उपभोक्ताओं की सभी प्रकार की शिकायतों के निवारण और समाधान करने के लिए राज्य उपभोक्ता सहायता केंद्र सभी कार्य दिवसों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यरत है। विभाग द्वारा हरियाणा राज्य में उपभोक्ता शिकायतें सुलझाने के लिए राज्य उपभोक्ता हेल्पलाइन संचालित है। उपभोक्ताओं को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के प्रावधानों के बारे में मार्गदर्शन दिया जाता है। इसके लिए टोल फ्री नंबर है : 1800-180-2087, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए नंबर है: 1967, एक राष्ट्र- एक राशन कार्ड के लिए नंबर हैः 1800-180-2045 और एक राष्ट्र एक राशन कार्ड प्रवासी मजदूर के

# प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी हैः कुमारी सैलजा

**साधा निशाना**

- गैंगस्टर्स की धमकी के चलते 12 जिलों में 300 ठेकों की बोली के लिए आगे नहीं आ रहे ठेकेदार

टीम एक्शन इंडिया
**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा चुकी है, लोग दहशत में है, हर वर्ग स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है, गैंगस्टर सरेआम फायरिंग कर दहशत फैला रहे है, ऐसा लग रहा है कि सरकार ने अपराधियों के सामने घुटने टेक दिए है। हालात ये है कि 12 जिलों में 300 शराब की बोली गैंगस्टर्स की धमकी के चलते नहीं हो पा रही है, धमकी के चलते कोई भी शराब कारोबारी बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहा है। दूसरी ओर बढ़ते अपराध की जड़ में नशा एक प्रमुख कारण है जिसे



खत्म करने दिशा में केवल सरकार बयानबाजी तक सीमित है, गली गली में नशा बिक रहा है जिससे साफ लगता है कि प्रदेश की पुलिस कितनी चौकस है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज दिखाई नहीं आ रही है अगर जिला में अपराधियों का बोलबाला है, किसी न किसी जिला में हर रोज हत्याएं हो रही है, लूटपाट और छीना झपटी आम हो गई है, गैंगस्टर्स के आगे पुलिस बौनी नजर आ रही है, गैंगस्टर्स सरेआम वारदात को अंजाम देकर निकल जाते है और पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रह जाती है। शराब कारोबार पर गैंगस्टर्स नजरें लगाए हुए है, ठेकों की बोली को लेकर गैंगस्टर्स आमने सामने है, ठेका पर सरेआम फायरिंग कर और धमकी भरे पर्चे छोड़कर दहशत फैलाई जा रही है। हालात ऐसे है कि नई आबकारी नीति के तहत प्रदेश के 12 जिलों में 300 शराब ठेकों की बोली होनी है, हालात ऐसे है कि धमकी के चलते कोई भी शराब कारोबारी बोली लगाने के लिए आगे नहीं आ रहा है, अभी तक इन ठेकों की बोली नहीं हो पाई है। सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि शराब कारोबारी इस मामले में मुख्यमंत्री और डीजीपी से भी मिल चुके है उन्हें सुरक्षा का पूर्ण आश्वासन दिया हुआ है पर शायद शराब कारोबारियों को सरकार के इन आश्वासनों पर विश्वास ही नहीं है जिसके चलते इन 300 शराब ठेकों की बोली नहीं हो पा रही है। गैंगस्टर्स की धमकी के चलते सरकार शराब के ठेकों की बोली कराने में नाकाम रही है इससे से यही लग रहा है कि सरकार पर गैंगस्टर्स हावी है, अगर सरकार की ऐसी हालात है तो प्रदेश में आम व्यक्ति की हालात क्या होगी।

# ग्लोबल जैम अवॉर्ड से सम्मानित हुई देश की महान शख्सियतें

**शिरकत**

**समारोह में विश्वविख्यात बिजनेस टायकून डॉ. अभिषेक वर्मा ने मुख्य के रूप में शिरकत की**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा जम्मू कश्मीर गवर्मेंट के टूरिज्म डिपार्टमेंट के सहयोग से करप्शन फ्री इंडिया सेमिनार के अंतर्गत ग्लोबल जैम अवॉर्ड समारोह का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। समारोह में विश्वविख्यात बिजनेस टायकून एवं शिवसेना के राष्ट्रीय समन्वयक, गठबंधन व चुनाव डॉ. अभिषेक वर्मा ने मुख्य के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में सेलिब्रिटी गेस्ट फिल्म अभिनेता रजा मुराद, सुदेश बेरी एवं किशोर भानूशाली और फिल्म अभिनेत्री दीपशिखा नागपाल, वीवीआईपी गेस्ट एमडी मुख्तार अंसारी, निकोल वर्मा, डॉ.वूप्पू संजीवा राव, सज्जाद अली खान, उमेश कुमार अग्रवाल, सविता चौहान, नजाकत चौधरी, विजय राव, सतीश कुमार प्रजापत, डॉ. आशीष मलिक मौजूद रहे। डॉ.अभिषेक वर्मा ने कहा कि सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं, जो सिर्फ विकासशील नहीं बल्कि चरित्रवान एवं ईमानदार हो। इस अवसर पर ग्लोबल जैम अवॉर्ड से पवन शर्मा, विशाल काठ, गौरव गाबा, लक्की संधू, कृपाल सिंह कटारिया, आशीष कुमार सिन्हा, डॉ सबरीराजा डी, संजय सिंघल, सुमित पूजाना, चांद किरण शर्मा, मोहित कौशिक, संदीप कुमार, सुरेन्द्र कुमार सहगल, रोहित शर्मा, श्रीकांत गुप्ता, डॉ संजीव शर्मा, डॉ सुरेश्वरी सागरिका जैना, आशुतोष चतुर्वेदी, हरजीत सिंह, नीरज गुनियाना, सुल्तान सिंह, प्रियंका राजीव गोयल, अशोक बजाज, योगेश गोयल, विकास जैन, सुरेन्द्र कुमार, एडवोकेट संजीव शर्मा, डॉ नितिन कुमार गोयल, हीरा लाल, पिंकी देवी, डॉ. आशीष सांगवान, रवि कुमार, इंस्पेक्टर सतपाल सिंह, डॉ.राशी मान, सोनू लाल बरनवाल, विनोद मोदगिल, खुर्शीद आलम, संतोष विष्णु, नदीम कबीर शेख, मोहमद उमर, देवव्रत आर्य, सुशील कुमार, अलीमुदीन, अहसान अली, सतेंद्रा, जुबेर, अर्जुन कुमार, अजीज अंसारी, जयदेब मंडल, इंद्रनील मंडल, सुजीत घोष, रणजीत गिरी, बसंत ठाकुर, दिबाकर मंडल, अरबिंद, मोहमद अकील खान, अमरेश बिस्वास, देबप्रसाद, सीमा गोदारा, पार्थ घोष, राजकीरण धर, इमरान, भीखम साहू, विजयेंद्र कुमार, सत्यनारायण सोनी, दीपक कुमार जायसवाल, प्रवेश, शीतल साहू, हनीफ, संतोष, विमल, राशिद, मोहमद महताब सैफी, विनोद, संजय, गौतम, राजू घोष, योगी साहू, राजेश यादव आदि को सम्मानित किया गया।

## पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि जिला बाल सरंक्षण इकाई अम्बाला , महिला एवं बाल विकास विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2025 के लिए अब नामांकन/आवेदन अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र नामांकनकर्ता/ आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में कर सकते हैं। यह पुरस्कार बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक सेवा, विज्ञान, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रो में केवल पिछले 2 वर्षो के मध्य प्राप्त राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों / असाधारण उपलब्धियों के लिए 05 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों कों दिए जाते हैं। वह प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2025 के लिए केवल ऑनलाइन माध्यम से अधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पंजीकरण कर सकता हैं।

# बैंकर उधार कर्ता पर कार्रवाई करने से पहले सावधानी पूर्वक विचार करें: उपायुक्त

### उपायुक्त ने विभिन्न राष्ट्रीयकृत और प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ की बैठक

**बैठक**

**उपायुक्त ने कहा कि बैंकर उधार कर्ता पर अनावश्यक खर्चा न थोपें।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत,**

**( कमाल हुसैन )** सरफेसी मामलों को लेकर उपायुक्त डॉक्टर विरेंदर कुमार दहिया ने सोमवार को जिले के 15 नेशनलाइज्ड व प्राइवेट बैंकों के बैंकर के साथ बैठक कर बैंकर को उधार कर्ता के साथ सावधानी पूर्ण कार्य करने व एक्शन लेने से पहले विचार करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि बैंकर उधार कर्ता पर अनावश्यक खर्चा न थोपें। उपायुक्त ने अकाउंट रेगुलर करने और प्रस्ताव समझौता पर बैंकर को विचार करने के भी निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि अगर किसी स्थिति में बैंकर व उधार कर्ता केस में समझौता नहीं हो पता तो दोबारा परमिशन नहीं दी जाएगी इसके लिए बैंकर्स को सावधानीपूर्वक कार्य करने की आवश्यकता है। विदित रहे कि सरफेसी एक्ट का मुख्य उद्देश्य बैंकों और वित्तीयसंस्थानों को गैर- निष्पादित परिसंपत्तियों को कम करने और ऋण वसूली प्रक्रिया को तेज करने में मदद करना है।

## संक्षिप्त खबरें

### एचडीएफसी इर्गो ने किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना लागू की

**करनाल।** भारत की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को हरियाणा सरकार ने खरीफ, 2025 सीजन के लिए हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है।पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान से बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें कटाई-पूर्व, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद हरियाणा सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं। हिसार, सोनीपत, गुरुग्राम, करनाल, अंबाला, जींद और महेंदरगढ़ जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान इस का लाभ पाने के लिए किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइट पर जाकर सेल्फ-एनरोलमेंट करा सकते हैं।

### पारस हेल्थ पंचकूला ने 'नेशनल सर्जन्स डे' पर समर्पित सर्जिकल टीम को किया सम्मानित

**पंचकूला:** पारस हेल्थ पंचकूला ने 'नेशनल सर्जन्स डे' के अवसर पर अपनी समर्पित सर्जिकल टीम को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम पारस हेल्थ की देशव्यापी पहल का हिस्सा था, जो गुरुग्राम, कानपुर, पटना, दरभंगा, उदयपुर, जयपुर, उज्जैन, रांची और श्रीनगर सहित अन्य केंद्रों पर भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ. पंकज मित्तल के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें वरिष्ठ डॉक्टर, अस्पताल स्टाफ और मरीजों ने भाग लिया। इस अवसर पर अस्पताल के 22 सर्जनों को उनके उत्कृष्ट इलाज, नेतृत्व और ऑपरेशन थियेटर के अंदर और बाहर दिए गए योगदान के लिए सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कई छोटे वैज्ञानिक सत्र भी आयोजित किए गए, जिनमें सर्जनों ने जटिल सर्जरी और चिकित्सा क्षेत्र में हाल की प्रगति पर अपने विचार साझा किए। इन सत्रों से टीम की विशेषज्ञता और नवाचार की झलक सामने आई। मरीजों की भावनात्मक कहानियों ने कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। कुछ मरीजों ने मंच से, तो कुछ ने वीडियो संदेशों के माध्यम से बताया कि समय पर की गई सर्जरी ने उनकी ज़िंदगी कैसे बदली। इन संदेशों ने डॉक्टरों के प्रति उनके गहरे विश्वास और आभार को उजागर किया।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विशेष प्रारंभिक त्यौहारी ऑफर की घोषणा की

**शिमला:** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सीमित अवधि के एक आकर्षक अभियान की घोषणा की है।अभी खरीदें नवरात्रि में भुगतान करें अभियान इसके लोकप्रिय मॉडल टोयोटा ग्लैंजा और अर्बन क्रूजर हाइराइडर पर लागू है।विशेष रूप से तैयार की गई यह योजना टोयोटा फाइनेंशियल सर्विसेज (टीएफएस)के सहयोग से तैयार की गई है ताकि ग्राहकों को कार का स्वामित्व हासिल करने में बेजोड़ लचीलापन और सुविधा प्रदान की जा सके।नाम से ही स्पष्ट है कि यह योजना ईएमआई से तीन महीने की मुक्ति प्रदान करती है। इससे ग्राहक आज ही अपना टोयोटा वाहन घर ले जा सकते हैं और इस साल के नवरात्रि के त्यौहारी सीजन के आसपास अपनी ईएमआई का भुगतान शुरू कर सकते हैं।

**उत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल इंजीनियर-चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | टी-28 एम/सी का उपयोग करते हुए डीएलआई-बीटीआई सेक्शन पर एडीईएन/आरओके सेक्शन में टर्नआउट स्लीपरों के साथ-साथ पॉइंट्स और क्रॉसिंग के टीटीआर के साथ आपूर्ति, स्टैकिंग और पुटिंग (निविदा संख्या 42-25-26-W-IV) |
| अनुमानित लागत | रु.47,43,640/- |
| धरोहर राशि | रु.94,900/- |
| ई-निविदा भरने का दिनांक और समय ई-निविदा खुलने का दिनांक और समय | ई-निविदा भरने का समय शुरू दिनांक 26.06.2025 को 15.00 बजे से निविदा खुलने का समय दिनांक 10.07.2025 को 15.00 बजे तक। |
| निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |

पत्र संख्या : 128-डब्लू/260/निविदा सूचना/24-25/डब्लू-IV
दिनांक: 16.06.2025 1791/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढ़ी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढ़ी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं. | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 04092 | नई दिल्ली | 19:30 | हावड़ा जंक्शन | 21:40 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.07.2025 तक |
| 04091 | हावड़ा जंक्शन | 23:50 | नई दिल्ली | 01:00 | | गुरु, रवि | 20.07.2025 तक |
| 04216 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | साबरमती | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04215 | साबरमती | 08:50 | सुल्तानपुर जंक्शन | 11:00 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09639 | मदार जंक्शन | 04:30 | रोहतक जंक्शन | 12:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 09640 | रोहतक जं | 13:20 | मदार जंक्शन | 22:35 | | | 30.06.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 03435 | मालदा टाउन | 09:30 | आनंद विहार (ट.) | 13:40 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03436 | आनंद विहार (ट.) | 15:45 | मालदा टाउन | 23:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 06597 | यशवंतपुर जं | 07:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 10:20 | साप्ताहिक | गुरुवार | 19.06.25 से 03.07.25 |
| 06598 | योग नगरी ऋषिकेश | 17:55 | यशवंतपुर जं | 19:45 | | शनिवार | 21.06.25 से 05.07.25 |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 6 दिन | शुक्र को छोड़कर | 03.08.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.08.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोम | 14.07.2025 तक |
| 07077 | चर्लापल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लापल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

**उत्तर रेलवे**
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# संकीर्ण जीवन-दृष्टि और टूटती नैतिक रीढ़

## संपादकीय

### मरुस्थलीकरण: नीतिगत चूक या जलवायु संकट?

**धरती** की छाती पर उभरी गहरी दरारें आज उसकी मूक चीखों का जीवंत प्रमाण हैं। कभी हरे-भरे लहलहाते खेत अब प्यास से सूखकर बंजर हो चले हैं, मानो जीवन की हरियाली उनसे रूठ गई हो। गांव, जो कभी हंसी-खुशी और जीवन की चहल-पहल से गूंजते थे, अब सन्नाटे और खालीपन की गोद में सिमट रहे हैं। मरुस्थलीकरण और सूखा कोई दूर की काल्पनिक कहानी नहीं, बल्कि हमारे पैरों तले धीरे-धीरे पनप रही एक भयावह तबाही है। हर साल 17 जून को विश्व मरुस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस हमें इस संकट की गहराई में झांकने और सचेत होने का कड़ा संदेश देता है। यह दिन केवल जागरूकता का प्रतीक नहीं, बल्कि एक जोरदार पुकार है—धरती को बचाने की, जीवन को संवारने की, और उस हरियाली को लौटाने की, जो हमारी सांसे हैं। यदि हम अब भी नहीं जागे, तो वह भयानक मंजर दूर नहीं, जब उपजाऊ मिट्टी की जगह रेत के अनंत टीले और प्यास की तपिश ही हमारी विरासत बनकर रह जाएंगे।

मरुस्थलीकरण का अर्थ केवल रेगिस्तानों का फैलाव नहीं है। यह उस प्रक्रिया का नाम है, जिसमें उपजाऊ भूमि अपनी उत्पादकता खो देती है। जब खेत बंजर हो जाते हैं, तो सिर्फ फसलें ही नहीं मरतीं, बल्कि उन पर निर्भर समुदायों का सामाजिक और आर्थिक ढांचा भी ढहने लगता है। संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर 40 प्रतिशत से अधिक भूमि मरुस्थलीकरण से प्रभावित है, जो 2.1 बिलियन हेक्टेयर क्षेत्र को कवर करती है। भारत में यह संकट और भी गंभीर है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की 2023 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, देश की 32.8 प्रतिशत भूमि—लगभग 105 मिलियन हेक्टेयर—मरुस्थलीकरण की चपेट में है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, और उत्तर प्रदेश जैसे राज्य इस खतरे से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। अनियंत्रित शहरीकरण, जंगलों की अंधाधुंध कटाई, रासायनिक खेती, और जल संसाधनों का अत्यधिक दोहन इस संकट को तेज कर रहे हैं। विश्व बैंक की 2024 की एक रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि मरुस्थलीकरण के कारण भारत में प्रति वर्ष 2.5 प्रतिशत जीडीपी का नुकसान हो रहा है, जो खेती, आजीविका, और पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को दशार्ता है। सूखा इस संकट का सबसे भयावह चेहरा है। जब बारिश अनियमित हो जाती है, जलाशय सूखने लगते हैं, और भूजल स्तर गिरता चला जाता है, तो जीवन का आधार ही डगमगा जाता है। केंद्रीय जल आयोग की 2024 की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के 718 जिलों में से 42 प्रतिशत सूखे की चपेट में हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के आंकड़ों के अनुसार, 2020 से 2024 के बीच सूखे के कारण 68 प्रतिशत कृषि भूमि प्रभावित हुई, जिससे लाखों किसानों की आजीविका छिन गई। सूखे का प्रभाव केवल फसलों तक सीमित नहीं है; यह भूख, बेरोजगारी, और पलायन को जन्म देता है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व स्तर पर मरुस्थलीकरण और सूखे के कारण 1.8 बिलियन लोग खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, और भारत में यह संख्या 20 करोड़ से अधिक है।

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

> "यह धारणा कि "साध्य ही सब कुछ है, साधन की परवाह नहीं", अब आम होती जा रही है। इस विचारधारा ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, संवेदना और कर्तव्य जैसे नैतिक मूल्यों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज का समाज एक ऐसे व्यक्तिवाद का शिकार है जहाँ "मैं" ही प्राथमिक है, "हम" का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। यह आत्मकेन्द्रिकता हर क्षेत्र में दिखाई देती है—शहरी नियोजन से लेकर पारिवारिक ढांचे तक। बड़े-बड़े शहरों में सामूहिक स्थानों, खेल मैदानों, पुस्तकालयों और सार्वजनिक चौपालों की संख्या घट रही है। लोग एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं, संवाद सीमित होता जा रहा है और सामाजिक जुड़ाव केवल डिजिटल नेटवर्कों तक सिमट कर रह गया है। यहां तक कि त्योहार और पारिवारिक आयोजन भी अब "फोटो-ऑप" बनकर रह गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर दिखाना होता है"



**वर्तमान** जीवनशैली में सफलता का पैमाना केवल संपत्ति, आलीशान घर, ब्रांडेड कपड़े और कारों में निहित है। यदि कोई व्यक्ति आर्थिक रूप से सक्षम है, तो उसे अपने समाज में स्वतः ही "सफल" माना जाने लगता है, भले ही उस सफलता के पीछे बेईमानी, छल-कपट, शोषण या नैतिक गिरावट क्यों न हो। यह धारणा कि "साध्य ही सब कुछ है, साधन की परवाह नहीं", अब आम होती जा रही है। इस विचारधारा ने ईमानदारी, सत्यनिष्ठा, संवेदना और कर्तव्य जैसे नैतिक मूल्यों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। आज का समाज एक ऐसे व्यक्तिवाद का शिकार है जहाँ "मैं" ही प्राथमिक है, "हम" का कोई विशेष महत्व नहीं रहा। यह आत्मकेन्द्रिकता हर क्षेत्र में दिखाई देती है—शहरी नियोजन से लेकर पारिवारिक ढांचे तक। बड़े-बड़े शहरों में सामूहिक स्थानों, खेल मैदानों, पुस्तकालयों और सार्वजनिक चौपालों की संख्या घट रही है। लोग एक-दूसरे से कटते जा रहे हैं, संवाद सीमित होता जा रहा है और सामाजिक जुड़ाव केवल डिजिटल नेटवर्कों तक सिमट कर रह गया है। यहां तक कि त्योहार और पारिवारिक आयोजन भी अब "फोटो-ऑप" बनकर रह गए हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य सोशल मीडिया पर दिखाना होता है, न कि किसी भी प्रकार की वास्तविक आत्मीयता साझा करना। भौतिकता के इस अंधे दौड़ में तात्कालिक सुख को दीर्घकालिक भलाई पर प्राथमिकता दी जा रही है। संयम, अनुशासन और तप की भावना कमजोर पड़ती जा रही है।

सोशल मीडिया, उपभोक्ता वस्तुओं और बाजारवादी प्रचार के जरिए यह धारणा पक्की कर दी गई है कि अधिकतम उपभोग ही सुख का पर्याय है। लोग तुरंत मिल रहे संतोष में इतना लिप्त हो चुके हैं कि आत्म-संयम, आत्मनिरीक्षण और दीर्घकालिक दृष्टिकोण जैसी प्रवृत्तियाँ हास्यास्पद प्रतीत होती हैं।

उपभोग के निर्णयों में नैतिकता का कोई स्थान नहीं बचा है। हम जो पहनते हैं, खाते हैं या उपभोग करते हैं—उसके पीछे की कहानी, चाहे वह पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली हो या किसी मजदूर के शोषण की, हमें प्रभावित नहीं करती। उदाहरण के लिए, फास्ट फैशन का उद्योग आज भी फल-फूल रहा है, भले ही हम सबको पता है कि इसमें कैसे सस्ते श्रम और पर्यावरणीय संसाधनों का दोहन होता है। नैतिक उपभोक्तावाद आज भी केवल कुछ सीमित वर्गों तक सिमटा हुआ है।

इस सोच का परिणाम है कि समाज में नैतिक मूल्यों का क्षरण तीव्र गति से हो रहा है। लोग अब परिणामों को ही सब कुछ मानते हैं—उस परिणाम की प्राप्ति की प्रक्रिया चाहे जितनी भी अपारदर्शी या अनैतिक क्यों न हो। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं है, बल्कि कॉर्पोरेट दुनिया, राजनीति, शिक्षा, चिकित्सा, और मीडिया जैसे हर संस्थान में दिखती है। जब लाभ की भूख नैतिक सीमाओं को लांघती है, तब कॉर्पोरेट घोटाले जन्म लेते हैं, नेताओं की ईमानदारी संदेह के घेरे में आती है और शिक्षा की पवित्रता पर व्यापार हावी हो जाता है।

नैतिक मूल्यों का ह्रास केवल संस्थागत नहीं है—व्यक्तिगत स्तर पर भी सहानुभूति और करुणा कम होती जा रही है। आज का व्यक्ति अपने लक्ष्य की पूर्ति में इतना डूबा हुआ है कि उसे पड़ोसी की पीड़ा, बुजुर्गों की उपेक्षा, या मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं से कोई सरोकार नहीं रह गया है। यह संवेदनहीनता धीरे-धीरे समाज को ऐसे व्यक्तियों का समूह बना रही है जो साथ रहते हुए भी अकेले हैं, और जिनके बीच आत्मीयता नहीं, केवल उपयोगिता का संबंध रह गया है।

साथ ही, नैतिक सापेक्षवाद का चलन भी बढ़ा है। जो चीजें पहले स्पष्ट रूप से सही और गलत मानी जाती थीं, अब उन्हें परिस्थितियों के अनुसार उचित या अनुचित ठहराया जाने लगा है। परीक्षाओं में नकल करना, कार्यस्थलों पर झूठ बोलना, रिश्वत देकर काम करवाना—इन सबको अब "सिस्टम का हिस्सा" मान लिया गया है। यह विचार कि "अगर सब कर रहे हैं, तो मैं क्यों नहीं?" एक सामूहिक नैतिक पतन का संकेत है।

यह सब केवल सामाजिक नहीं, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी खतरनाक है। जब जीवन का उद्देश्य केवल अधिक से अधिक उपभोग बन जाता है, तो संसाधनों का दोहन अपरिहार्य हो जाता है। जलवायु परिवर्तन, जल संकट, जैव विविधता का विनाश—ये सब इसी "अच्छे जीवन" की भ्रामक परिभाषा के दुष्परिणाम हैं। यह विडंबना ही है कि हम एक ऐसा जीवन जीने की कोशिश कर रहे हैं जो पृथ्वी के भविष्य को ही अंधकारमय बना रहा है।

आज की स्थिति यह है कि नैतिकता अब केवल ब्रांडिंग का एक उपकरण बन गई है। बड़ी-बड़ी कंपनियाँ और संस्थाएँ "कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व" के नाम पर कुछ घटनात्मक कार्यक्रम करके अपने दामन को उजला दिखाने का प्रयास करती हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर परिवर्तन नहीं होता। यह "सतही नैतिकता" समाज को धोखा देने के साथ-साथ आत्मप्रवंचना को भी जन्म देती है। यदि हमें इस गिरावट को रोकना है और एक संतुलित, करुणामय तथा नैतिक समाज की ओर बढ़ना है, तो हमें "अच्छे जीवन" की धारणा को पुनर्परिभाषित करना होगा। जीवन की सफलता को केवल संपत्ति और प्रतिष्ठा से नहीं, बल्कि उद्देश्य, सद्गुणों, सहानुभूति और सामूहिक भलाई से जोड़ना होगा। इस दिशा में कुछ परंपरागत दर्शन—जैसे बौद्ध धर्म, गांधीवाद और जैन दृष्टिकोण—महत्वपूर्ण संकेत देते हैं। ये परंपराएँ आंतरिक संतुलन, अपरिग्रह, और नैतिक अनुशासन को जीवन की सफलता का आधार मानती हैं।

एक अच्छा जीवन वह है जो केवल अपने लिए नहीं, दूसरों के लिए भी जिया जाए। जिसमें सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय संवेदनशीलता और आत्म-संयम हो। जहाँ हम जो उपभोग करें, वह जिम्मेदारी के साथ करें—यह सोचकर कि हमारे निर्णय दूसरों को, प्रकृति को और आने वाली पीढ़ियों को कैसे प्रभावित करेंगे। सरकार द्वारा शुरू किया गया ह्लछत्रह्व (छी२३८ी ङ्क१ एल्ल५१ङ्कल्लीेल्ल३) जैसे अभियान इस दिशा में एक सकारात्मक प्रयास हैं, परंतु इनका प्रभाव तभी होगा जब वे समाज के हर वर्ग तक नैतिक चेतना के साथ पहुँचें। इस प्रक्रिया में शिक्षा की भी केंद्रीय भूमिका है। नई शिक्षा नीति 2020 ने नैतिक और जीवन कौशल शिक्षा को प्राथमिकता देने की बात की है, जो एक स्वागतयोग्य कदम है। अगर हम प्रारंभिक स्तर पर बच्चों को सहानुभूति, कर्तव्य, सच्चाई और न्याय जैसे मूल्यों से परिचित कराएँ, तो एक पीढ़ी तैयार हो सकती है जो "अच्छे जीवन" की एक व्यापक और समावेशी परिभाषा को आत्मसात कर सके। अंततः, जीवन का अर्थ केवल जीने में नहीं, बल्कि सही ढंग से जीने में है। और सही ढंग से जीना केवल भौतिक सफलता में नहीं, बल्कि एक ऐसे संतुलन में है जहाँ आत्मा शांत हो, समाज स्वस्थ हो और पृथ्वी संरक्षित हो। यदि हम ऐसा जीवन जीना सीखें, तो शायद हम न केवल अपने लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकें।

## कविता

**घर तो बुजुर्गो के साये से बनता है,**

स्वप्न में आकाश सी ऊंचाई होनी चाहिए,
दिल में सागर सी गहराई होनी चाईये,

कल इतिहास बनेगा या भविष्य,
आँखों में इतनी बिनाई होनी चाहिये
बिनाई- निपुणता,

घर तो बुजुर्गो के साये से ही बनता है,
उनकी इज्जत अफजाई होनी चाईये।

गर ईश्वर में विश्वास हो पक्का तो
पवित्र गीता सी सच्चाई होनी चाहिए।

पड़ोसी खुन के रिश्तों जैसे होते हैं,
इन रिश्तों में गरमाई होनी चाहिए।

गर्भ में पलते बच्चे का भविष्य क्या हो
सद कर्मों की उसमें परछाई होनी चाहिए।

मुद्दतों बाद मिला है आज पुराना दोस्त,
खुशबुओं की खुशनुमाई होनी चाहिए,

जिसने वतन की खातिर खून बहाया,
वतन परस्ती की भरपाई होनी चाहिये

संजीव

## लव जिहाद ही नहीं अब लव अपराध भी है

**मुझे** लगता है कि लव यानि प्यार यानि इश्क से जुडी कहानियों को लेकर मुझे अब बाकायदा किसी विश्वविद्यालय में जाकर शोध कार्य करना पडेगा. सोनम-राजा रघुवंशी कांड के बाद मुझे -'नफरत सी हो गई है, मोहब्बत के नाम से '. लगता है प्रेम अब न जिहाद है, न जिद बल्कि अपराध है, केवल अपराध.

इंदौर के राजा रघुवंशी की उसकी पत्नी सोनम द्वारा हत्या और इंदौर कै ही कांग्रेस पारषद द्वारा लव जिहाद के लिए पार्षद निधि का इस्तेमाल सचमुच चौंकाने वाला मामला है. सोनम कांड एक प्रेम, धोखे, और सुनियोजित हत्या की कहानी है, जिसने न केवल राजा रघुवंशी के परिवार को झकझोर दिया, बल्कि समाज में रिश्तों और विश्वास पर सवाल उठाए। मेघालय पुलिस की जांच अभी भी जारी है, और सोनम की व्हाट्सएप चैट, क्राइम सीन रीक्रिएशन, और अन्य सबूत इस मामले को और स्पष्ट कर सकते हैं। सबसे पहले सोनम की बेवफाई की बात करते हैं. मामला पिछ्ले महीने का है लेकिन हमारे ठलुआ मीडिया ने इसे अभी तक जिंदा रखा हुआ है. सोनम का नाम और हर रोज एक नयी कहानी सुन और पढकर लगता है कि सोनम न हुई चंद्रकांता संतति का अंतहीन किस्सा हो गई. लगता है कि मीडिया ने तय कर लिया है कि वो सोनम को मरने नहीं देगा.सोनम कांड, जिसे मेघालय हनीमून मर्डर केस के रूप में भी जाना जाता है, मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी की हत्या से संबंधित एक हाई-प्रोफाइल आपराधिक मामला है। इस मामले में मुख्य आरोपी उनकी पत्नी सोनम रघुवंशी हैं। यह मामला 2025 में सुर्खियों में आया और इसने पूरे देश में व्यापक चर्चा उत्पन्न की। आपको बता दें कि इंदौर देश में स्वच्छता के मामले में नंवर वन था लेकिन अब अपराध के मामले में नंवर वन है.. भाजपा के राज में इसी इंदौर में हनीट्रेप कांड हुआ था. उस मामले में भी किसी का कुछ नहीं बिगडा और शायद सोनम का भी कुछ नहीं बिगडेगा. मुमकिन है कि रामसे ब्रदर्श सोनम कांड पर कोई हारर फिल्म का ऐलान कर दें.राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई 2025 को हुई थी। शादी के कुछ ही दिनों बाद, सोनम ने अपने पति को हनीमून के लिए मेघालय ले जाने का फैसला किया।मेघालय में, सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह और कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर राजा की हत्या की साजिश रची।.20 मई 2025 को राजा और सोनम मेघालय के लिए रवाना हुए। सोनम ने राजा को शिलांग के पास एक सुनसान रास्ते पर ले गई, जिसे उसने हत्या के लिए चुना था।जांच के अनुसार, सोनम ने राजा को वेइसाडोंग फॉल्स के पास ले जाकर उसकी हत्या करवाई और शव को एक गहरी खाई में फेंक दिया। 2 जून 2025 को राजा का शव खाई में मिला।पुलिस का दावा है कि सोनम ने अपने प्रेमी राज कुशवाह और तीन अन्य लोगों (विशाल सिंह चौहान, आकाश राजपूत, और आनंद कुर्मी) के साथ मिलकर इस हत्या को अंजाम दिया।मकसद:प्रारंभिक जांच में हत्या का मकसद सोनम का राज कुशवाह के साथ अवैध संबंध बताया गया है।कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि सोनम ने राजा की हत्या के लिए 20 लाख रुपये का प्रलोभन देकर सुपारी किलर हायर किए।

## विचार

### "प्रेम, प्रतिष्ठा और पीड़ा की त्रयी: 'राज सर आईपीएस' की मार्मिक गाथा"

**प्रियंका सौरभ**

प्रेम की सबसे सच्ची परीक्षा तब होती है जब वह समय, समाज और सत्ता की सख्त दीवारों से टकराता है। ह्यराज सर आईपीएसह्ल केवल एक प्रेम कथा नहीं, बल्कि एक उच्च शिक्षित, भावुक और समर्पित युगल की ऐसी आत्मकथा है, जिसमें प्रेम के बीज अंकुरित होते हैं, पनपते हैं, एक पवित्र रिश्ते में बदलते हैं और अंततः एक क्रूर व्यवस्था के नीचे कुचल दिए जाते हैं। यह कहानी प्रोफेसर (डॉ.) मंजू वर्मा और आईपीएस अधिकारी राजीव वर्मा के निश्छल प्रेम और अल्पकालिक वैवाहिक जीवन के दुखद अंत की दस्तावेजी व्याख्या है झ्र जो पाठकों की आत्मा को झकझोर देती है।

कहानी का आरंभ होता है पंजाब विश्वविद्यालय के उन खुले, बौद्धिक और जीवन से भरपूर गलियारों से, जहां 19 वर्षीय मंजू चौधरी, इतिहास की छात्रा के रूप में प्रवेश करती हैं और 21 वर्षीय शोधार्थी राजीव वर्मा के साथ उनकी मुलाकात होती है। यह मुलाकात केवल संयोग नहीं थी, बल्कि दो आत्माओं के गहरे जुड़ाव की प्रस्तावना थी। लेखिका ने प्रेम की उस पहली चिंगारी को इतनी कोमलता और गरिमा से प्रस्तुत किया है कि पाठक जैसे उस पल का साक्षी बन जाता है। उनका प्रेम न तो भावुकता की अतिशयोक्ति है और न ही आधुनिक 'डेटिंग संस्कृति' का छायाचित्र। यह प्रेम है झ्र संजीदा, गहन, विचारशील और जीवन की वास्तविकताओं से टकराता हुआ। वेदना, बेचैनी, समर्पण और अंतहीन चाहना झ्र इन चारों भावों की सघन अनुभूति को लेखिका ने इतनी सादगी से शब्दों में पिरोया है कि वे दिल की तहों को भिगो देते हैं। प्रेम विवाह में परिणत होता है। राजीव वर्मा का आईपीएस में चयन होता है झ्र यह क्षण गौरव का तो है, पर नियति यहीं से उलटी चाल चलना शुरू कर देती है। उत्तर प्रदेश कैडर मिलना, पोस्टिंग की जटिलताएं, और फिर एक दिन अचानक एक रहस्यमयी सुबह... जब सब कुछ खत्म हो जाता है। यहाँ लेखिका की लेखन शैली न केवल साहित्यिक सौंदर्य का नमूना बनती है, बल्कि भावनात्मक ईमानदारी का चरम भी दिखाती है। प्रेमी-पति के यूँ अचानक चले जाने के बाद की अनुभूतियों को उन्होंने आँसुओं से नहीं, शब्दों से तराशा है झ्र शब्द जो चुभते हैं, रुलाते हैं, और पाठक को किसी नाटक के दर्शक नहीं, एक हिस्सा बना देते हैं। राजीव वर्मा की मृत्यु मात्र एक व्यक्तिगत क्षति नहीं थी। एक होनहार आईपीएस अधिकारी, एक समर्पित पति, और दो छोटे बच्चों के पिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु पर सरकार और प्रशासन की खामोशी अपने आप में एक प्रश्नचिह्न है। लेखिका इस भाग को बहुत संक्षेप में छूती हैं झ्र शायद यह उनके जीवन का सबसे कठिन हिस्सा था, शायद मां होने का दायित्व उस क्षण लेखिका के अंदर की जिज्ञासु इतिहासकार को शांत रहने के लिए विवश कर गया। यही इस आत्मकथा की सबसे बड़ी विडंबना है झ्र जहाँ शुरूआत से लेकर विवाह तक घटनाएं विस्तार से, गहराई से और भावुकता से प्रस्तुत हैं, वहीं घटना की जांच, साजिश की संभावनाएं, और उसके बाद की न्यायिक प्रक्रिया बहुत सतही तौर पर दर्ज की गई हैं। यह अधूरापन खटकता है, और पाठक के मन में एक टीस छोड़ जाता है। ह्यराज सर आईपीएसह्ल का समापन जितना भावुक है, उतना ही अधूरा भी लगता है।

पाठक के मन में कई प्रश्न अनुत्तरित रह जाते हैं झ्र क्या यह केवल एक दुर्घटना थी? क्या इसमें किसी प्रशासनिक या राजनीतिक साजिश की भूमिका थी? क्या कोई न्यायिक प्रक्रिया चली? मंजू वर्मा ने कैसे जीवन के उस अंधकारमय दौर को जिया? उनके दो छोटे बच्चों का भविष्य कैसे आकार लिया? इन प्रश्नों का उत्तर उपन्यास के पहले भाग में नहीं मिलता।

ऐसे में आवश्यकता महसूस होती है एक दूसरे खंड की, जो इस कहानी को न्यायपूर्ण निष्कर्ष तक पहुँचाए झ्र जहाँ न केवल प्रेम की पीड़ा का दस्तावेज हो, बल्कि न्याय और संघर्ष का भी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया ऑफिस, के-6बी, केवल पार्क एक्सटेंशन, दिल्ली - 33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### हिन्दी की छाती पर अंग्रेजी की चप्पल

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

जब साहब का आदेश आया कि ह्लहिन्दी में फाइल लिखो, अंगरेजी में नहीं,ह्व तो हमारे विभाग के कम्प्यूटर जैसे सन्न हो गए। उधर चपरासी ने चाय पूछी, इधर बाबू ने हिन्दी का पहला अक्षर पूछा—ह्लभाई, फाइल में ह्यरिफरेंसह्ल की जगह क्या लिखें? संदर्भ? सुनते ही पेट में मरोड़!ह्व कम्प्यूटर ने पंखा रोक दिया, प्रिंटर ने दस्ताने पहन लिए। जैसे ही एक वरिष्ठ अधिकारी ने फाइल पर ह्यनिवेदन है किङ्खह्ल लिखा, नीचे से आत्मा कांपी और बोली—"मुझे इस अपमान से बचा लो, हे टाइपराइटर के देवता!"

दफ्तर में हिन्दी ऐसे चल रही थी जैसे बैलगाड़ी में रेसिंग करवाना। जो लोग अंगरेजी में थे, अब ह्लआपका विश्वासपात्रह्व लिखकर आत्महत्या के कगार पर थे। टाई लगाए बाबू अब हिन्दी में ह्यसंलग्नकह्ल और ह्यप्रेषितह्ल जैसे शब्द देखकर बाथरूम भाग जाते थे। कुछ ने तो हिंदी शब्दकोश को इस तरह घूरा जैसे वो सीबीआई की चार्जशीट हो। एक बाबू ने ह्लसूचनाह्व को ह्लइनफॉर्मेशनह्व समझ कर छुट्टी की अर्जी दी—ह्लसर, माफ कीजिएगा, मैं हिंदी से डर गया हूँ। हिन्दी अब फाइलों की देहरी पर थी, पर भीतर घुसने नहीं दिया जा रहा था।

अधिकारी महोदय ने तो कसम खा ली थी—ह्लमैं अंगरेजी छोड़ सकता हूँ, पर अपनी बीवी की जगह हिन्दी नहीं!ह्व वह रोज अपने कमरे में हिन्दी की आत्मा को बुलाते थे और कहते—ह्लआ जाओ, घबराओ मत, तुम माँ होङ्कपर कमरे में पैर मत रखो।ह्व जैसे ही हिन्दी ह्यकार्यालय आदेशह्ल में आई, सबने अपने मोबाइल में गूगल ट्रांसलेट डाउनलोड कर लिया। एक दिन दफ्तर में एक नयी कन्या आई—वह संस्कृत में एम.ए. थी और हिन्दी को सीने से लगाकर लाई थी। उसने जब फाइल में लिखा—ह्लप्रेषक को सूचित किया जाए किङ्खह्व तब साहब ने आँखें बंद कर लीं। बोले—ह्लऐसा तो मैंने जीवन में आखिरी बार गुरुकुल में सुना था, जब मुझे तुलसीदास की चौपाइयाँ पढ़नी थीं।ह्व फिर धीरे से बोले—ह्लतुम्हारी हिन्दी से मेरी अंग्रेजी शरमा गई है। हिन्दी अब सबके लिए हथियार नहीं, हथकड़ी बन गई थी। बच्चे ट्यूशन में जाकर ह्लगुड मार्निंगह्व की जगह ह्लशुभ प्रभातह्व बोलते थे तो मम्मी कहती थीं—ह्लये क्या संस्कृत सिखा रहे हैं वहां?ह्व कार के शीशे पर स्टिकर लगने लगे—ह्लसीमित गति में चलें, क्योंकि हिन्दी ज़िंदा है।ह्व हिन्दी अब प्यार की नहीं, परीक्षा की भाषा हो गई थी। जिसे हिन्दी आती थी, वह लाचार था। जिसे नहीं आती थी, वह अफसर।

### धार्मिक यात्रा में बढ़ती हवाई दुर्घटनाएं

**प्रभुनाथ शुक्ल**

भारत धर्म और आस्था का देश है, लेकिन यहाँ धार्मिक यात्राएं सुरक्षित नहीं हैं। जब चारधाम जैसी यात्रा भी सुरक्षित नहीं है तो दूसरे की बात छोड़िए। धार्मिक स्थलों पर आए दिन श्रद्धालुओं के मरने की घटनाएं होती रहती हैं। उत्तराखंड में आए दिन हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं सुर्खियों में हैं। मई और जून में अब तक पांच दुर्घटनाएं सिस्टम को हिलाकर रख दिया है। हादसों में चालक दल के साथ 14 लोग मारे जा चुके हैं। पवित्र चारधाम यात्रा के दौरान यह आम बात हो गई है। जून 2009 से जून 2025 तक 15 हेलीकॉप्टर क्रैश की घटनाएं हो चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबित 16 साल में इस तरह की दुर्घटनाओं में 45 लोगों की मौत हुई है। रविवार 15 जून को गौरीकुंड के पास एक हेलीकॉप्टर की दुर्घटना में पायलट सहित 7 लोग मारे गए। चार धामयात्रा प्रबंधन ने इसके पूर्व हुई दुर्घटनाओं से सबक नहीं लिया। 17 मई को केदारनाथ में एम्स ऋषिकेश की एक हेली एम्बुलेंस की इमरजेंसी लैंडिंग हुई जिसमें हेलीकॉप्टर का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबित 12 वर्षों में केदारनाथ में कुल 14 हेलीकॉप्टर दुर्घटनाएं हुई हैं, जिनमें 33 लोगों की मौत हुई। धार्मिक यात्रा के दौरान बढ़ता जोखिम हमारी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। नागरिक और उड्डयन मंत्रालय को इस तरह के हादसों पर गंभीर कदम उठाने की आवश्यकता है। निजी एविएशन कंपनियों पर नकेल कसने की जरूरत है। धार्मिक स्थलों पर बढ़ते हादसे हमारे विश्वास और आस्था पर चोट पहुँचाते हैं। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा के दौरान बढ़ते हेलीकॉप्टर हादसे को देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। निश्चित रूप से राज्य सरकार का यह उचित फैसला। भारत सरकार के डीजीसीए ने अगले आदेश तक हेलीकॉप्टर की सभी उड़ानों पर रोक लगा दिया है। लेकिन सिर्फ रोक से काम नहीं चलेगा सम्वधित घटनाओं की जाँच होनी चाहिए। सवाल उठता है किस तकनीकी गड़बड़ियों की वजह से हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। किस स्तर पर लापरवाही बरती जा रही है।

## न्यूज फ्लैश

### प्रशासनिक कारणों से नगरपालिका सदन की बैठक रद्द, अब शुक्रवार को होगी बैठक



**रादौर (कुलदीप सैनी)** : नगरपालिका सदन की मंगलवार (आज) को प्रस्तावित बैठक को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए नगरपालिका चेयरमैन रजनीश मेहता ने बताया कि बैठक में शहर से जुड़े विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा होनी थी, लेकिन अचानक उत्पन्न हुए प्रशासनिक कारणों के चलते बैठक को स्थगित करना पड़ा है। उन्होंने बताया कि अब यह बैठक आगामी 20 जून शुक्रवार को आयोजित की जाएगी, जिसमें शहर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार किया जाएगा। मेहता ने कहा कि वे शहर में लम्बित पड़ी विकास परियोजनाओं को शीघ्र गति देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि शहर में निमार्णाधीन खेल स्टेडियम, नया अस्पताल तथा लघु सचिवालय का निर्माण कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

### कार पर अंधाधुंध फायरिंग का मामला, वन विभाग पर लगे आरोप वन विभाग ने शहजादपुर पुलिस थाने में करवाया मामला दर्ज

**यमुनानगर 16जून (धर्मबीर)– टीम एक्शन इंडिया**
छछरौली क्षेत्र के जाटोंवाला गांव निवासी दो युवकों की कार पर अंधाधुंध फायरिंग का मामला सामने आया है। जिसमें एक युवक को गोलिंयों के छर्रे लगने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक दोनों स्विफ्ट कार से चंडीगढ़ निजी काम से जा रहे थे। शहजादपुर के पास उनकी कार पर अंधाधुध फायरिंग हो गई। इस दौरान शाहरुख घायल हो गया और वह किसी तरह जान बचाकर अपने गांव पहुंचे और छछरौली पुलिस थाना को शिकायत दी। घायल शाहरुख ने बताया कि वह चंडीगढ़ अस्पताल में गांव के युवक को मिलने जा रहे थे। शहजादपुर से आगे सड़क पर एक पिकअप गाड़ी को ओवरटेक करते हुए उनकी कार पर फायरिंग हुई। करीब दर्जनभर गोलियां गाड़ी में लगी हैं। वहीं शाहरुख के सिर और गर्दन में गोलियों के छर्रे लगे हैं। छछरौली थाना प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि उन्हे सूचना प्राप्त हुई थी कि कार पर फायरिंग हुई है। जिस थाना क्षेत्र में यह वारदात हुई है वहां सूचना दी जाएगी और मामले की जांच करवाई जाएगी। वहीं इस मामले में वन विभाग अधिकारी दिनेश पूनिया ने बताया कि संबंधित थाने में 3 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। वहीं शहजादपुर थाना प्रभारी ने बताया कि वन विभाग की तरफ से खैर तस्करी के मामले की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत पर 3 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग: निरंजन लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला खनन अधिकारी निरंजन लाल ने बताया कि महानिदेशक केएम पांडुरंग और उपायुक्त उत्तम सिंह के निदेर्शों के तहत जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर नियंत्रण बनाए रखने के लिए जांच अभियान जारी है।
इसी कड़ी में सोमवार को खनन विभाग और हरियाणा राज्य एनफोर्समेंट ब्यूरो की संयुक्त टीम में शामिल एएसआई मोहन लाल, एएसआई नवीन, ईएसआई राजेंद्र, माइनिंग गार्ड रोहतास द्वारा चैकिंग के दौरान घरौंडा के गांव हरिसिंह पुरा बस स्टेंड के पास रेत से भरी 2 ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़ा गया। जिन ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालको के पास बिल नहीं पाया गया। इसी कारण इन वाहनों को जब्त कर खनन विभाग की टीम द्वारा घरौंडा थाने में पहुंचाया गया है।
निरंजन लाल ने बताया अवैध खनन की रोकथाम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सजग है। जिला में अवैध खनन किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जाएगा और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
अवैध खनन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्कूलों को निशाना बनाने वाला साइबर ठग गिरफ्तार

**नूंह मेवात (लियाकत अली )**: पुलिस ने एक बड़े साइबर अपराधी को गिरफ्तार किया है जो भुगतान के लिए लिंक संदेश भेज कर स्कूलों से ठगी करता था। आरोपी की पहचान सलीम उर्फ सल्ली पुत्र इकबाल, निवासी जालिका थाना पिनंगवा जिला नूंह के रूप में हुई है। पुलिस ने सलीम के कब्जे से एक फर्जी मोबाइल फोन और सिम कार्ड बरामद किया। जिला पुलिस प्रवक्ता कृष्ण कुमार के अनुसार सलीम का अपराध करने का तरीका बेहद चालाकी भरा था। वह गूगल से कर्नाटक और हैदराबाद के निजी स्कूलों के अकाउंटेंट्स के संपर्क नंबर खोजता था। इसके बाद, वह स्कूल के अकाउंटेंट्स को बच्चों की फीस के नाम पर फर्जी भुगतान संदेश भेजता और फिर फोन कर यह दावा करता कि गलती से अधिक राशि जमा हो गई है, जिसे वापस करने की मांग करता।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महापौरों को बताया शहरों के विकास का सारथी

## पंचकूला में अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक का आयोजन

**संकल्प**

▶▶ हरियाणा में शहरी विकास को मिली नई गति, 2047 तक बड़ा बदलाव लाने का संकल्प



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर परिषद की 115वीं कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए। (16.06.2025)

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुला** मैनपाल -- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि महापौर अपने-अपने शहरों के प्रथम नागरिक होने के साथ-साथ वहां के विकास और प्रगति के प्रत्यक्ष सारथी भी हैं। उन्होंने कहा कि महापौर सरकार की नीतियों और योजनाओं को धरातल पर उतारते हैं, नागरिकों की आकांक्षाओं को समझते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। स्थानीय स्वशासन की परिकल्पना में महापौर रीढ़ के समान हैं।
मुख्यमंत्री श्री सैनी आज पंचकूला में आयोजित अखिल भारतीय महापौर कार्यकारी परिषद की 115वीं बैठक को संबोधित कर रहे थे।
शहर आर्थिक विकास के इंजन और नवाचार के केंद्र
मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में महापौर जनता द्वारा सीधे चुने जाते हैं और उनके पास कार्यकारी शक्तियां होती हैं। यह व्यवस्था नागरिकों और जनप्रतिनिधियों के बीच मजबूत सेतु बनाती है और निर्णय प्रक्रिया को अधिक जवाबदेह तथा प्रभावी बनाती है। उन्होंने कहा कि आज जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब शहरों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो गई है। शहर केवल निवास स्थान नहीं हैं, बल्कि आर्थिक विकास के इंजन, नवाचार के केंद्र और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के संगम हैं।
अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मान रहा है हरियाणा
मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम अर्बनाइजेशन को चुनौती नहीं, अवसर मानते हैं। हमारा विजन है कि शहर ह्यईज ऑफ लिविंगह्ल और ह्यईज ऑफ डूइंग बिजनेसह्ल का संगम बनें। हमें शहरों को केवल इमारतों और सड़कों का ढांचा नहीं बनाना, बल्कि उन्हें जीवंत, संवेदनशील और आत्मनिर्भर भी बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की लगभग 900 मिलियन आबादी शहरों में निवास करेगी। यह सिर्फ संख्या नहीं है, बल्कि एक बड़ी संभावना है।

## नगराधीश ने समाधान शिविर में सुनी समस्याएं




**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा,(रणबीर खटक)**
हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश यश मलिक ने आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। जिला में आयोजित समाधान शिविरों में कुल 19 शिकायतें आई।
नगराधीश यश मलिक ने कहा कि सभी विभाग आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के साथ तय समय में पूरा करें, ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्धता के साथ स्थाई समाधान हो, यही जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों के शीघ्र निपटान में तत्परता के साथ कार्य करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविर आयोजित कर लोगों की समस्याएं हल की जा रही है।

## बिना नंबर प्लेट व पटाखा बुलेट के लिए लाडवा पुलिस ने चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक)** : लाडवा थाना प्रभारी सुनील वत्स ने लाडवा में एक विशेष अभियान चलाकर लाडवा शहर में बिना नंबर प्लेट व पटाखा बुलेट मोटरसाइकिल चालकों को व काले रंग की गाड़ियों वाले वाहन चालकों पर सख्ती करनी शुरू कर दी है। थाना प्रभारी सुनील वत्स ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के आदेश अनुसार लाडवा सीएम सिटी होने के कारण यहां पर पुलिस द्वारा कुछ नियमों के अंतर्गत वाहन चालकों की तलाशी की जा रही है, ताकि कोई भी अप्रिय घटना होने से रोका जा सके।

## सरकार ने जनता से किए हर वादे को किया पूरा: कैबिनेट मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**
कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि केंद्र सरकार का 11 साल का कार्यकाल सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता से किए हर वादे को पूरा करने का काम किया है।
केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी का कैबिनेट मंत्री ने अवलोकन करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से आमजन को सरकार की महत्वपूर्ण जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। प्रदर्शनी के अवलोकन दौरान उनके साथ



डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, तहसीलदार सिरसा भुवनेश कुमार, डीएसडब्ल्यूओ सत्यवान ढिलौड, डीडब्ल्यूओ राकेश कुमार, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, भाजपा जिलाध्यक्ष सिरसा यतिंद्र सिंह एडवोकेट, जिलाध्यक्ष डबवाली रेणू शर्मा, जिला प्रभारी वेद फुल्लां, सिरसा नगरपरिषद चेयरमैन वीर शांति स्वरूप सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।
सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग हरियाणा द्वारा सिरसा स्थित सरल केंद्र परिसर में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कैबिनेट मंत्री ने जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी ली। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रदर्शनी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी मिलेगी।
सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए किया काम
कैबिनेट मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए हैं। संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत इन कार्यों की जानकारी देने के लिए जनता के बीच जाएंगे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाएंगे। उन्होंने कहा कि गरीब कल्याण से लेकर महिला सशक्तिकरण, किसान के हितों की रक्षा और बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण सहित हर वर्ग-क्षेत्र में विकास हुआ है।

## ओ आर एस का घोल पिलाएं, बच्चों को दस्त से बचाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा (विजय कौशिक)** आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कृष्णकांत ने दस्त रोको अभियान की शुरूआत करते हुए सभी को बताया कि 16 जून से 31 जुलाई तक ये अभियान चलाया जाएगा।5 साल तक के बच्चों में 40% मृत्यु दस्त के कारण हो जाती हैं । जोकि एक गंभीर विषय है ।इसलिए सरकार द्वारा समय समय पर ये प्रोग्राम चलाया जाता है ताकि बच्चों की दस्त के कारण होने वाली मृत्यु दर को कम किया जा सके ।सभी आशा वर्कर्स को बताया गया कि वे घर घर जाकर 5 साल तक के सभी बच्चों के लिए ओ आर एस के पैकेट और जिंक की गोलियां दें । घर में ओ आर एस का घोल तैयार करने की विधि बताई गई । 2 महीने से 6 महीने के बच्चे को जिंक की आधी गोली ओर 6 महीने से 5 साल के बच्चे को 1 गोली 14 दिन के लिए देनी है ।ताकि बच्चे को दस्त जैसी जानलेवा बीमारी से बचाया जा सके ।
दस्त के कारण बच्चों में पानी की कमी हो जाती है ।इसलिए बच्चों को निर्जलीकरण से बचाने के लिए ओ आर एस का घोल बनाकर हर दस्त के बाद बच्चे को पिलाना चाहिए । ओ आर एस के पैकेट और जिंक की गोलियां हर स्वास्थ्य केंद्र पर निशुल्क उपलब्ध हैं ।घर में भी ये तैयार

## मुख्यमंत्री की लाडवा विधानसभा की युवतियां सिलाई सीखकर बनेंगी आत्मनिर्भर:सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा** :मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की विधानसभा लाडवा के 40 गांवों की युवतियों को सिलाई सीख कर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा।
मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के योजना के तहत सरकार अंत्योदय परिवारों को स्वरोजगार और रोजगार सृजन के अवसर प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय परिवारों की वार्षिक आय को बढ़ाने के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और




रोजगार सृजन के उपायों को अपना रही है। इनमें से सिलाई केन्द्र खोलना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जल्द ही चारों मंडलों में एक-एक ब्यूटीशियन सेंटर, सोलर रिपेयर केन्द्र भी खोले जाएंगे।
मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी सोमवार को स्किल फाउंडेशन गुरुग्राम के सहयोग से गांव बिहोली, रामसरण माजरा, बकाली और बपदी में तैयार किए गए सिलाई सेंटरों का उद्घाटन किया। उनके साथ स्किल फाउंडेशन गुरुग्राम के एजीएम आरके सिंह भी मौजूद रहे। प्रत्येक गांव में एक ग्रुप में 50-50 महिलाओं को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाडवा विधानसभा के सभी मंडलों में एक-एक सिलाई सेंटर की शुरूआत की गई है। इन केंद्रों पर अंत्योदय की नीति से महिलाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रत्येक सिलाई सेंटर पर आस-पास के 10-10 गांवों को कवर किया जाएगा।
मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रभारी कैलाश सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार की अंत्योदय नीति का उद्देश्य प्रदेश के सबसे गरीब परिवारों की आय बढ़ाना और उन्हें समाज की मुख्यधारा में शामिल करना है। अंत्योदय परिवारों को स्वयं का रोजगार खोलने और पहले से चल रहे रोजगार में विकास करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी परिवार पहचान पत्र के तहत पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं।

## संगठन सृजन अभियान के तहत नूंह विधानसभा में पहुंची ऑब्जर्वर की टीम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली )** : संगठन सर्जन अभियान ने तकरीबन 11 सालों से निराशा कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं में जान भरने का काम कर दिया है। संगठन सर्जन अभियान के तहत सोमवार को एआईसीसी ऑब्जर्वर विधायक काजी निजामुद्दीन, पीसीसी ऑब्जर्वर पूर्व विधायक नीरज शर्मा, पीसीसी ऑब्जर्वर योगेश ढींगरा, पीसीसी ऑब्जर्वर राकेश तंवर की टीम बस अड्डा नूंह के सामने पहुंची और नेताओं व कार्यकताओं से जिला अध्यक्ष के गठन को लेकर रायशुमारी की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व विधायक नीरज शर्मा ने कहा कि अभी




तक पुनहाना विधानसभा, फिरोजपुर झिरका विधानसभा के कार्यकताओं से रायशुमारी हो चुकी है। सोमवार को नूंह विधानसभा के कार्यकताओं से रायशुमारी की जाएगी और उसके बाद सोहना विधानसभा के तावडू उप मंडल में कार्यकताओं व नेताओं से रायशुमारी की जाएगी। उसके बाद रिपोर्ट तैयार करके कांग्रेस आलाकमान को भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं व कार्यकताओं से मुलाकात हो रही है और सभी में गजब का उत्साह दिखाई दे रहा है।

## नगर निगम आयुक्त ने स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को दिया स्वच्छ सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** स्वच्छता को लेकर उत्कृष्टद्द कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों को नगर निगम करनाल की ओर से सम्मानित किया गया है। नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने सोमवार को स्वच्छता के 47 कर्मठ सिपाहियों को स्वच्छ सम्मान से नवाजा। इनमें 44 पुरूष एवं 3 महिला सफाई कर्मी शामिल हैं। सम्मान पाकर कर्मचारियों के चेहरों पर मुस्कान के साथ काफी उत्साह भी था। इस मौके पर अतिरिक्त निगम आयुक्त अशोक कुमार भी मौजूद रहे।

## आज से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का दिया जाएगा प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण

**लाडवा, 16 जून (विजय कौशिक)** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में लाडवा के शिवाला रामकुण्डी में 18 और 19 जून को सुबह 5 से 7 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल का प्रशिक्षण दिया जाएगा और एक विशाल योगा कैंप का आयोजन किया जाएगा ,सुबह 5:00 बजे से 7:00 बजे तक जिसमे लाडवा की सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं और लाडवा के आसपास से सभी योग प्रेमी,योग साधक इस प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगे और पूरे लाडवा शहर योगमय किया जायेगा यह जानकारी पतंजलि के योग आचार्य कमल किशोर जी ने दी, इस योग शिविर में पतंजलि योगपीठ के मुख्य केंद्रीय प्रभारी




राकेश मित्तल जी, हरिद्वार से पधारे साधु महात्माओं, स्वामी प्रज्ञान देव जी, स्वामी विश्व देव जी, स्वामी आदि देव जी, स्वामी सुखदेव जी, स्वामी वन देव जी, स्वामी परसन देव जी,और, स्वामी भव देव जी,का आशीर्वाद प्राप्त होगा और लाडवा वासिओ को योग,आयुर्वेद,एक्यूप्रेशर का गहरा ज्ञान सीखने का मौका मिलेगा जिसमें सभी को विशेष आसन प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास करवाया जायेगा,,, इसके साथ-साथ ही उन्होंने बताया कि इस योग दिवस के प्रचार प्रसार में लाडवा के सभी 55 गांव में घर-घर जाकर योग दिवस का निमंत्रण सभी को दिए जा चुका है और इसी के साथ ही अब लाडवा शहर जो मान्य मुख्यमंत्री जी का विधानसभा क्षेत्र है वहां पर वार्ड में घर में जा जाकर योग का संदेश दिया जा रहा है, जिसमें आज लाडवा के 6 वार्डो में घर-घर जाकर योग का प्रचार किया गया और पतंजलि योग समिति से डॉक्टर मुकेश जी ने को बताया कि योग दिवस पर इस विश्व कीर्तिमान के साक्षी सभी बने और इस विशाल शिबिर में आप सभी परिवार सहित सभी जरूर पहुंचे, उन्होंने बताया के आचार्य विकास जी, बालकृष्णन मल्होत्रा जी,ओम प्रकाश मल्होत्रा जी,, उत्तर प्रदेश के प्रभारी विपिन जी , जींद के कार्यकर्ता, सिरसा के कार्यकरता, हिसार के कार्यकर्ता, यमुनानगर के सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर सभी को योग का संदेश दे रहे हैं

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मिशन मोड में आगे बढ़ रही है प्राकृतिक खेती

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर (धर्मबीर)–** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश मिशन मोड में प्राकृतिक खेती को आगे बढ़ा रहा है। केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार की नीयत, नीतियों और निर्णय में ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा के साथ सशक्त कर आगे बढ़ाया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि आज बदलते परिवेश के कारण हमारे खान-पान में काफी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है आज हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना



होगा और इसे अपने जीवन में अपनाना भी होगा। प्राकृतिक खेती वह खेती होती है, जिसमे फसलों पर किसी भी प्रकार का रासायनिक कीटनाशक एवं उर्वरकों का प्रयोग नहीं किया जाता है। सिर्फ प्रकृति के दौरान निर्मित उर्वरक और अन्य पेड़ पौधों के पत्ते खाद, पशुपालन, गोबर खाद एवं जैविक कीटनाशक का उपयोग लाया जाता है यह एक प्रकार से विविध प्रकार की कृषि प्रणाली है। इसमें रसायनों का बिल्कुल भी उपयोग नहीं होता है और नैचुरल तरीके से ही खेती की जाती है। हालांकि इसमें जैविक खाद जैसे केंचुए की खाद वगैरह का इस्तेमाल होता है। साथ ही फसल चक्र के अनुसार खेती की जाती है। केंद्र और राज्य सरकार किसानों को बिना कीटनाशक, बिना दवाओं के फसल उगाने के लिए प्रेरित करने में लगी हुई है। हम पिछले कई वर्षों से रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग फसलों पर करते आ रहे है। जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति खत्म हो चुकी है एवं भूमि के प्राकृतिक स्वरूप में भी बदलाव हो रहे है जो किसानों के लिए काफी नुकसानदायक है। रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग से जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण, मृदा प्रदूषण प्रतिदिन बढ़ रहा है। किसानों की फसल पैदावार कमाई का आधा हिस्सा रासायनिक उर्वरक और कीटनाशक खरीदने में चला जाता है।
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती, कृषि की प्राचीन पद्धति है। यह भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखती है। प्राकृतिक खेती में रासायनिक उर्वरकों तथा कीटनाशकों का प्रयोग नहीं होता है, बल्कि प्रकृति में आसानी से उपलब्ध होने वाले प्राकृतिक तत्वों, तथा जीवाणुओं के उपयोग से खेती की जाती है। प्राकृतिक खेती में जीवामृत (जीवामृत), घन जीवामृत एवं बीजामृत का उपयोग पौधों को पोषक तत्व प्रदान करने के लिए किया जाता है। प्राकृतिक खेती में कीटनाशकों के रूप में नीमास्त्र, ब्रम्हास्त्र, अग्निअस्त्र, सोठास्त्र, दषा पडनी, नीम पेस्ट, गोमूत्र का इस्तेमाल किया जाता है।
हरियाणा में प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए किसानों को भी प्राकृतिक खेती योजना के तहत वित्तीय प्रोत्साहन के रूप में कच्चे माल के भंडारण और संस्करण के लिये चार ड्रम की खरीद के लिए 3 हजार रुपये प्रति किसान दिया जाएगा। एक देसी गाय की खरीद पर 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जाएगी। प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को कच्चे माल के भंडारण और प्रोसेसिंग के लिए 4 ड्रम खरीदने के लिए 3000 रुपये दिए जाएंगे।

## तावडू में सब्जी मंडी स्थानांतरण विवाद गहराया, व्यापारियों में गुटबाजी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली )**: जिला के तावडू में सब्जी मंडी के स्थानांतरण को लेकर विवाद और गहरा गया है। सब्जी मंडी व्यापारियों के दो गुटों में बंटने से स्थिति तनावपूर्ण हो गई है। एक गुट ने सोमवार सुबह अचानक निजी भूमि किराए पर लेकर अलग सब्जी मंडी शुरू कर दी, जिसे हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना माना जा रहा है। इस गुटबाजी से न केवल व्यापारी, बल्कि सब्जी बेचने वाले किसान भी परेशान हैं।
मंडी आढ़ती शांति स्वरूप, आस मोहम्मद, कर्मवीर यादव, मम्मन



खान, फौजी, हाजी सोहराब, प्रभु दयाल, दीपक मंगला और आबिद ने कहा कि नई सब्जी मंडी को 19 मई को कोर्ट के आदेशानुसार निर्धारित स्थान पर शांतिपूर्ण तरीके से स्थानांतरित कर दिया गया था। इसके बावजूद कुछ व्यापारी विरोध कर रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों को उनकी सब्जियों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा और फल-सब्जियां खराब हो रही हैं। कई आढ़तियों ने प्रशासन पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

## न्यूज फ्लैश

### शुभम ने डाक्टर बनने का सपना किया साकार



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की ओर से ली गई राष्ट्रीय सह पात्रता परीक्षा (नीट) का परिणाम शनिवार को घोषित किया गया है। जिसमें खरखौदा के रहने वाले शुभम पुत्र सुशील कुमार ने ऑल इंडिया इंडिया स्तर पर 1479 वीं रैंक हासिल कर परिजनों के सपने को साकार किया है। उसका बचपन से ही डाक्टर बनने का सपना था। नियमित रूप से 10 -12 घंटे पढ़ने की समय सारिणी ने उसके लिए रामबाण का काम किया। उसके पिता सुशील कुमार पीजीटी मैथ्स (राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रोहणा) तथा माता शोभा रानी टीजीटी हिंदी (गोपालपुर) ने अपने बेटे के सपने को सर्वोपरि रखते हुए वो सभी सुविधाएं प्रदान की, जो उसको अपने लक्ष्य तक पहुंचने में मददगार साबित होती। शुभम के माता-पिता दोनों का शिक्षा जगत में अहम योगदान रहा है। गरीब विद्यार्थियों को समय-समय पर सहायता प्रदान करना, अतिरिक्त कक्षाएं लेकर उनके परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के साथ साथ सभी विद्यार्थियों को अपने बच्चों की भांति संस्कार व नैतिक शिक्षा देना उनका शगल रहा है। इसी समर्पण भाव से की गई सेवा का परिणाम है जो उनके बेटे को कामयाबी मिली है।बेटे के शानदार रैंक प्राप्त करने से समस्त परिजनों व नाते रिश्तेदारों में खुशी की लहर है।

### कुलगुरु प्रो. सिंह ने लॉंच किया डीसीआरयूएसटी, मुरथल का प्रवेश पोर्टल



**सोनीपत:** दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. श्री प्रकाश सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश पोर्टल लांच कर दिया है विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। कुलगुरु प्रो. सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर में प्रवेश लेने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। स्नातक व स्नातकोत्तर में आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय पहली बार ई-समर्थ पोर्टल पर प्रवेश देने जा रहा है। हैड कंप्यूटर सेंटर प्रो. परविंद्र सिंह की अध्यक्षता में तैयार हुआ है। प्रो. परविंद्र सिंह ने कहा कि यह हमारे कुलगुरु प्रो. सिंह के सतत प्रयास से ही संभव हो सका है।

### घर में घुसकर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म, आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत:** राई थाना सोनीपत पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शिवम निवासी उत्तर प्रदेश हाल में गांव जठेड़ी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा की सर्वसम्मति से हुई स्थापना

**मीटिंग में सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) चेयरमैन बनाया गया**

**कार्यकारिणी**

ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए श्री परशुराम जिला ब्राह्मण अम्बाला की स्थापना करने का निर्णय लिया



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** भगवान परशुराम गौशाला के प्रधान देवी राम शर्मा के प्रयासों से राजेन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) की अध्यक्षता में बैठक बुलाई गई। मीटिंग की शुरूआत भगवान परशुराम चालीसा का पाठ करके की गई। इसमें अम्बाला जिला के सैंकड़ों ब्राह्मण बंधुओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से ब्राह्मण समाज के कल्याण के लिए श्री परशुराम जिला ब्राह्मण सभा अम्बाला की स्थापना करने का निर्णय लिया गया। जिसका कार्यालय भगवान परशुराम गौशाला, खतौली, अंबाला में ही होना निर्धारित किया गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से देवी राम शर्मा को संस्थापक, राजेन्द्र कौशिक (राष्ट्रपति अवार्डी) चेयरमैन, तरसेम पाल शर्मा प्रधान, राकेश शर्मा गोल्डी सचिव एवं जोगिन्दर पाल कौशिक, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा को संरक्षक बनाया गया। इसके साथ ही शीघ्र ही सभा की रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राकेश कुमार गोल्डी, टेकन राज शर्मा, जयराम शर्मा पूर्व सरपंच, टीका राम शर्मा, शशी पाल शर्मा प्रधान ठाकुर द्वारा पंजोखरा, प्रवीन कुमार शर्मा प्रधान धनाना, रणजीत कुमार शर्मा, यू.डी. शर्मा, धर्मपाल शर्मा, महेन्द्र पाल शर्मा, अरविंद शर्मा,श्याम सुन्दर शर्मा, हरीश शर्मा, प्रदीप शर्मा लाडी, पवन शर्मा, राजेश शर्मा आढ़ती, मिन्टू शर्मा, शीश राम शर्मा, राकेश शर्मा छछरौली, राजेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, जयराम शर्मा, सुरेन्द्र शर्मा, सुरेश शर्मा, संदीप शर्मा रिंकू, मनीष शर्मा, गोपाल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, सुरेश कुमार शास्त्री, सुभाष शर्मा शास्त्री, अशोक कुमार शर्मा, जय गोपाल शर्मा, संजय कुमार गौड़, पंडित सुभाष शर्मा, लोकेश कुमार शर्मा, एडवोकेट देवी दयाल भारद्वाज, विष्णु कुमार, साहिल शर्मा, सतीश शर्मा मैनेजर, लक्ष्मी कांत शर्मा, एडवोकेट मणीकांत शर्मा, कुशल कुमार शर्मा, करिश कुमार शर्मा, रिंटू शर्मा, जयपाल शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मुकेश कुमार शर्मा, सुभाष शर्मा प्रेस रिपोर्टर, श्रीमती सीमा मेहता प्रेस रिपोर्टर, सुभाष चन्द्र बक्शी, नरेन्द्र कुमार अत्री, जयदीप शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, राजेश कुमार शर्मा, कृतिक शर्मा शाहजादपुर, आदि समस्त जिला से भारी संख्या में ब्राह्मण बंधु शामिल हुए। देवीराम शर्मा प्रधान ने आए हुए सभी बंधुओं का धन्यवाद करके मीटिंग समापन की घोषणा की। जलपान के पश्चात गायत्री मंत्र का जाप करके मीटिंग का समापन किया गया।

## बीते एक दशक में सरकार ने सभी वर्गों की चिंता की: कुणालनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** पिछले 11 वर्षों में हमारी सरकार ने कई बोल्ड डिसीजन लिये हैं। जम्मू ह्र कश्मीर से धारा-370 हटाने की बात हो या तीन तलाक लागू कर मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाने की बात हो या फिर वक्फ बोर्ड कानून लाने जैसे बड़े निर्णय मोदी सरकार ने हुए। वहीं, भारत को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने की दृष्टि से बड़े निर्णय हमारी सरकार ने हुए हैं। वर्ष-2014 से पहले की सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई सरकार थी। कांग्रेस के दौर में नकारात्मक माहौल बना था, लेकिन वर्ष-2014 के बाद देश में सकारात्मक बदलाव आया है। आज भारत का आम नागरिक ये कहता है कि ह्रमोदी है तो मुमकिन है ह्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में भारत ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक स्तर पर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से लेकर अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के साथ ही किसान, महिला, युवा, बुजुर्ग, श्रमिक, व्यापारी के साथ ही हर वर्ग का उत्थान, अधोसंरचना विकास और समावेशी नीतियों पर अभूतपूर्व कार्य हुए है। मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम है कि देशभर में करोड़ों नागरिक जन गरीबी रेखा से बाहर निकलकर सम्मानपूर्वक अपना जीवन यापन कर रहे हैं। 11 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, अधोसंरचना, रक्षा समेत सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास हुए हैं। आयुष्मान भारत-जन आरोग्य, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम जन धन, मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी, स्व सहायता समूह, स्वरोजगार योजना जैसे कई अभूतपूर्व कदम है।

**अभूतपूर्व कदम**

पीएम जन धन, मुद्रा योजना, ड्रोन दीदी, स्व सहायता समूह, स्वरोजगार योजना जैसे कई अभूतपूर्व कदम है

## 21 जून को अनाज मंडी में होगा योग दिवस कार्यक्रम, एसडीएम ने भागीदारी की अपील की

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंद्री/(मैनपाल कश्यप)** एसडीएम अशोक कुमार मुजाल ने कहा कि 21 जून 2025 को पूरे विश्व में 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में उपमंडल स्तर पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन अनाज मंडी, इंद्री में किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इस कार्यक्रम में अवश्य भाग लें और योग को अपने जीवन का नियमित हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिवस की क्रिया न मानें, बल्कि इसे अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाएं। एसडीएम अशोक कुमार मुजाल ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की वैज्ञानिक और संतुलित कला है। योगाभ्यास से मनुष्य मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ, सशक्त और संतुलित रहता है। योग न केवल शरीर और मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है, बल्कि व्यक्ति और प्रकृति के बीच भी गहरा संबंध बनाता है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है।

## प्राथमिक शिक्षक संघ मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला प्रतिनिधिमंडल

**स्थानांतरण**

31 जुलाई तक हर हाल में सामान्य एवं अंतर जिला व सामान्य स्थानांतर ड्राइव चलाने की मांग



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ हरियाणा का एक प्रतिनिधिमंडल विनोद ठाकरान कार्यकारी राष्ट्रीय महासचिव,अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ दिल्ली की अध्यक्षता में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से मिला। प्रतिनिधि मंडल द्वारा अध्यापकों मुख्य मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई जो इस प्रकार हैं 31 जुलाई तक हर हाल में सामान्य एवं अंतर जिला व सामान्य स्थानांतर ड्राइव चलाने तथा स्थानांतरण से पूर्व सभी पहचान की पदोन्नति मैंवात कैडर व रेस्ट आफ हरियाणा की करना, वित्त विभाग द्वारा जिन कर्मचारियों के आश्रित एवं माता पिता की वार्षिक आय 42000 रुपए से अधिक है उनके चिकित्सा प्रतिपूर्ति बिल पास नहीं हो रहे सरकार द्वारा आय की शर्त हटानी बारे । अध्यापकों को 1986 से पहले के नियम अनुसार 10 मेडिकल लीव प्रतिवर्ष देने बारे , जिला यमुनानगर व अम्बाला मे छात्र शिक्षक अनुपात के अनुसार शिक्षकों की कमी है । सरकार शीघ्र नियमित भर्ती कर अध्यापकों की कमी को पूरा करें ,वर्ष 2012 में नए सर्विस रूल आ गए थे इसलिए वर्ष 2012 से पहले नियुक्त कर्मचारियों को 1998 के सर्विस रूल अनुसार एसीपी दे। अध्यापकों की ड्यूटी गैर शैक्षणिक कार्यों में न लगाने, कैशलैस चिकित्सा सुविधा को पूर्ण रूप से लागू करने बारे। हरियाणा के बच्चे खेलों में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं इसलिए खेलों को बढ़ावा देने के लिए खंड स्तर पर 5 लाख व जिला स्तर पर 10 लाख रुपए का बजट जारी किया जाए,ताकि बच्चों को उचित सुविधा व प्रोत्साहन मिल सके। प्राथमिक विद्यालयों को मिलने वाली सभी ग्रांट जैसे कंटीजेंसी व स्वच्छता के लिए दी जाने राशि आदि को आहरण एवं वितरण अधिकारी के स्थान पर प्राथमिक विद्यालयों के खातों में हस्तांतरित किया जाए, शिक्षा मंत्री जी ने बताया कि स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र ही पूरी की जाएगी।

# निर्धारित किए गए स्थान पर किया जाए आधार से संबंधित कार्य

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** जिला परिषद के सीईओ अभय जांगड़ा ने कहा कि आधार से संबंधित कार्य करने के लिए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) द्वारा जिन विभागों को आधार बनाने व अपडेट करने से संबंधित कार्य के लिए मशीने उपलब्ध करवाई गई है वे विभाग व संस्थाएं इस बात का विशेष ध्यान रखें कि उनके द्वारा जो स्थान निर्धारित किया गया है वहीं आधार से संबंधित कार्य होना चाहिए। अगर कोई इस कार्य को किसी अन्य स्थान पर करता पाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीईओ जिला परिषद अभय जांगड़ा ने सोमवार को आयोजित जिला स्तरीय आधार मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आधार से संबंधित कार्य के लिए संबंधित विभाग द्वारा जिसे नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है वे स्वयं समय-समय पर अपने से संबंधित आधार सेंटर की जांच करें ताकि कहीं भी किसी प्रकार की लापरवाही न हो सके। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों व स्कूली विद्यार्थियों के आधार कार्ड को अपडेट करने के लिए आंगनवाड़ी केन्द्रों व स्कूलों में विशेष कैंप लगाकर पांच साल तक बच्चों की आयरिस (आंखों) और फिंगरप्रिंट वेरिफिकेशन का कार्य शत प्रतिशत पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही स्कूली बच्चों के आधार कार्ड में दस्तावेज अपडेट करने से संबंधित कार्य को भी तुरंत पूरा करवाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग अपने बच्चों का माई आधार ऐप पर चैक कर लें कि किस बच्चे का एमपीयू पेंडिंग है ताकि सभी बच्चों को आधार अपडेशन के लिए न बुलाना पड़े। सीईओ जिला परिषद ने कहा कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा 10 वर्ष या उससे अधिक पुराने आधार कार्ड को अपडेट करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 14 जून 2026 कर दिया है। उन्होंने जिलावासियों का आह्वान किया।

**संबंधित कार्य**

जिन विभागों को आधार बनाने व अपडेट करने से संबंधित कार्य के लिए मशीन उपलब्ध करवाई गई है

## भारतीय किसान संघ करनाल की मासिक बैठक गुई, विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )** भारतीय किसान संघ करनाल की मासिक बैठक जिला कार्यालय करनाल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता कृष्ण चंद बस्तली जी ने की। बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरिंदर कलरी ठ विभाग संगठन मंत्री विजय गौड़ उपस्थित रहे। बैठक में संघ की रीति नीति ,विचारधारा और संगठन के विस्तार बारे विस्तृत रूप से चर्चा की गई और बैठक में मौजूद संघ के कार्यकर्ता किसान साथियों से उनकी समस्याओं के बारे में पुछा गया तो निम्न समस्याएं के समाधान के बारे विचार विमर्श किया गया। क्षेत्रीय संघठन मंत्री सुरिंदर कलरी ने बताया की किसान जब दुकानदार के पास फसल के लिए अपनी जरूरत के हिसाब से दवाई और खाद बीज आदि लेने जाता है तो प्रत्येक दुकानदार अपनी मर्जी से ठ बिना किसान की इच्छा के , जबरदस्ती उसको अन्य उत्पाद साथ में बेच देता है और कहता है की ये उत्पाद हमको कंम्पनी की तरफ से जबरदस्ती बिल किये जाते हैं तो अगर आपको खाद ,दवाई आदि कुछ खरीदना है तो ये वस्तुएं साथ में लेनी ही पड़ेंगी। उन्हेंने कहा की इस पर गहन मंथन के बाद ये निष्कर्ष निकला की सरकार की मिलीभगत से दवा ठ खाद निमार्ता कम्पनी अपना मुनाफा बढ़ाने के लिए जबरदस्ती उलजलूल सामान किसानो को जबरदस्ती बेचती है । बैठक में मौजूद भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने कहा की ये किसानो के साथ सरकार के द्वारा मनमानी की जा रही है और एक प्रकार की लूट है। हम अपने किसान भाइयों के साथ इस तरह का अन्याय किसी भी सूरत में बर्दास्त नहीं कर सकते। सरकार आजकल खेतों में स्मार्ट मीटर लगाने के लिए कार्य कर रही है तो सरकार के ये स्कीम किसान विरोधी होने के कारण भारतीय किसान संघ इसका भी पुरजोर तरीके से विरोध करता है।

## बिना बिल दिए फरार होने का मामला सामने आया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत:** सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत क्षेत्र में स्थित पैट्रोल पंप पर कार में तेल डलवा कर बिना बिल दिए फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित गौरव निवासी गन्नौर का है। पुलिस ने आरोपित के पास से कार भी बरामद की है। भोगीपुर राजलू गढ़ी निवासी प्रदीप कुमार ने बताया कि वह मुरथल रोड स्थित भगत फिलिंग स्टेशन पर सेल्समैन के तौर पर काम करता है।

# अवैध शराब रखने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक किया जा रहा है तथा साथ ही मानव शरीर में नशे से होने वाले नुकसानों बारे भी अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ-साथ अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार भी किया जा रहा है। थाना साहा क्षेत्र से अवैध शराब तस्करी के मामले में 15 जून 2025 को पुलिस ने तुरन्त कार्यवाही करते हुए, आरोपी संजय कुमार निवासी गॉव साहा थाना साहा जिला अम्बाला को 15 पेटी (180 बोतल) अवैध शराब सहित काबू किया। दिनांक 15 जून 2025 को गश्त के दौरान थाना साहा पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अवैध शराब की तस्करी का कार्य करता है जिसके पास भारी मात्रा में अवैध शराब है। थाना साहा पुलिस ने प्रबन्धक थाना साहा उप-निरीक्षक कर्मवीर सिहँ के फार्म से आरोपी को 180 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया। आरोपी इस अवैध शराब बारे कोई लाईसैंस पेश नहीं कर पाया जिसे उपरोक्त शराब सहित गिरफ्तार कर थाना साहा पुलिस ने मामला दर्ज किया।



**अवगत कराया**

साथ ही मानव शरीर में नशे से होने वाले नुक्सानों बारे भी अवगत कराया जा रहा है

# दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**



**कुरुक्षेत्र/पेहवा:** मारकंडा हैड से बीबीपुर झील की तरफ दीवार हटाने के विरोध में भाकियू के बैनर तले हुई महापंचायत में 12 गांवों से दर्जनों की संख्या किसान पहुंचे। इसके बाद धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया। अधिकारियों द्वारा लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए और महापंचायत एवं धरने की समाप्ति की घोषणा की। सुबह किसान यूनियन के बैनर तले 12 गांवों के किसान महापंचायत में पहुंचे। इसके बाद यूनियन के प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने किसानों की ओर से विभाग के एक्सईएन को मौके पर बुलाने की बात अधिकारियों के समक्ष रखी गई। कुछ देर बाद अधिकारियों ने बताया कि एक्सईएन चंडीगढ़ मीटिंग में है। लिहाजा उनके निर्देशानुसार एसडीओ राकेश कुमार किसानों से बातचीत करेंगे। किसानों ने एसडीओ के सामने दो मांगे रखी पहली मांग दीवार को लेकर जो स्थिति बनी हुई है। उसे छेड़ने की बजाय इसी प्रकार रखा जाए और दूसरा यह बताया जाए की दीवार को हटाने के आदेश लिखित में थे। यदि आदेश लिखित में नहीं थे तो वो नेता कौन है। जिसके कहने पर जुबानी तौर पर यह काम किया जा रहा था। लेकिन अधिकारियों ने किसी भी नेता का नाम लेने से बचते हुए इसे रूटीन की प्रक्रिया बताया और किसानों को लिखित में आश्वासन दिया की मौके पर यथास्थिति रखी जाएगी। किसी भी प्रकार से दीवार या निकासी चैनल से छेड़छाड़ नहीं होगी। इसके बाद किसानों ने दीवार के सामने से हटी मिट्टी को दोबारा लगाने की बात कही तो वहां खड़ी मशीनों से तुरंत काम शुरू कर दिया गया और मिट्टी लगाकर झील की तरफ आने वाले तटबंधों को मजबूत किया गया। एसडीओ के लिखित आश्वासन के बाद किसान शांत हुए। एसडीओ राकेश कुमार को किसानों की ओर से भी मांग पत्र भी सौंपा गया। जिसमें किसानों ने मांग रखी की निकासी चैनल में खड़े पेड़ों की कटाई करके इसे साफ नहीं किया जाए। क्योंकि यदि ये पेड़ और अवरोधक हटते हैं तो बाढ़ का सीधा पानी उनके खेतों की तरफ आएगा। जिससे उनका भारी नुकसान होगा। एसडीओ ने किसानों को आश्वासन दिया कि यह उनके स्तर का मामला नहीं है।

**विरोध**

सूचना मिलते ही पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया। इसके बाद सिंचाई विभाग के अधिकारियों को बुलाया गया

## जनता की समस्याओं का समाधान करना मेरा कर्तव्य: राम कुमार कश्यप



**इंद्री/(मैनपाल कश्यप )**

**विधायक** एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों का निवारण करना न केवल उनका दायित्व है, बल्कि यह उनका कर्तव्य भी बनता है। उन्होंने कहा कि जब भी समय मिलता है, वे लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनकर उनका समाधान करने का पूरा प्रयास करते हैं। विधायक रामकुमार कश्यप सोमवार को सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जनता की समस्याएं सुनने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता एवं हलके के लोग अपनी विभिन्न समस्याएं लेकर उनके पास आते हैं। उनका प्रयास हमेशा यही रहता है कि लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान हो। उन्होंने कहा कि जन सुनवाई कार्यक्रम में लोगों की समस्याएं गंभीरता से सुनी और सुलझाई जा रही हैं। विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि वे जनसेवा की भावना से प्रत्येक सोमवार को जनसुनवाई कार्यक्रम विशेष रूप से संचालित कर रहे हैं, ताकि आम जनता से सीधे संपर्क में रह सकें। इससे लोगों का सरकार के प्रति विश्वास लगातार बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि वे हर सोमवार सिंचाई विभाग के विश्राम गृह में हलके के लोगों से रूबरू होते हैं और उनके द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का प्रयास करते हैं। उन्होंने कहा कि हलके के लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए किसी भी समय उनसे संपर्क कर सकते हैं।

# विकसित भारत के विजन के साथ देश बढ़ रहा है आगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** केंद्र में बीजेपी सरकार के 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में यादव धर्मशाला में सकंल्प से सिद्धि कार्यक्रम पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सकंल्प से सिद्धि कार्यक्रम के मुख्यवक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्याक्ष सतीश नांदल, विधायक कंवर सिंह यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा डॉ. यतेंद्र राव रहे। मुख्य वक्ताओं का फूल माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। सकंल्प सिद्धि कार्यक्रम का मंच संचालन योगेश शास्त्री ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा सतीश नांदल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार के 11 साल सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण को समर्पित रहे हैं। बीजेपी पार्टी आपके बीच रहकर आपके विचारों पर



कार्य करती है। यह विकसित भारत का अमृत काल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। जब कोरोना के समय में विश्व में महंगाई जोर पकड़ रही थी और आर्थिक विकास की गति कम हो रही थी, इसके उलट भारत में आर्थिक वृद्धि तेज और महंगाई कम रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव बना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की आत्मा को रखा सबसे ऊपर यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा, जिसमें बिजली, पानी, शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं अब सिर्फ आंकड़े नहीं हैं बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन गई हैं। नांदल ने बताया कि हमारी सरकार ने बिना पर्ची खर्ची युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत के विजन के साथ देश आगे बढ़ रहा। 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार को बने हुए 11 वर्ष पूरे हो गए। किसानों की आय बढ़ाना, खेती की लागत कम करना और बीज से लेकर बाजार तक किसानों को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

विकसित भारत 2047 का लक्ष्य भारत को उसकी आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाना है। विधायक ने बताया कि बीजेपी सरकार में राम मंदिर बनाने का सपना पूरा किया। ये हमारी सरकार है जिसने लोगों के सपने को साकार करने का काम किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिस्टम को सेवा में बदलने का काम किया है। कार्यक्रम के अंत मे अहमदाबाद विमान हादसे में दो मिनट का मौन धारण किया।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दयाराम यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुधीर दीवान, किसान युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पवन खैरवाल, मोहन लाल, भागीरथ शेखावत, जिला प्रमुख राकेश कुमार, यादव सभा प्रधान अभय राम यादव, मंडल के अध्यक्ष दीपिका माजरा खुर्द, अशोक यादव नांगल सिरोही, संदीप बचीनी, रवि जड़वा प्रतिनिधि मंडल अध्यक्ष, सुनील अग्रवाल, चंद्रकला खातोद, अधिवक्ता मोती सिंह, रणधीर सिंह आदलपुर, अविनाश डाबला, प्रवीण कुमार, सोमवीर खातोद, कैप्टन सुरेश कुमार, संदीप मालड़ा, अजय खेड़ा, प्रदीप लावन, विष्णु पाली, सत्यवीर सिंह आदि भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बिजली दरों में अचानक हुई बढ़ोतरी पर उद्योगपतियों ने जताई नाराजगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के उद्योगपतियों ने हाल ही में बिजली दरों में अचानक की गई वृद्धि पर गहरी नाराजगी जताई गई है। बिजली की बढ़ी दरों के विरोध में सोमवार को एमएसएमई इंडस्ट्रीज वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में उद्योगपतियों की बैठक हुई। बैठक एसोसिएशन के प्रधान नवीन कौशिक की अध्यक्षता में हुई। एसोसिएशन ने माना कि इससे उद्योगों पर गंभीर असर पड़ेगा। इस संबंध में एसोसिएशन के अध्यक्ष नवीन कौशिक और महासचिव हरप्रीत सिंह ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर, मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश के बिजली मंत्री अनिल विज व बिजली निगम के उच्च



अधिकारियों को एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया गया कि बिजली दरों को बिना किसी अग्रिम सूचना के 125 रुपये प्रति किलोवाट से बढ़ाकर 165 से 290 रुपये प्रति किलोवाट कर दिया गया है। जबकि इस संबंध में निगम द्वारा उद्योगपतियों द्वारा परामर्श लिया जाना चाहिए था। अब अचानक दरे बढ़ने से विशेष रूप से एमएसएमई सेक्टर की इकाइयों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ा है। एसोसिएशन ने कहा है कि महामारी के बाद उद्योग पहले से ही आर्थिक संकट, कच्चे माल की कीमतों में वृद्धि और महंगाई से जूझ रहे हैं, ऐसे में बिजली दरों में यह अचानक बढ़ोतरी उनके संचालन पर सीधा असर डाल रही है।

## न्यूज फ्लैश

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने लॉन्च की नई 2025 XL750 ट्रांसऐल्प, बुकिंग्स शुरू

**करनाल।** होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित 2025 Honda XL750 Transalp के लॉन्च की घोषणा की। यह मोटरसाइकिल उन राइडर्स के लिए डिजाइन की गई है जो सीमाओं से परे स्वतंत्रता की तलाश करते हैं — चाहे वह शहरी सड़कों पर आवागमन हो, लंबी क्रॉस-कंट्री रोड ट्रिप्स हों या फिर दुर्गम ऑफ-रोड एडवेंचर्स। नई छ750 ट्रांसऐल्प को 10,99,990 (एक्स-शोरूम, गुरुग्राम - हरियाणा) की कीमत पर पेश किया गया है। इसके लिए बुकिंग्स अब होंडा की बिगविंग डीलरशिप्स पर भारतभर में शुरू हो चुकी हैं। ग्राहकों को इसका डिलीवरी चरण जुलाई 2025 से शुरू होगा।

लॉन्च की घोषणा करते हुए,श्री त्सुत्सुमु ओटानी, प्रबंध निदेशक, अध्यक्ष एवं सीईओ, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा :ह्लहम भारत में नई छ750 ट्रांसऐल्प को पेश करते हुए अत्यंत प्रसन्न हैं। अपनी शुरूआत से ही ट्रांसऐल्प एडवेंचर राइडिंग की विश्वसनीय पहचान रही है और इसे दुनियाभर के खोजी राइडर्स ने अपनाया है। इस नए मॉडल में उन्नत फीचर्स और उद्देश्यपूर्ण डिजाइन को शामिल किया गया है, जो इसे और भी आकर्षक बनाता है। हमें पूरा विश्वास है कि नई छ750 ट्रांसऐल्प भारत के एडवेंचर प्रेमियों को अत्यधिक उत्साहित करेगी। यह मोटरसाइकिल भारतीय बाजार में वैश्विक आइकॉन्स को लाने के प्रति हमारे प्रतिबद्ध प्रयासों को दशार्ती है। इस अवसर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, योगेश माथुर, डायरेक्टर, सेल्स एंड मार्केटिंग, होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने कहा: भारत में एडवेंचर मोटरसाइकिल सेगमेंट अत्यधिक तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमारे मौजूदा अऊ्र पोर्टफोलियो के प्रति ग्राहकों का उत्साह प्रेरणादायक रहा है। नई और अपडेटेड छ750 ट्रांसऐल्प की शुरूआत के साथ हम भारत में एडवेंचर टूअरिंग के लिए एक नई बेंचमार्क स्थापित कर रहे हैं। पहाड़ों की पुकार अब और तेज है — और ट्रांसऐल्प अब स्टाइल, प्रदर्शन और उद्देश्य के साथ उसका उत्तर देने के लिए तैयार है। बुकिंग्स अब देशभर के होंडा बिगविंग डीलरशिप्स पर खुल चुकी हैं, और हम जुलाई 2025 से डिलीवरी प्रारंभ करने के लिए तत्पर हैं।

### खरखौदा में युवक की हत्या, पुरानी रंजिश के चलते वारदात को दिया अंजाम

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

रविवार की शाम थाना खरखौदा क्षेत्र में एक युवक की तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अशोक के रूप में हुई है, जो अपने खेतों में ईट भट्ठे के पास परचून की दुकान चलाता था। शिकायतकर्ता रिंकू ने पुलिस को बताया कि अमित, बलजीत उर्फ सोनू, इशु, निशु और 2-3 अन्य लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते उसके भाई अशोक की हत्या की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अशोक और आरोपियों के बीच जमीन की खेवट अलग करवाने को लेकर विवाद था। इस विवाद के चलते दोनों पक्षों में मारपीट भी हुई थी, जिसकी शिकायत पुलिस में की गई थी। बाद में दोनों पक्षों में राजीनामा हो गया था, लेकिन उसके बाद भी आरोपियों ने धमकी दी थी कि वे अशोक को जान से मार देंगे, ऐसा मृतक के भाई ने लगाया आरोप। शिकायतकर्ता रिंकू ने पुलिस को बताया कि जब वह अपने भाई अशोक को ढूंढने के लिए दुकान पर जा रहा था, तो उसने देखा कि आरोपी उसके भाई पर कई लोग तेज धारदार हथियार से हमला कर रहे थे। जब तक वह अपने भाई को बचाता, तब तक वह दम तोड़ चुका था। पुलिस ने आधा दर्जन से ज्यादा लोगों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है,ताकि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाए।

### प्रदेश में गैंगस्टर बेखौफ होकर वारदातों को दे रहें हैं अंजाम- खातोद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़।** जननायक जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष राजकुमार खातोद ने हरियाणा में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बेरोजगार युवाओं के साथ हो रहे अन्याय को लेकर राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सैनी को निशाने पर लेते हुए कहा कि पूरे प्रदेश में गैंगस्टर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और पुलिस-प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है।

राजकुमार खातोद ने सोमवार पत्रकारों से बातचीत करते हुए सरकार पर आरोप लगाया कि शराब कारोबारियों को सरेआम धमकियां दी जा रही हैं, गोलियां चलाई जा रही हैं और फिरौती मांगी जा रही है। उन्होंने कुरुक्षेत्र, जींद, गुरुग्राम, महम, हिसार और हांसी में हुई घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि हरियाणा अब गैंगस्टर राज की गिरफ्त में है। मुख्यमंत्री खुद गृह मंत्री हैं, लेकिन पूरी तरह विफल साबित हो रहे हैं। प्रदेश में हालात किसी समय के मुंबई अंडरवर्ल्ड जैसे हो गए हैं। इसी दौरान राज्य सरकार द्वारा 5600 पुलिस पदों की भर्ती प्रक्रिया को रद्द किए जाने पर भी खातोद ने नाराजगी जताई।

# सोसाइटी में किसानों ने कर्मचारी पर खाद न देने का लगाया आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर। नई** अनाज मंडी में स्थित कोपरेटिव सोसाइटी में सोमवार को यूरिया खाद के लिए 8 बजे ही किसान पहुंच गए। जब किसानों को 11 बजे खाद नही मिला तो किसानों ने सरकार के प्रति रोष जताया। उसी दौरान मौके पर सोसइटी के मैनेजर पहुंचे और तुरन्त उच्च अधिकारियों से बात कर किसानों को खाद वितरण करवाया। गुमड़ गांव के किसान राजबीर ने बताया कि खाद लेने के लिए सुबह 8 बजे आ गए थे। आरोप है कि सोसाइटी में सुबह 9 बजे महिला कर्मचारी पहुंचती है। उसके 10 मिनट बाद वह वापिस यह कहकर चली जाती है कि खाद लेना है तो मंडी में 26 नम्बर दुकान से ले लो। वह उसके ही



बेटे की बताई जा रही है। किसान का कहना कि उसके बाद खाद लेने जाते है तो खाद के साथ अन्य दवाई भी देता है। अहीर माजरा गांव के किसान सतीश ने बताया कि वे जब सोसाइटी में आकर यूरियाा खाद मांगते है जो मंडी की दुकान पर जाने के लिए कहते है। पर्ची जितने किसानों की बनती है उतने किसानों को भी नही मिल पाती। जब कि सोसइटी की महिला कर्मी के बेटे की दुकान पर मिल जाती है। किसान रोहताश ने बताया कि वे खाद लेने के लिए आए थे। सोसाइटी का ताला तो खुला हुआ है लेकिन खाद नही मिल रहा है। मैंनेजर ने अभी बोला कि किसानों को खाद देंगे। सभी किसानों को आने के बाद खाद वितरण करवा दिया है : राणा

- सोसाइटी के बैंक प्रबंधक राणा ने बताया कि उन्होंने सोसाइटी में आने के बाद खाद का किसानों को व्यवस्था करने के बाद वितरण करवा दिया है। किसी किसान को कोई समस्या नही है। किसानों को खाद मिलने में परेशानी नही आनी दी जाएगी।

सोसाइटी के प्रबंधक व कर्मचारी के खिलाफ दी पुलिस व अधिकारियों को दी शिकायत : महिलाकर्मी

- सैल्समैन का कार्य देख रही महिला कर्मी ने किसानों द्वारा उनके ऊपर लगाए सभी आरोपो को झूठा बताया और कहा कि वह सुबह सोसइटी में आई थी और वापिस शिकायत सोसाइटी के प्रबंधक व कर्मचारी के खिलाफ पुलिस व उच्च अधिकारियों को देकर आई है।

# आयुष विभाग द्वारा बीपीएस खानपुर में किया गया योग सेमिनार का आयोजन

**गोहाना, नरेश शर्मा**

आयुष विभाग से वरिष्ठ्द चिकित्सा अधिकारी डॉ० संजय शर्मा ने बताया कि 21 जून को आयोजित होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत भक्त फूल सिंह महिला यूनिवर्सिटी में योग सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ बीपीएसएम के निदेशक डॉ जगदीश चंद्र दूरेजा ने किया। उन्होंने कहा कि अगर मनुष्य को स्वस्थ रहना है तो उसे रोजाना योग अवश्य करने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों में लिखा भी गया है करो योग रहो निरोग। उन्होंने बताया कि आयुष विभाग, खेल विभाग, शिव युवा शक्ति संघ सोनीपत, पतंजलि योग संस्थान, भारतीय योग



संस्थान, महायोग फाउंडेशन द्वारा विभिन्न स्थानों पर योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर लगाए गए, जिसमें लोगों को योग को अपनी दिनचर्या को हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान औषधीय पौधे भी वितरित किए गए और लोगों को योग युक्त नशा मुक्ति हरियाणा और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया।

# नहर में मिली लड़की के शव की हुई शिनाख्त

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

थाना मतलौडा जिला पानीपत में है गुमशुदगी का मामला दर्ज, हरियाणवी एल्बम में बतौर मॉडल का करती थी काम मृतक लड़की की पहचान शीतल , खलीला माजरा पानीपत हाल गली नंबर 4 सतकरतार कॉलोनी पानीपत के रूप में हुई। मृतक शीतल की बहन नेहा ने शिकायत में बताया था कि उसकी बहन हरियाणवी एल्बम में बतौर मॉडल का कार्य करती थी जो दिनांक को 14 जून को गाँव अहर पानीपत में सुटिंग के लिए गई थी। जो वापिस नहीं आई। जिसका शव खरखौदा



पुलिस रिलायंस नहर में रविवार की शाम को मिला था। मामले में खरखोदा पुलिस द्वारा परिजनों को सूचित कर करने के बाद शव को सोनीपत नागरिक हस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। वही इसके बाद सोनीपत नागरिक हस्पताल से खानपुर पीजीआई भेजा गया।

# नलहड़ मेडिकल कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** शहीद हसन का मेवाती मेडिकल कॉलेज बचाओ संघर्ष समिति नल्हड़ से जुड़े पदाधिकारियों ने सोमवार को लघु सचिवालय नूंह पहुंचकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को मेडिकल कॉलेज की बदहाली में सुधार करवाने हेतु ज्ञापन दिया।

इससे पहले रविवार को मेडिकल कॉलेज की बदहाली को लेकर मेडिकल कॉलेज के मुख्य द्वार के समीप एक दिन से धरना प्रदर्शन भी किया गया।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा को दिए गए ज्ञापन में कहा कि नल्हड़ मेडिकल कॉलेज में आमजन को



हो रही समस्याओं के निवारण हेतु सामाजिक संगठनों का प्रतिनिधिमंडल कई बार निदेशक डॉक्टर मुकेश कुमार से मिल चुका है, लेकिन अभी तक भी कोई सुधार देखने को नहीं मिल रहा है। अस्पताल में मरीजों से अधिक आवारा कुत्ते घूमते हुए दिखाई पड़ते हैं। दवाइयों का अभाव है। मशीनरी काम नहीं कर रही है। डॉक्टरों की भी कमी है। इलाज के नाम पर यह मेडिकल कॉलेज सफेद हाथी साबित हो रहा है। रविवार को तकरीबन 300 लोगों ने एक सभा की, जिसमें कुछ मरीजों ने भी भाग लेकर अस्पताल की बदहाली के बारे में जानकारी दी।

# शहर को हरा भरा बनाने के लिए लगाए जाएंगे 1500 पेड़ : एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़,** । एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एसडीएम अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन हुआ।

एसडीएम ने कहा कि शहर को हरा भरा बनाने के लिए 1500 पेड़ लगाने का लक्ष्य रखा गया है। पेड़ को लगाना ही नहीं बल्कि उसकी देखभाल करना भी हमारी जिम्मेवारी होगी। शहर में सभी पेड़ खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, पब्लिक हेल्थ, नगर पालिका व वन विभाग द्वारा लगाए जाएंगे।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा लापरवाही पर एसडीएम को दी शिकायत

**आरोप**

**ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण में अनियमितता और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**

.गढ़ी झंझारा रोड पर चल रहे सड़क निर्माण कार्य में ठेकेदार की लापरवाही को लेकर स्थानीय निवासियों ने एसडीएम गन्नौर को लिखित शिकायत सौंपी है। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य में अनियमितता और गुणवत्ता की अनदेखी की जा रही है, जिससे परेशानी का सामना



करना पड़ रहा है। शिकायत पत्र में उमेश नांदल, मनीष चांदना, भारत जैन, विशाल, कृष्ण जैन, नरेंद्र, नदीम ने बताया कि सड़क निर्माण कार्य अधूरा और अनियमित तरीके से किया जा रहा है। सड़क पर मिट्टी और रेत के ढेर पड़े हुए हैं, जिससे लोगों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा, जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण वर्षा में पानी जमा हो रहा है, जिससे सड़क को नुकसान पहुंच रहा है और लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने ने यह भी आरोप लगाया कि सड़क की सतह समतल नहीं है और निर्माण कार्य मानकों के अनुरूप नहीं किया गया है जो ठेकेदार की लापरवाही और अधिकारियों की निगरानी की कमी को दशार्ता है। उन्होंने एसडीएम से मांग की है कि संबंधित ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कार्य दोबारा कराया जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

# सुरजेवाला के बयान पर भाजपा मंत्री का पलटवार बोले कांग्रेस खुद ही फेल

**टीम एक्शन इंडिया**

**कैथल (नसीब सैनी)** रणदीप सुरजेवाला सीएम सैनी और भाजपा को कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ते हाल ही में रणदीप सुरजेवाला ने गृह मंत्री और उट नायब सैनी को फेल सीएम वाला बयान दिया था। उसी बयान पर कैथल पहुंचे पंचायत मंत्री कृष्ण पंवार से जब इस बारे में सवाल किया गया तो उन्होंने कांग्रेस पार्टी को ही फेल बता दिया। बता दे कि कैथल में हरियाणा के विकास एवं पंचायत, खनन एवं भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने प्रदेश सरकार के फैलियर को लेकर सुरजेवाला द्वारा दिए गए बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस



पार्टी खुद ही फेल है। वे सुरजेवाला परिवार के तीन पीढियों के साथ विधायक रहे हैं। उन्होंने पहली बार ऐसा देखा कि कांग्रेस पार्टी अभी तक विपक्ष नेता नहीं बना सकी है।

बता दें कि सुरजेवाला ने दो दिन पहले कैथल में सीएम नायब सैनी को फेल बताया था। उन्होंने कहा था कि सरकार प्रदेश में गुंडागर्दी रोकने में फेल साबित हुई है।

# राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सोनीपत में किया अंप्रेटिसशिप मेले का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपता।** अप्रेंटिसशिप एवं प्लसमेन्ट अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सोनीपत में सोमवार को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय अंप्रेटिसशिप मेले का आयोजन किया गया, जिसमें राई, कुण्डली, बड़ी, खरखौदा तथा अन्य औद्योगिक क्षेत्रों से 25 औद्योगिक प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। रोजगार मेले में इस वर्ष आईटीआई में जुलाई 2025 में आयोजित होने वाली वार्षिक परीक्षा में पास होने वाले छात्रों तथा आईटीआई पास आउट छात्रों के अलावा अन्य योग्यताओं के छात्रों का चयन किया।

इस अवसर पर राई औद्योगिक



एसोसिएशन के प्रधान राकेश छाबड़ा ने बतौर मुख्यातिथि उपस्थित युवाओं को जीवन में आगे बढ? के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि आपका जिस भी कंपनी के लिए चयन होता है वहां अपने क्षेत्र में बारे में ईमानदारी और मेहनत से कार्य सीखों क्योंकि यह आपकी सफलता की पहली सीढी है। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जो युवा इस दौरान मेहनत से सीखकर आगे बढ़ता है वह अपने जीवन में जरूर कामयाब होगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं हमारा हर युवा अच्छी कंपनियों में कार्य करें और आत्मनिर्भर भारत के सपने में अपनी भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा आईटीआई को हर क्षेत्र में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

इस दौरान राई औद्योगिक एसोसिएशन से दमनजीत सिंह, नवीन सचदेवा ने भी बच्चों को जीवन में आगे बढ? के तौर तरीकों के बारे में बताते हुए उन्हें प्रेरित किया। अप्रेंटिसशिप एवं प्लसमेन्ट अधिकारी मेजर संजय श्योराण ने बताया कि इस रोजगार मेले में जय भारत मारूती खरखौदा, गुरू रामदास बॉडी बिल्डर सोनीपत, अर्जुन इम्पैक्स सोनीपत, जेएसजी इनोटेक सोनीपत, रिब्बल इन्टरनेशनल सोनीपत, सत्यम पोलिकनाईट राई, एके इन्टरनेशनल, विमलेश इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, गुरूना ऑटोमोबाईल, डेनब्लॉक बहालगढ़, लारस मेडिकेयर, तथा ऑटो लिफ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड इत्यादि प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 600 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से लगभग 450 छात्रों का अप्रैटिसशिप तथा प्लेसमेंट के लिए चयन किया गया। मेले को सफल बनाने के लिए जिले के सभी आईटीआई के अप्रैटिसशिप अनुदेशक तथा वर्ग अनुदेशकों का सहयोग रहा। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा आईटीआई प्रांगण में पौधारोपण करते हुए युवाओं को ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।

# ऋषि चैतन्य आश्रम में संपन्न हुआ ग्रीष्मकालीन युवा शिविर 2025

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**

जीटी रोड स्थित षि चैतन्य आश्रम में आयोजित पांच दिवसीय ग्रीष्मकालीन युवा शिविर उत्साह और सकारात्मकता के साथ संपन्न हुआ। शिविर में भारत सहित नेपाल, कनाडा, यूके और म्यांमार से 14 से 24 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 500 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर का संचालन आनंदमूर्ति गुरुमां के सान्निध्य में हुआ, जिनके मार्गदर्शन ने युवाओं को एक आध्यात्मिक और



रूपांतरित करने वाला अनुभव प्रदान किया। शिविर में युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए आध्यात्मिक, शारीरिक और रचनात्मक गतिविधिया हुई। प्रत्येक दिन सुबह साढे पांच बजे आरती के साथ आरंभ हुआ, जिसके बाद योग और प्राणायाम के सत्र के आयोजन हुए। सत्संग, ध्यान और गुरुमां के साथ संवादात्मक सत्रों से प्रतिभागियों को गहराई से आत्मचिंतन और व्यावहारिक जीवन कौशलों की समझ प्राप्त हुई। शिविर के दौरान कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने विशेष व्याख्यान दिए, जिनसे युवाओं को प्रेरणा और नई दिशा मिली।

साथ ही भांगड़ा, आत्म-सुरक्षा, बेकिंग, यूट्यूब कंटेंट क्रिएशन, आटोमेशन और डाई जैसी कार्यशालाओं ने उनकी रचनात्मकता को नए आयाम दिए।

# 'चौधरी ब्रह्म प्रकाश की अमिट विरासत आने वाली पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी'









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि चौधरी ब्रह्म प्रकाश का दूरदर्शी नेतृत्व और उनकी अमर विरासत सदैव प्रेरणा स्त्रोत बनी रहेगी। उन्होंने यह वक्तव्य दिल्ली विधानसभा परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान, दिल्ली के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी की 107वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहे।

इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में अध्यक्ष गुप्ता के अलावा उपाध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, लोक निर्माण एवं विधायी कार्य मंत्री परवेश साहिब सिंह, समाज कल्याण, अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, सहकारिता एवं निर्वाचन मंत्री इन्द्राज सिंह, नगर निगम के उपमहापौर जय भगवान यादव तथा मुख्य सचेतक अभय वर्मा, बादली विधानसभा क्षेत्र से विधायक अहीर दीपक चौधरी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी के जीवन से जुड़ी दुर्लभ और ऐतिहासिक




झलकियों की एक विशेष फोटो प्रदर्शनी भी विधानसभा परिसर में लगाई गई। अपने संबोधन में अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश के योगदान को याद करते हुए कहा कि 15 मार्च 1979 को तत्कालीन नेता स्व. साहिब सिंह वर्मा द्वारा दिल्ली विधानसभा परिसर में चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी की प्रतिमा की स्थापना की गई थी। जिसमें पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि स्व. साहिब सिंह वर्मा स्वयं चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी से गहराई से प्रभावित थे और उन्हें अपना राजनीतिक मार्गदर्शक मानते थे। लोक निर्माण एवं विधायी कार्य मंत्री परवेश साहिब सिंह ने कहा कि चौधरी ब्रह्म प्रकाश जी ने संसद में सदर और बाहरी दिल्ली क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और बाद में चौधरी चरण सिंह के साथ भी कार्य किया। समाज कल्याण मंत्री इन्द्राज सिंह ने चौधरी ब्रह्म प्रकाश के आजीवन समर्पण को याद करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा वंचितों और कमजोर वर्गों के हित में कार्य किया और सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दी, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है। मुख्य सचेतक अभय वर्मा ने कहा कि जिन विभूतियों ने दिल्ली



की लोकतांत्रिक पहचान को गढ़ा है, उन्हें याद रखना और उनकी स्मृति को जीवंत रखना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर पूर्व सांसद डीपी यादव, अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, चिरंजीलाल यादव, इंजीनियर अनिल यादव, अगस्त्य चौधरी, भाजपा नेता अनिल यादव, यदुवंशी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष मनीष यादव, जितेन्द्र सैनी, अभय यादव, साहिल यादव, रविन्द्र यादव, बबलू यादव, रिन्टू कुमार, चौधरी साहब के परिवार के लोग सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।





# मॉडल टाउन एम ब्लॉक में आरडब्ल्यूए और पार्षद द्वारा हाउस टैक्स कैंप का हुआ सफल आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** मॉडल टाउन के एम ब्लॉक में रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा दिल्ली नगर निगम के सहयोग से एक विशाल हाउस टैक्स कैंप का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को उनके घर के पास ही हाउस टैक्स जमा करने और उससे संबंधित समस्याओं के निवारण की सुविधा प्रदान करना था, जिसे निवासियों से शानदार प्रतिक्रिया मिली और लगभग 150 के करीब लोगों ने अपना हाउस टैक्स का भुगतान एवं हाउस टैक्स संबंधी जानकारी हासिल की। इस शिविर का आयोजन एम ब्लॉक आरडब्ल्यूए के अथक प्रयासों



और स्थानीय निगम पार्षद के विशेष सहयोग से संभव हो पाया। शिविर में स्थानीय पार्षद नेहा अग्रवाल स्वयं उपस्थित रहीं और उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लोगों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना। उनके साथ आम आदमी पार्टी के मॉडल टाउन मंडल अध्यक्ष मनप्रीत सिंह ने भी कैंप में शिरकत की और आयोजन को सफल बनाने में पूरा सहयोग दिया। एम ब्लॉक आरडब्ल्यूए के



सम्मानित पदाधिकारी, जिनमें अजय गुप्ता, ललित शर्मा, सुमित शर्मा, राम निवास गुप्ता, विनोद चौरसिया, जितेंद्र मंडलीय, राकेश गोयल, प्रेम गौड़, प्रवीण गुप्ता, अर्चना गोस्वामी और विनोद मंगल शामिल थे। सांवरमल और अजय गुप्ता (एम-25) ने कैंप की व्यवस्था और संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आरडब्ल्यूए की टीम ने यह सुनिश्चित किया कि कैंप में आने



वाले प्रत्येक निवासी को उचित मार्गदर्शन और सहायता मिले, जिससे वे आसानी से अपना टैक्स जमा कर सकें।

इस अवसर पर निगम पार्षद नेहा अग्रवाल ने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि सरकारी सुविधाएं सीधे जनता के द्वार तक पहुंचें। एम ब्लॉक आरडब्ल्यूए का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है और निवासियों की भागीदारी देखकर हमें खुशी हुई। हम भविष्य में भी क्षेत्र के विकास और निवासियों की सुविधा के लिए इस तरह के कैंप आयोजित करते रहेंगे। आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने संयुक्त बयान में कहा कि हम अपने स्थानीय पार्षद और एमसीडी के अधिकारियों के बहुत आभारी हैं, जिन्होंने हमारे अनुरोध पर इस कैंप को संभव बनाया।

इस सफल आयोजन से हमारा उत्साह बढ़ा है और हम आगे भी अपने क्षेत्र की बेहतरी के लिए काम करते रहेंगे। कैंप में सुबह से ही निवासियों की भारी भीड़ देखी गई। लोगों ने इस पहल की बहुत सराहना की क्योंकि इससे उन्हें एमसीडी कार्यालय के चक्कर काटने से राहत मिली और उनका कीमती समय भी बचा।

# रक्तदान न केवल जीवन बचाता है, बल्कि यह मानवता की सच्ची सेवा का भी प्रतीक है: गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: नरेला के** युवा समाजसेवी और व्यापार मंडल रेलवे रोड़ नरेला के महासचिव मोहित गुप्ता ने कहा कि हम सभी रक्तदाताओं को सलाम करें जो अपनी निःस्वार्थ भावना से अनमोल जिंदगियां बचाते हैं। रक्तदान एक ऐसा कार्य है जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि यह मानवता की सच्ची सेवा का भी प्रतीक है। रक्तदान करने से हम न केवल किसी की जिंदगी बचा सकते हैं, बल्कि यह हमारे समाज को भी एकजुट और सहानुभूतिपूर्ण बनाता है। आइए हम सभी रक्तदान के महत्व को



समझें और अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान महादान होता है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान करने से शरीर में किसी भी प्रकार की कमजोरी नहीं आती है, इसलिए सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि रक्तदान के महत्व का हमें तब पता चलता है कि जब कोई हमारा अपना रक्त की कमी से जूझ रहा होता है और समय पर रक्त नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं सभी से कहना चाहता हूं कि सभी रक्तदान अवश्य ही करें। क्योंकि आपके द्वारा किये गये रक्तदान से किसी को जीवन दान अवश्य ही मिल सकता है। इसलिए सभी इस पुण्य के कार्य में हिस्सा लें।

# डेरावाल नगर में लगाया गया मेडिकल कैंप, विधायक भी रहे मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मोदी सरकार** के कार्यकाल 11 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में दिल्ली की तमाम विधानसभाओं और मंडलों में अलग-अलग कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे है, इसी कड़ी में मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित डेरावाल नगर में फ्री मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रवीण खंडेलवाल के सौजन्य से किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक अशोक गोयल देवराहा, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष अरविंद गर्ग, केशव पुरम जोन चेयरमैन विकेश सेठी,




चांदनी चौक विधानसभा संयोजक हरीश असडी, संगम पार्क वार्ड से निगम पार्षद सुशील जौंटी, तीनों मंडलों के अध्यक्ष शेफाली मनचंदा, अभिषेक गुप्ता, सनी जेडिया विशेष रूप से स्थापित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद गर्ग ने कहा कि मोदी सरकार के11 साल बेमिसाल कार्यक्रम पूरे जिले में हर विधानसभा में संपन्न हो चुके हैं, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इस कैंप के माध्यम से



विधानसभा में लगभग 2000 लोगों को चश्मा और कान की मशीन मुफ्त वितरित की गई है, जिसका सारा श्रेय हमारे सांसद प्रवीण जी को ही जाता है जिनके सौजन्य से कैंप का आयोजन करवाया गया है। इसके साथ ही हरीश असडी ने कहा कि भाजपा सरकार के यह 11 साल स्वर्ण अमृतकाल के रूप में साबित हुआ है तथा इस दौरान भारत ने काफी प्रगति के साथ ही कई नए कीर्तिमान भी हांसिल किए है।

# मुकुंदपुर वार्ड: जनता की सहुलियत के लिए राठौर ने जहांगीरपुरी की गलियों का किया उद्घाटन







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद और सिविल लाइन जोन चेयरमैन गुलाब सिंह राठौर ने अपने क्षेत्र के जहांगीरपुरी की गलियों का उद्घाटन किया। इस दौरान उनके साथ पूर्व चेयरमैन रामकिशन बंसीवाल, पूर्व निगम प्रत्याशी इंद्र सिंह, मुकुंदपुर वार्ड से मंडल अध्यक्ष विक्रम कश्यप, पूर्व मंडल अध्यक्ष सुमित तोमर सहित भाजपा के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे। इस दौरान गुलाब सिंह राठौर ने बताया कि जहांगीरपुरी क्षेत्र स्थित डी ब्लॉक और ई ब्लॉक की 6 गलियों का क्षेत्रीय निवासियों द्वारा नारियल तोड़कर उद्घाटन करवाया गया। जिसमें ई-1286 से ई-1360 दूसरी डी-1286 से डी-1360 तीसरी डी-551 से डी-600 वाली गलियों का उद्घाटन किया गया है। इस मौके पर गुलाब सिंह राठौर ने कहा कि पिछले साल ईई ब्लॉक की 12 गलियों का उद्घाटन कर जनता को सौंपा गया था। राठौर ने कहा मेरा काम सदैव ही जनता के लिए समर्पित है और मैं सदैव ही अपने क्षेत्र की जनता के हितों को लेकर काम करता हूं और हमेशा ही उनके लिए काम करता रहूंगा।

# एमएलसी 2025: टेक्सास सुपर किंग्स ने लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स को हराया



**डलास।** टेक्सास सुपर किंग्स (टीएसके) ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए सोमवार (भारतीय समयानुसार) लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (एलएकेआर) को बड़े अंतर से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद टीएसके ने एक बार फिर लगभग वही स्कोर खड़ा किया जो उन्होंने पिछले मुकाबले में किया था और अंततः बाजी अपने नाम की। इस बार बल्लेबाजी में किसी एक खिलाड़ी का बड़ा योगदान नहीं रहा, बल्कि संयुक्त प्रयास देखने को मिला। टीम के असली हीरो गेंदबाजी में नजर आए – एक बार फिर एडम मिल्ने और युवा स्पिनर नूर अहमद चमके। छअङफकी ओर से पहली उल्लेखनीय साझेदारी एलेक्स हेल्स (17 गेंद में 25 रन) और उन्मुक्त चंद (23 गेंद में 22 रन) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई, जिन्होंने 27 रन जोड़े। हालांकि रन गति बेहद धीमी रही। इसके बाद उन्मुक्त चंद ने मैथ्यू ट्रॉम्प (12 गेंद में 23 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, लेकिन फिर भी टीम को जरूरी रफ्तार नहीं मिल सकी। एडम मिल्ने ने शुरूआत में आंद्रे फ्लेचर को आउट कर पहली सफलता दिलाई और अंत में तनवीर सांगा को आउट कर छअङफकी पारी समेट दी। मिल्ने ने 3.1 ओवर में केवल 8 रन देकर 2 विकेट झटके। वहीं नूर अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, मैथ्यू ट्रॉम्प और नितीश कुमार को आउट कर 25 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए टीएसके की शुरूआत अच्छी रही। टॉप ऑर्डर में डेवोन कॉनवे (22 गेंद में 34 रन) और साइटेजा मुक्कामल्ला (22 गेंद में 31 रन) ने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के जल्दी आउट होने के बाद पारी को संभाला। इन दोनों ने सिर्फ 5.1 ओवर में 57 रन जोड़े। आठ ओवर के बाद स्कोर 74/1 था और टीम मजबूत स्थिति में दिख रही थी। इसके बाद डेरिल मिचेल (33 गेंद में नाबाद 36 रन), शुभम रंजन (19 गेंद में 24 रन) और डोनोवन फेरेरा (16 गेंद में नाबाद 32 रन) ने पारी को मजबूत अंजाम दिया। खासकर फेरेरा ने 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाकर मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया। ट्रॉम्प भी छअङफकी ओर से 191.66 की स्ट्राइक रेट से खेले, लेकिन उन्हें कोई सहयोग नहीं मिला। टेक्सास सुपर किंग्स ने टूनार्मेंट में अब तक दो में से दो मैच जीतकर अंक तालिका में अपनी स्थिति और मजबूत कर ली है।

**संक्षिप्त स्कोर:**
टेक्सास सुपर किंग्स 181/4 (मिचेल 36*, कॉनवे 34, फेरेरा 32*, मुक्कामल्ला 31; सांगा 2/32)
लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स 124 ऑलआउट (वैन शाल्कवाइक 27; नूर 4/25, मिल्ने 2/8, विएग 2/25)
टेक्सास सुपर किंग्स ने 57 रन से जीत दर्ज की

## खेल और सचिन के सहारे दंतेवाड़ा से दूर होगा नक्सलवाद, नक्सल प्रभावित क्षेत्र में बनेंगे 50 खेल मैदान



**नई दिल्ली :** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन और स्थानीय प्रशासन ने मिलकर ऐसी अनोखी पहले शुरू की है, जिससे छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा पर लगा नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र का ठप्पा जल्द बीते दिनों की बात होगी। स्थानीय प्रशासन ने सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के साथ मिलकर मैदान कप की शुरूआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत के मुताबिक इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक 50 मैदान के लक्ष्य को हासिल कर लिया जाएगा। बीते वर्ष राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने बताया कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था। उन्होंने कहा, 'इसी तर्ज पर हमने सचिन फाउंडेशन और मान देशी फाउंडेशन के सहयोग से युवाओं को खेल के मैदान उपलब्ध कराने के लिए मैदान कप शुरू करने का फैसला किया। दुदावत ने बताया कि पहले चरण में 50 गांवों में मैदान विकसित किए जाएंगे।' दुदावत के मुताबिक 13 विभिन्न खेलों की सुविधाओं के साथ 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं जिनमें रनिंग ट्रैक, गोला फेंक, भाला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद, वॉल क्लाइंबिंग शामिल हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन स्वयं भी खेल के मैदानों का निर्माण कर सकता था, लेकिन विचार यह था कि युवाओं और बच्चों को आकर्षित करने के लिए समुदाय और तेंदुलकर जैसी प्रतिष्ठित हस्तियों को इसमें शामिल किया जाए। दुदावत ने कहा, लंबे समय में हम चाहते हैं कि अगले सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा और पीटी उषा बस्तर से आएं।

## दो बच्चों की मां मारिया क्वींस क्लब टेनिस चैंपियन, डुप्लांटिस ने अपना विश्व रिकॉर्ड फिर तोड़ा



**लंदन :** दो बच्चों की मां और बतौर क्वालिफायर टूनार्मेंट में खेलने वाली जर्मनी की 37 वर्षीय तात्याना मारिया ने प्रेरणा दायक प्रदर्शन करते हुए क्वींस क्लब टेनिस टूनार्मेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने फाइनल में अमेरिका की अमांडा एनिसिमोवा को 6–3, 6–4 से पराजित किया। उन्होंने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता अमेरिका की मेडिसन कीज को 6–3, 7–6 से हराया था। मारिया बीते पांच वर्ष में किसी टूनार्मेंट का खिताब जीतने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। इससे पहले 2020 में सेरेना विलियम्स ने 38 वर्ष की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक का खिताब जीता था। विंबलडन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर चुकीं विश्व नंबर 86 मारिया का इस टूनार्मेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में पूर्व विंबलडन विजेता चौथी वरीय एलीना रिबाकीना, तीसरे दौर में छठी वरीय कैरोलिन मुचोवा को पराजित किया। मारिया ने कहा कि वह इस खेल से प्यार करती हैं। वह इन क्षणों के लिए ही जी रही हैं। एनिसिमोवा ने कहा कि उनका परिवार बहुत प्यारा है। वह उनके बच्चों को हर जगह आते देखती हैं। स्टॉकहोम। दो बार के ओलंपिक विजेता स्वीडन के मोंडो डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोलवॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड तोड़ा। उन्होंने रविवार को अपने घरेलू दर्शकों के बीच स्टॉकहोम डायमंड लीग में 6.28 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए नया विश्व कीर्तिमान बनाया। 25 वर्षीय डुप्लांटिस ने इस वर्ष फरवरी में ऑल स्टार पर्शे मीट में बनाए गए अपने ही विश्व रिकॉर्ड 6.27 मीटर को पीछे छोड़ा। उन्होंने 1912 के ओलंपिक स्टेडियम में पहली बार अपने देश में विश्व रिकॉर्ड को तोड़ा।

## जॉनसन का कमिंस–स्टार्क और हेजलवुड–लियोन पर निशाना

**सिडनी :** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023–25 फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद देश के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने अपने देश के शीर्ष चार गेंदबाजों पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कप्तान पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और नाथन लियोन पर ही हार का ठीकरा फोड़ा है। खासतौर पर हेजलवुड पर निशाना साधते हुए जॉनसन ने कहा कि डब्ल्यूटीसी फाइनल की बजाय आईपीएल को प्राथमिकता देने के लिए लोग उनकी प्रतिबद्धता पर सवाल उठाएंगे। यह पहली बार नहीं है जब जॉनसन किसी ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पर सवाल उठाए हैं। इससे पहले वह डेविड वॉर्नर पर भी निशाना साध चुके हैं। हेजलवुड उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के कारण आईपीएल के स्थगित होने के बाद दोबारा शुरू होने पर भारत लौटने का फैसला किया था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर पहली बार इस खिताब को जीता। हेजलवुड ने आईपीएल सत्र में 22 विकेट लिए। उन्होंने फाइनल में पंजाब के आक्रामक सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य को चलता किया। आरसीबी की जीत के बाद उन्होंने उन लोगों पर निशाना साधा था।

## महिला विश्व कप 2025: भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख तय, जानें वेन्यू और पूरा शेड्यूल


**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। टूनार्मेंट की शुरूआत 30 सितंबर को होगी, जहां मेजबान भारत की टीम बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगी। इस प्रतिष्ठित टूनार्मेंट का राउंड-रॉबिन चरण 26 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले 29 और 30 अक्टूबर को खेले जाएंगे। टूनार्मेंट का फाइनल 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा।

**भारत बनाम पाकिस्तान:** बहुप्रतीक्षित मुकाबला 5 अक्टूबर को महिला विश्व कप 2025 के ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह मैच श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच अब तक 11 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं और सभी में भारत ने जीत दर्ज की है। पिछली भिड़ंत 2022 विश्व कप में माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड) में हुई थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया था।

**सेमीफाइनल और फाइनल का प्रारूप:** राउंड-रॉबिन चरण के बाद अंक तालिका की शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पहले स्थान पर रहने वाली टीम चौथे स्थान की टीम से, जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीमें आमने-सामने होंगी।

महिला क्रिकेट प्रेमियों के लिए यह टूनार्मेंट रोमांच और प्रतिस्पर्धा से भरपूर रहने की उम्मीद है, खासकर भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उत्साह चरम पर है।

## हायरॉक्स इंडिया ने 2025-26 सीजन का पूरा कैलेंडर जारी किया, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में होंगी रेस





**नई दिल्ली।** दुनिया भर में मशहूर फिटनेस रेस हायरॉक्स ने भारत के लिए 202526 सीजन (जुलाई 2025 से जून 2026) का अपना पूरा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस ऐलान के साथ भारत में हायरॉक्स की पहली पूर्ण सीजन की शुरूआत हो रही है, जो देश में फिटनेस संस्कृति को एक नई पहचान देने जा रही है। मुंबई में इस साल की शुरूआत में सफल डेब्यू के बाद अब हायरॉक्स इंडिया तीन प्रमुख शहरों में अपने कार्यक्रम आयोजित करेगा, जो इस प्रकार है।
दिल्ली-19 जुलाई 2025
मुंबई - 7 सितंबर 2025
बेंगलुरु - 11 अप्रैल 2026
यह भारत में हायरॉक्स का पहला फुल-सीजन होगा, जो देश में इसके दीर्घकालिक विकास और व्यापक क्षेत्रीय भागीदारी की नींव रखेगा। हायरॉक्स इंडिया के प्रमुख दीपक राज ने कहा, "यह भारत का हायरॉक्स सीजन है। हम एक मल्टी-सिटी कैलेंडर के साथ देशभर में लौट रहे हैं, जो हर कोने के फिटनेस प्रेमियों को आमंत्रित करता है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, हम एक ऐसी फिटनेस कम्युनिटी बना रहे हैं जो प्रतिस्पर्धात्मक भी है और समावेशी भी।" हायरॉक्स एक अनूठा फिटनेस इवेंट है, जिसमें प्रतिभागियों को 8 बार झ्र 1 किलोमीटर की दौड़ और 1 वर्कआउट स्टेशन से गुजरना होता है। यह फॉर्मेट इस तरह से डिजाइन किया गया है कि इसमें पेशेवर एथलीट से लेकर आम फिटनेस प्रेमी तक हर कोई भाग ले सकता है। यही कारण है कि इसे "हर किसी के लिए खेल" कहा जाता है। भारत में हायरॉक्स की एंट्री ऐसे समय हो रही है जब देश में फिटनेस के प्रति उत्साह बढ़ रहा है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के खिलाफ झोंकेगी पूरा दमखम

**लंदन।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करीबी हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 (महिला) के लंदन चरण में वर्ल्ड नंबर 2 अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है। दोनों टीमें 17 और 18 जून को ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर लंदन में आमने-सामने होंगी। एफआईएच प्रो लीग (महिला) अंक तालिका में भारत इस समय 9 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है, जबकि अर्जेंटीना 12 में से 7 मुकाबले जीतकर दूसरे स्थान पर काबिज है। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने आगामी मुकाबलों को लेकर एक बयान में कहा, ह्लअर्जेंटीना दुनिया की नंबर 2 टीम है और उनका अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। हम जानते हैं कि उन्हें हराना आसान नहीं होगा, लेकिन हम पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे और दोनों मुकाबलों में अपना शत-प्रतिशत देंगे। टीम ने अर्जेंटीना को टक्कर देने के लिए कई रणनीतियों पर काम किया है। उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, ह्लजैसा कि आपने देखा, टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी कड़ी टक्कर दी थी और हम वही रवैया अर्जेंटीना के खिलाफ भी दिखाएंगे। उनके खिलाफ जीत से न सिर्फ अंक मिलेंगे, बल्कि बेल्जियम और चीन के खिलाफ एंटवर्प व बर्लिन में होने वाले मुकाबलों से पहले टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। भारतीय महिला टीम अर्जेंटीना के खिलाफ पहला मुकाबला 17 जून को और दूसरा 18 जून को खेलेगी। दोनों मुकाबले लंदन के ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर में होंगे।

## फीफा क्लब विश्व कप में पीएसजी की धमाकेदार शुरूआत, एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया



**पैसाडेना (लॉस एंजेलिस)।** हाल ही में चैंपियंस लीग जीतने वाली पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फीफा क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में स्पेनिश क्लब एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला रविवार को रोज बाउल स्टेडियम में खेला गया, जहां फ्रांसीसी क्लब ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा। गर्म और धूप भरे माहौल में खेले गए इस मैच में पीएसजी को अपने दो अहम खिलाड़ी – उस्मान डेम्बेले और ब्रैडली बारकोला – की कमी खलने नहीं दी। शुरूआत से ही पीएसजी ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और 19वें मिनट में फाबियन रूइज ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी। पहले हाफ में एटलेटिको की ओर से एकमात्र स्पष्ट मौका एंटोइन ग्रिजमैन के पास आया, लेकिन उनका शॉट सीधे डोनारुमा के हाथों में गया। इसी मौके से पीएसजी ने तेज काउंटर अटैक किया और विटिन्हा ने 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ की शुरूआत में एटलेटिको ने कोके को मैदान में उतारा, लेकिन इससे टीम की रफ्तार में कोई खास बदलाव नहीं आया। ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने बार को निशाना बनाया और एटलेटिको के डिफेंडर्स पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के 57वें मिनट में जूलियन अल्वारेज ने गोल किया, लेकिन फाउल की वजह से उसे अमान्य कर दिया गया। इसके बाद एटलेटिको को और झटका तब लगा जब डिफेंडर क्लेमेंट लेंग्ले को दो पीले कार्ड के चलते बाहर कर दिया गया। 87वें मिनट में सब्स्टीट्यूट सैनी मायूलू ने तीसरा गोल दागा, वहीं इंजरी टाइम में कांग-इन ली ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। यह पेनल्टी रॉबिन ले नोर्मांड द्वारा हैंडबॉल करने पर मिली थी। मैच के बाद पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने कहा, "यह सीजन हमारे लिए इतिहास रचने का मौका है।

## इंग्लैंड की धरती पर भारत को टेस्ट मैच जिताने वाले कितने कप्तान?

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड दौरे पर है, जहां उन्हें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। भारत-इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज का आगाज 20 जून से होना है, जो कि 4 अगस्त तक चलेगा। मेहमान टीम की कप्तानी शुभमन गिल के पास हैं, जिन्हें रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट से रिटायरमेंट लेने के बाद रेड बॉल फॉर्मेट का कप्तान बनाया गया।

**टेस्ट सीरीज**

**भारतीय क्रिकेट टीम मौजूदा समय में इंग्लैंड दौरे पर है, जहां उन्हें पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है**

वहीं, ऋषभ पंत को उनका डिप्टी बनाया गया। यह पहली बार होगा जब भारतीय टीम रोहित-विराट के बिना खेलने उतरेगी। इन दोनों के अलावा आर अश्विन, जिन्होंने इसी साल की शुरूआत में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, उनके बगैर टीम इंडिया मैच खेलने उतरेगी।

इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज में शुभमन गिल के आगे चुनौती होगी, क्योंकि साल 2007 से टीम इंडिया अभी तक एक बार भी इंग्लैंड में टेस्ट नहीं जीती हैं।

## आर्मंड डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



## अर्जुन बाबूटा ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लॉन्च पर कहा, अब इस खेल को मिलेगा उसका हकदार



**नई** दिल्ली। शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की पहली सीजन की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और देश के निशानेबाज इस अनोखे कॉन्सेप्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा शुरू की जा रही इस लीग का उद्देश्य शूटिंग स्पोर्ट की बढ़ती लोकप्रियता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हालिया सफलताओं को और मजबूती देना है। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने शूटिंग में तीन पदक जीतकर इतिहास रचा था और हाल ही में अर्जुन बाबूटा और आर्या बोर्से की जोड़ी ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की निरंतर श्रेष्ठता को दोहराया। ओलंपियन अर्जुन बाबूटा का मानना है कि यह लीग इस खेल की दिशा और दशा दोनों को बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा, ह्लहर कोई इस लीग को लेकर बहुत उम्मीदें रखता है। हमारे मन में जितनी कल्पनाएं चल रही हैं, उतनी शायद किसी अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट को लेकर नहीं हुईं। मेरा मानना है कि इस तरह की लीग से खेल को हर स्तर पर बढ़ावा मिलेगा और यह अपने हकदार पहचान तक पहुंचेगा। अब हम बस इसके अगले कदमों का इंतजार कर रहे हैं। अपने शांत स्वभाव और अनुशासन के लिए पहचाने जाने वाले अर्जुन ने एक आधिकारिक बयान में आगे कहा, ह्लमैं हमेशा कार्य पर ध्यान देने में विश्वास करता हूं, परिणाम की अपेक्षा नहीं करता। मैं शूटिंग का आनंद लेता हूं और मेरा ध्यान उसी पर रहता है। अगर कोई व्यक्ति किसी विशेष सोच से खुद को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर सकता है, तो वह भी अच्छा है।

**हालांकि शूटिंग मुख्यत:** व्यक्तिगत खेल है, लेकिन यह फ्रेंचाइजी आधारित लीग खिलाड़ियों को टीम माहौल में खेलने का मौका देगी। अर्जुन बाबूटा इस फॉर्मेट से पहले ही परिचित हैं, क्योंकि वह जर्मनी की प्रतिष्ठित शूटिंग बुंदेसलीगा में एक क्लब के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने बताया, ह्लमैं जर्मनी की टीम लीग का हिस्सा रह चुका हूं और वहां के सिस्टम से परिचित हूं। टीम का हिस्सा बनना एक अलग अनुभव होता है झ्र यह रोमांचक होता है, दबाव भी कम होता है और खेल का आनंद भी आता है। दर्शकों के लिए भी यह फॉर्मेट बेहद मनोरंजक साबित होगा।

आईएसएसएफ द्वारा इस लीग के आयोजन के लिए 20 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। लीग में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजिशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) के मिक्स्ड टीम इवेंट्स होंगे, जिन्हें एनएआरआई की तकनीकी समिति से मंजूरी मिल चुकी है।

बाबूटा को विश्वास है कि इस लीग से खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धात्मक मानसिकता मजबूत होगी और आम जनता को भी खिलाड़ियों की सोच और संघर्षों को समझने का अवसर मिलेगा।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 17 जून 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# गीडा को सीएम योगी के हाथों मिलेगी 1551 करोड़ की सौगात

**गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप प्लास्टिक पार्क में होगा 760 करोड रुपये के निजी निवेश वाली इकाइयों का लोकार्पण एवं शिलान्यास, प्लास्टिक पार्क में बनेगा केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी**

**सेवायोजन**

- जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** औद्योगिक नक्शे पर तेजी से उभर रहे गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में 1551 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं लोकार्पण और शिलान्यास के लिए तैयार हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों इन विकास परियोजनाओं की सौगात मिलने की उम्मीद है। लोकार्पण और शिलान्यास की इन परियोजनाओं में गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के समीप 760 करोड़ रुपये के निवेश के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट भी शामिल हैं। इसके साथ ही लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे प्लास्टिक पार्क में ही केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीक संस्थान (सीपेट) का स्किल ट्रेनिंग सेंटर और सीएफसी (कामन फसिलिटी सेंटर) का शिलान्यास भी प्रस्तावित है।

**उत्तर प्रदेश का यह पहला प्लास्टिक पार्क होगा:** केंद्र सरकार के रसायन एवं पेट्रो-केमिकल्स विभाग ने प्लास्टिक के विश्व व्यापार में भारत की साझेदारी को बढ़ाने एवं क्लस्टर विकास के माध्यम से प्लास्टिक पार्क योजना विकसित की है। इस योजना के तहत देश भर में 10 प्लास्टिक पार्कों को केंद्र सरकार द्वारा मंजूरी पार्क गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के किनारे गीडा द्वारा अधिग्रहित ग्राम नरकटहा की 88 एकड़ भूमि पर बसाया जा रहा है। गीडा में केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत प्लास्टिक पार्क परियोजना की कुल लागत 69.58 करोड़ रुपये है, जिसमें लागत का 25 प्रतिशत अनुदान केंद्र सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। गीडा में विकसित हो रहे इस परियोजना में 92 प्लास्टिक उत्पाद की इकाइयों हेतु विभिन्न क्षेत्रफल के आवंटन हेतु उपलब्ध भूखंडों में से करीब पांच दर्जन भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है। उद्यमियों के रुझान एवं दो वर्षों में ही आवंटन के दृष्टिगत यह भारत की सर्वाधिक सफल प्लास्टिक पार्क परियोजनाओं में से एक सिद्ध हुआ है। गीडा के प्लास्टिक पार्क में कई यूनिट्स में उत्पादन भी शुरू हो की तीन इकाइयों का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी के हाथों से प्रस्तावित है। इसमें प्लास्टिक पैकेंजिंग की प्रमुख कंपनी टेक्नोप्लास्ट पैकेंजिंग प्राइवेट लिमिटेड है। इस कंपनी ने 96 करोड़ रुपये के निवेश से 250 लोगों को रोजगार दिया है। इसके अलावा ओम फ्लैक्स इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड ने 17 करोड़ रुपये के निवेश से 50 को रोजगार तथा 7 करोड़ रुपये के निवेश से 25 लोगों को रोजगार देने वाली कंपनी गजानन पॉलीप्लास्ट का भी लोकार्पण होना है। गीडा के सेक्टर-27 में तीन निजी कंपनियों एपीएल अपोलो ट्यूब्स लिमिटेड, ग्रीनटेक भारत प्राइवेट लिमिटेड (एसएलएमजी ग्रुप) और कपिला कृषि उद्योग को भूमि आवंटित की गयी है।

### आवासीय योजना के तहत आवंटन पत्र का वितरण भी प्रस्तावित

*गीडा के सेक्टर 11 में 400 करोड़ रुपये की कालेसर आवासीय योजना के आवंटन पत्र का औपचारिक वितरण भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में होने वाले कार्यक्रम में प्रस्तावित है। 110 एकड़ भूमि में विकसित इस योजना में प्रकाशित 242 भूखंडों के सापेक्ष कुल 496 आवेदन प्राप्त हुए, जिसका आवंटन, ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया गया है। इस आवासीय परियोजना से गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण को लगभग 48.27 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित हुआ है।*

# सीएम योगी ने 11690 आश्रित परिवारों के लिए जारी किए 561.86 करोड़



**टीम एक्शन इंडिया**

**अंबेडकर नगर:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत सोमवार को 11690 आश्रित परिवारों के लिए 561.86 करोड़ रुपये जारी किए। अंबेडकर नगर में मुख्यमंत्री स्वयं मौजूद रहे, जबकि यूपी की सभी 350 तहसीलों में मंत्री-जनप्रतिनिधियों ने किसानों के आश्रितों को सहायता उपलब्ध कराई।

किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक या किसान के परिवार से भी कोई आपदा का शिकार हुआ तो साथ खड़ी है सरकार मुख्यमंत्री ने इस वर्ष में अब तक आपदा के शिकार हुए अन्नदाता किसानों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार किसानों के हितों के संरक्षण के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ तैयार है। मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत इस वर्ष में अभी तक 11690 परिवारों को धनराशि दी गई है। अभी पूरा वर्ष बाकी है, लेकिन पैसे की कमी नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था से पहले केवल किसान आता था, बटाईदार और किसान के परिवार के सदस्य नहीं आते थे, लेकिन हमारी सरकार ने कहा कि किसान, बटाईदार, कृषि श्रमिक व किसान के परिवार का कोई व्यक्ति अग्निकांड, आंधी-तूफान, आकाशीय बिजली, बाढ़ समेत किसी भी आपदा का शिकार होता है तो सरकार मुख्यमंत्री कृषक बीमा दुर्घटना योजना के अंतर्गत पांच लाख रुपये की सहायता राशि देकर उस परिवार को आच्छादित करेगी।

### 2020-21 में 500 करोड़, 2025-26 में 1050 करोड़ हुए जारी

*मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना 14 सितंबर 2019 से लागू हुई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2020-21 में 500 करोड़ रुपये से 11275 आश्रितों को यह राशि दी गई। 2021-22 में 600 करोड़ से 13645, 2022-23 में 650 करोड़ से 15231 परिवारों को सहायता दी गई। 2023-24 में 950 करोड़ से 23821, 2024-25 में 1000 करोड़ उपलब्ध कराए गए, जिससे 25575 लाभार्थियों को सहायता प्राप्त हुई। 2025-26 में यह राशि बढ़कर 1050 करोड़ हुई, जिससे 11690 आश्रितों को लाभ दिया जा रहा है।*

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 15 आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये का दिया प्रतीकात्मक चेक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंबेडकर नगर में 15 आश्रितों को पांच लाख रुपये का प्रतीकात्मक चेक दिया। यह राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे खाते में भेजी गई।*

# मुख्यमंत्री से नीट-2025 टॉपर महेश कुमार ने की भेंट



**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले महेश कुमार, जिन्होंने नीट-2025 परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने महेश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महेश कुमार ने न केवल अपने परिवार और जिले का, बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने महेश की मेहनत और समर्पण को प्रेरणादायक बताया और प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों से भी इसी तरह लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की अपील की। इस अवसर पर महेश कुमार के माता-पिता भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री ने उन्हें भी बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके संस्कारों और सहयोग का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि महेश कुमार ने नीट-2025 में सर्वोच्च रैंक हासिल कर पूरे देश में राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

# सिकल सेल रोग, जांच, उपचार के विभिन्न आयामों पर विचार किया

**संकल्प**

- मोदी के महत्वाकांक्षी संकल्प सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के संबंध में चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल से छत्तीसगढ़ में सिकल सेल उन्मूलन क्षेत्र के अनुभवी चिकित्सक डॉ. ए.आर. डल्ला ने सोमवार को सौजन्य भेंट की। उन्होंने सिकल सेल रोग, जांच, उपचार और प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर पारस्परिक रूप से विचार विनिमय किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महत्वाकांक्षी संकल्प सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन 2047 के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बताया कि राजभवन में मुख्यमंत्री, मंत्री परिषद् के सदस्यों और सिकल सेल रोग के विशेषज्ञों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा कर मिशन का गठन किया गया। मध्यप्रदेश में सिकल सेल उन्मूलन मिशन का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने शुभारंभ किया है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने बताया कि मध्यप्रदेश में प्रचुर मात्रा में वनौषधि की उपलब्धता है। इस तथ्य के परिप्रेक्ष्य में सिकल सेल नियंत्रण प्रयासों में आयुष औषधियों की उपयोगिता के परीक्षण का प्रयास भी किया जा रहा है। प्रयास है कि जनजाति समुदाय को जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से आयुष दवाएं कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाईयां उपलब्ध हो। प्रदेश में तीव्र गति से चल रहे सिकल सेल स्क्रीनिंग कार्य, निःशुल्क जाँचे, रक्ताधान, औषधि वितरण आदि कार्यों की जानकारी दी।

राज्यपाल पटेल ने बताया कि राजभवन द्वारा प्रदेश के समस्त रेडक्रॉस जिला ईकाइयों को सिकल सेल जाँच, उपचार और आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई गई है।

# नीतीश ने पुनपुन परियोजना का किया लोकार्पण



**विकास कार्य**

- निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया।

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना जिला के भूपतिपुर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत 1105 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड/एटग्रेड पथांश का लोकार्पण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पथ के निर्माण से गयाजी, जहानाबाद, अरवल, औरंगाबाद और राजगीर जाने में लोगों को सुविधा होगी। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में यह एलिवेटेड सड़क काफी उपयोगी होगी। इस एलिवेटेड सड़क के शुरू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहनेवाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत होगी एवं आवागमन में समय की बचत होगी। मुख्यमंत्री लौटने के क्रम में सिपारा के पास रुके। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर आकर मिलेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस बचे हुये कार्य को दो माह में पूर्ण करें।सिपारा से महुली एलिवेटेड पथ पर जाने के लिए भूपतिपुर के पास बने रैंप से होकर लोग अब सफर कर सकेंगे।

# पीएम मोदी को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलना भारतीयों के लिए गर्व का विषय: मुख्यमंत्री



**अभिनंदन**

- प्रधानमंत्री को साइप्रस का सर्वोच्च सम्मान मिलने पर मुख्यमंत्री ने किया अभिनंदन

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस द्वारा साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान "ग्रांड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ माकारिओस थर्ड" से सम्मानित किए जाने पर हार्दिक अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को साइप्रस के सर्वोच्च सम्मान से सम्मानित किया जाना 140 करोड़ भारतीयों के लिए गर्व एवं स्वाभिमान का विषय है। यह विश्व मित्र भारत का सम्मान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अमूल्य एवं अभूतपूर्व उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों की ओर से भी प्रधानमंत्री मोदी का हार्दिक अभिनंदन किया है।

## हत्या के मामले में दोषियों को 10-10 साल की सजा

**जौनपुर।** 19 साल पुराने एक हत्या के मामले में सोमवार को अदालत ने अहम फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय रूपाली सक्सेना ने चार दोषियों को 10-10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक पर 12,200 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। मामला मुंगरा बादशाहपुर थाना क्षेत्र के डिहई का पूरा लौह गांव का है। 12 अक्टूबर 2006 को सुबह 10:30 बजे जमीनी विवाद को लेकर प्रेम शंकर, रामाशंकर, जितेंद्र और राम अकबाल ने जटाशंकर पांडेय पर हमला कर दिया।

**खगोल विज्ञान** तारामंडल, वीडियो शो और टेलीस्कोप की सहायता से खगोलीय पिंडों का अवलोकन शामिल

# दर्शक दीर्घा का स्वरूप आकाशगंगा के आकार से प्रेरित



**टीम एक्शन इंडिया**

**नैनीताल।** स्थानीय एरीज यानी आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान में शोधरत विद्यार्थियों के लिए कृतिका नक्षत्र के नाम पर छात्रावास व जनसामान्य व विद्यार्थियों के लिए विज्ञान और खगोल विज्ञान को और अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से आकाश गंगा दर्शक दीर्घा की स्थापना की गई है। इसरो के पूर्व अध्यक्ष व अंतरिक्ष आयोग के सदस्य, एरीज की संचालन परिषद के अध्यक्ष एएस किरण कुमार ने सोमवार को एरीज के मनोरा परिसर में कृतिका नामक नव निर्मित छात्रावास और आकाश गंगा दर्शक दीर्घा का लोकार्पण किया। एरीज के निदेशक डॉ. मनीष कुमार नाजा ने बताया कि दर्शक दीर्घा का स्वरूप हमारी आकाशगंगा के आकार से प्रेरित है। इस दर्शक दीर्घा में पोस्टर, वैज्ञानिक उपकरण, मॉडल, वैज्ञानिक खिलौने और शैक्षिक सामग्री प्रदर्शित की गई है, जिनके माध्यम से आगंतुकों को खगोल एवं वायुमंडलीय विज्ञान की जानकारी सहज रूप से प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान तिरुवनंतपुरम के कुलपति एवं एरीज के पूर्व निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी, टीआईएफआर मुंबई के निदेशक प्रो. जयराम चेंगलूर, उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद देहरादून के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत भी उपस्थित रहे। लोकार्पण के बाद एरीज की संचालन परिषद की छमाही बैठक भी आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता एएस किरण कुमार ने की। पब्लिक आउटरीच इकाई के प्रभारी मोहित जोशी ने बताया कि एरीज परिसर में पूर्व से ही आम नागरिकों और विद्यार्थियों के लिए ब्रह्मांडीय दर्शन की सुविधाएं मौजूद हैं, जिनमें तारामंडल, वीडियो शो और टेलीस्कोप की सहायता से खगोलीय पिंडों का अवलोकन शामिल है।

